हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 11

खेल
## सुनील नरेन की डबल सेंचुरी! आईपीएल इतिहास में ऐसा करने वाले बने पहले विदेशी...

Page 09

देश
## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर बोले राजनाथ सिंह, दुनिया ने देखी भारत की सैन्य ताकत

कृष्ण पक्ष, मूल, विक्रम संवत् 2083
• औरंगाबाद • मंगलवार • 05 मई 2026 • वर्ष 28 • अंक 152 • पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 2.00

### सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,38,350 | ₹ 2,65,000 |



### आज का इतिहास

**1930 :** महात्मा गांधी को 5 मई को गिरफ्तार किया गया था और साबरमती आश्रम से दांडी तक उनके दांडी मार्च के मुकदमे के बिना जेल में डाल दिया गया था, जहां उन्होंने ब्रिटिश साम्राज्य के नमक कानूनों को तोड़ दिया था। बड़ी संख्या में भारतीय पहली बार उसके साथ शामिल हुए और 1,00,000 से अधिक लोगों को साल के अंत से पहले जेल में डाल दिया गया।

**1949 :** झारखंड पार्टी की स्थापना रांची में एक सम्मेलन में भारत में हुई थी।

मौसम ने ली अचानक करवट, पटना समेत बिहार के कई जिलों में आंधी-बारिश का कहर

# छह बच्चों समेत नौ की मौत ठनका से कई घर भी जले

निज संवाददाता | पटना

बिहार में सोमवार को मौसम ने अचानक करवट ली और राजधानी पटना समेत राज्य के कई जिलों में तेज आंधी के साथ भारी बारिश हुई। प्रदेश के करीब 16 जिलों में वर्षा दर्ज की गई, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। पटना में दोपहर के समय ही आसमान में घने काले बादल छा गए और लगभग 3:45 बजे दिन में ही अंधेरा जैसा माहौल हो गया। तेज हवाओं के कारण कई जगहों पर सामान बिखर गए और अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो गई। तेज आंधी का असर पटना एयरपोर्ट पर भी देखने को मिला, जहां बाहर लगे टाइल्स टूटकर गिर गए। इस दौरान यात्रियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा और कई लोग भीगते हुए एयरपोर्ट परिसर में आते-जाते नजर आए। पटना के अलावा नौबतपुर और बिहटा क्षेत्रों में भी जोरदार बारिश हुई, जिससे कई जगहों पर जलजमाव की स्थिति बन गई। सड़कों पर पानी भर जाने से यातायात प्रभावित हुआ। मौसम विभाग के अनुसार राजधानी में करीब 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। विभाग ने पूरे बिहार के लिए बारिश का अलर्ट जारी किया है, जिसमें 15 जिलों के लिए रेड अलर्ट और 19 जिलों के लिए यलो अलर्ट घोषित किया गया है। साथ ही कई क्षेत्रों में आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका जताई गई है। मौसम में आए इस बदलाव के कारण तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। जहां पहले तापमान 34 से 38 डिग्री सेल्सियस के बीच था, वहीं पटना का अधिकतम तापमान घटकर लगभग 29 डिग्री सेल्सियस रह गया है।

विशेषज्ञों के अनुसार, इस तरह के मौसम के पीछे प्री-मानसून गतिविधियां प्रमुख कारण हैं। बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी भरी हवाएं, पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव और स्थानीय स्तर पर तापमान व नमी के टकराव के कारण तेजी से बादल बन रहे हैं, जिससे आंधी, बारिश और गरज-चमक की स्थिति उत्पन्न हो रही है।



#### आसमान से बरसी आफत ने नौ लोगों की छीनी जिन्दगी

बिहार में मौसम ने अपना ऐसा भयानक रुख अख्तियार किया कि भारी मात्रा में जानमाल का नुकसान हुआ। लगभग पूरे बिहार में आसमान में काले और घने बादल उमड़ने से दिन में ही रात जैसा अंधेरा छा गया। अबतक मिली जानकारी के मुताबिक आसमान से बरसी आफत ने नौ लोगों की जिन्दगी छीन ली जिनमें छह बच्चे शामिल हैं। इनमें गया जी में तीन, मोतिहारी में पांच और वैशाली से एक व्यक्ति की मौत की जानकारी मिली है। मोतिहारी में ताड़ के पेड़ पर ठनका गिर गया। पेड़ में आग लग गई जिसकी चपेट में आने से आधा दर्जन से अधिक झोपड़ियां जलकर राख हो गईं। इसमें तीन साल की एक बच्ची जिंदा जलकर मर गई और एक बच्चा झुलसकर जख्मी हो गया।

## सड़क हादसा : दुल्हन के पिता समेत पांच लोगों की मौत, इलाके में मातम

- सभी मृतक आपस में रिश्तेदार बताए जा रहे हैं
- बस से उतरकर सड़क पार करने के दौरान दुर्घटना

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)



रोहतास जिले के दिनारा थाना क्षेत्र अंतर्गत मठिया गांव के समीप एक भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस दर्दनाक घटना से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतकों में एक व्यक्ति करगहर प्रखंड के भगवानपुर का निवासी बताया जा रहा है, जबकि अन्य चार मृतक मठिया गांव के रहने वाले थे। सभी आपस में रिश्तेदार थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सभी लोग चेनारी थाना क्षेत्र के लोधी गांव में आयोजित तिलक समारोह में शामिल होकर बस से अपने गांव मठिया लौट रहे थे। बस से उतरने के बाद जैसे ही वे सड़क पार करने लगे, उसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार कंटेनर ट्रक ने पहले एक पिकअप वैन को टक्कर मारी और फिर बस से टकराते हुए सड़क पार कर रहे लोगों को कुचल दिया। हादसा इतना भीषण था कि पांचों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

मृतकों में शादी होने वाली लड़की के पिता अशोक सिंह भी शामिल हैं। इसके अलावा पिंटू सिंह, रजनीश सिंह और करगहर प्रखंड के भगवानपुर निवासी रामव्रत सिंह की भी इस हादसे में जान चली गई। एक अन्य मृतक की पहचान स्थानीय निवासी के रूप में की गई है। घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और शादी की खुशियां देखते ही देखते मातम में बदल गईं। सूचना मिलते ही दिनारा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और सभी शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

### गंगा पर बना 6 लेन ब्रिज लगभग तैयार, जल्द शुरू होगा आवागमन

**पटना(नि.सं.)।** बिहार में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि सामने आई है। गंगा नदी पर निर्माणाधीन कच्ची दरगाह–बिदुपुर 6-लेन पुल का कार्य अब अंतिम चरण में पहुंच चुका है और इसे जल्द ही आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा। इस पुल के चालू होते ही उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच संपर्क और अधिक सुदृढ़ हो जाएगा। यह महत्वाकांक्षी परियोजना राजधानी पटना को सीधे हाजीपुर और आगे समस्तीपुर से जोड़ने का काम करेगी। पुल के माध्यम से राष्ट्रीय उच्च पथ-31 से सीधा कनेक्टिविटी स्थापित होगी, जिससे लंबी दूरी तय करने वाले वाहनों को बड़ी राहत मिलेगी।

### न्यूज बाइट्स

#### बिहार के प्रथम प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**पटना (नि.सं.)** । बिहार प्रांत के प्रथम प्रधानमंत्री (स्वतंत्रता पूर्व मुख्यमंत्री का पदनाम) मोहम्मद यूनुस की जयंती के अवसर पर आज पटना के ऐतिहासिक श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। उपमुख्यमंत्री ने मोहम्मद यूनुस के योगदान को याद करते हुए कहा कि बिहार के विकास और संसदीय परंपराओं की नींव रखने में उनकी भूमिका अविस्मरणीय है। श्रद्धांजलि सभा में उपमुख्यमंत्री के साथ बिहार सरकार के पूर्व मंत्री और वरिष्ठ नेता राम कृपाल यादव भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सामाजिक और राजनीतिक जगत के कई प्रमुख चेहरों ने शिरकत की, जिनमें राज्य नागरिक परिषद के महासचिव अरविंद कुमार उर्फ छोटू सिंह, आयोग के पूर्व सदस्य शिव शंकर निषाद और आशिष कुमार मुख्य रूप से शामिल थे।

#### विक्रमशिला पुल का 34 मीटर स्लैब गंगा में गिरा

**पटना (नि.सं.)** । बिहार के भागलपुर में 4.7 किमी लंबे विक्रमशिला सेतु का 34 मीटर हिस्सा रविवार देर रात गंगा में गिर गया। राहत की बात रही कि प्रशासन ने पहले ही ट्रैफिक रोक दिया था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। इस घटना से सीमांचल समेत करीब 16 जिलों की कनेक्टिविटी प्रभावित हुई है और रोजाना करीब 1 लाख लोगों के आवागमन पर असर पड़ा है। पिछले 10 साल में इस पुल की तीन बार मरम्मत हो चुकी है, और हाल ही में मार्च 2026 में भी रिपेयर वर्क हुआ था।

## आंगनबाड़ी के 59 लाख से अधिक बच्चों का बना हेल्थ कार्ड, मुफ्त इलाज की सुविधा

निज संवाददाता | पटना




राज्य सरकार द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में पंजीकृत बच्चों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत अब तक 59 लाख से अधिक बच्चों का हेल्थ कार्ड तैयार किया जा चुका है। सरकार की इस पहल के अंतर्गत प्रत्येक बच्चे की समुचित स्वास्थ्य जांच कर उसकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा रही है। हेल्थ कार्ड में बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण जानकारी दर्ज की जा रही है, जिससे उनके उपचार और निगरानी में सुविधा हो सके। इस हेल्थ कार्ड के माध्यम से बच्चों को मेडिकल कॉलेज अस्पतालों, सरकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) तथा जिला एवं प्रखंड स्तर के अस्पतालों में मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

सरकार का मानना है कि इस पहल से बच्चों के स्वास्थ्य की नियमित निगरानी संभव होगी और समय पर इलाज मिलने से कुपोषण एवं अन्य बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकेगा। यह अभियान बच्चों के समग्र विकास और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में सरकार बनाने की स्थिति में भाजपा

## भाजपा मुख्यालय पहुंचे पीएम, कहा-गंगोत्री से गंगासागर तक कमल ही कमल



एजेंसी | नई दिल्ली

पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों के नतीजों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए तीन राज्यों—पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी—में सरकार बनाने की स्थिति में पहुंच गई है। इस जीत के बाद दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में जश्न का माहौल है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए इसे "ऐतिहासिक और अभूतपूर्व दिन बताया। उन्होंने कहा कि वर्षों की साधना जब सिद्धि में बदलती है, तो जो खुशी होती है, वही आज देशभर के कार्यकर्ताओं के चेहरों पर दिखाई दे रही है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में प्रतीकात्मक रूप से भाजपा के विस्तार को गंगा नदी से जोड़ते हुए कहा कि पिछले वर्ष 14 नवंबर को उन्होंने यहीं से कहा था कि गंगा जी बिहार से आगे बढ़ते हुए गंगासागर तक जाती हैं।

#### यह भरोसे और उज्जवल भविष्य का दिन

प्रधानमंत्री ने इसे देश के उज्जवल भविष्य का संकेत बताते हुए कहा कि यह दिन कई मायनों में खास है। उन्होंने कहा कि यह भारत के महान लोकतंत्र पर भरोसे का दिन है, परफॉर्मेंस की राजनीति पर विश्वास का दिन है और "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" की भावना को मजबूत करने वाला दिन है।

उन्होंने कहा कि आज पश्चिम बंगाल में जीत के साथ "गंगोत्री से लेकर गंगासागर तक कमल ही कमल खिल गया है। मोदी ने आगे कहा कि उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार और अब पश्चिम बंगाल—इन सभी गंगा तटवर्ती राज्यों में भाजपा या एनडीए की सरकार है, जो पार्टी के बढ़ते जनसमर्थन का प्रमाण है। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी को भी श्रद्धांजलि दी। न्होंने कहा कि 1951 में जनसंघ की स्थापना कर डॉ. मुखर्जी ने कार्यकर्ताओं को देश के लिए जीने और मरने का संदेश दिया था। मोदी ने कहा कि बंगाल को भारत का अभिन्न हिस्सा बनाए रखने के लिए डॉ. मुखर्जी ने जो संघर्ष किया, आज की जीत निश्चित रूप से उनकी आत्मा को शांति देने वाली है।

## दूसरे दिन शांतिपूर्ण रही इंटर-मैट्रिक की विशेष-कंपार्टमेंटल परीक्षा

**पटना(नि.सं.)।** राज्य के सभी परीक्षा केंद्रों पर सोमवार को इंटर-मैट्रिक की विशेष एवं कंपार्टमेंटल परीक्षा दूसरे दिन भी शांतिपूर्ण रही। सुबह से ही परीक्षा केंद्रों के आसपास गहमागहमी रही। सोमवार को इंटर विशेष एवं कंपार्टमेंटल परीक्षा के दौरान सुबह साढ़े नौ बजे से दोपहर 12.45 बजे तक भौतिकी, उद्यमिता एवं मनोविज्ञान विषय की परीक्षाएं हुईं। द्वितीय पाली में विज्ञान संकाय के परीक्षार्थियों के लिए कृषि, कला संकाय के लिए संगीत और वोकेशनल के परीक्षार्थियों के लिए हिन्दी विषय की परीक्षा दोपहर दो बजे से सवा पांच बजे तक हुई। इंटरमीडिएट विशेष एवं कंपार्टमेंटल परीक्षा में मंगलवार को प्रथम पाली में विज्ञान, वाणिज्य एवं कला संकाय के परीक्षार्थियों के लिए अंग्रेजी विषय की परीक्षा होगी।

## लालू परिवार को राबड़ी आवास खाली करने का अल्टीमेटम, सरकार ने दिया 15 दिन का समय

निज संवाददाता | पटना

पटना से बिहार की राजनीति से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आ रही है। सूत्रों के हवाले से जानकारी मिली है कि राज्य सरकार ने लालू परिवार को 10 सर्कुलर रोड स्थित सरकारी आवास खाली करने के लिए 15 दिनों का अल्टीमेटम दिया है। बताया जा रहा है कि इस संबंध में पहले ही 25 नवंबर 2025 को आवास खाली करने का आदेश जारी किया गया था, लेकिन अब तक लालू परिवार की ओर से बंगला खाली नहीं किया गया। ऐसे में सरकार ने दोबारा सख्त रुख अपनाते हुए अंतिम चेतावनी जारी की है। 10 सर्कुलर रोड स्थित यह आवास, जिसे "राबड़ी आवास" के नाम से जाना जाता है, में वर्तमान में लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव निवास करते हैं।

सूत्रों के अनुसार भवन निर्माण विभाग द्वारा राबड़ी देवी के अलावा चुनाव हार चुके कुछ पूर्व विधायकों को भी सरकारी आवास खाली करने का नोटिस भेजा गया है। विभाग के अधिकारियों ने इस मामले में कार्रवाई तेज कर दी है। हालांकि, इस पूरे प्रकरण में अब तक सरकार या संबंधित विभाग की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

#### 20 वर्षों बाद खाली कराने की कार्रवाई



गौरतलब है कि लगभग 20 वर्षों से अधिक समय से यह सरकारी आवास लालू परिवार के पास है। बिहार भवन निर्माण विभाग ने 25 नवंबर 2025 को राबड़ी देवी को पहला नोटिस जारी करते हुए आवास खाली करने का निर्देश दिया था। विभाग द्वारा जारी आदेश में यह भी कहा गया था कि बिहार विधान परिषद के आवासन के लिए पटना के हार्डिंग रोड स्थित आवास संख्या 39 को वैकल्पिक रूप से आवंटित किया गया है। अब ताजा घटनाक्रम में 15 दिनों का अल्टीमेटम दिए जाने की खबर से राज्य की सियासत एक बार फिर गरमा गई है। आने वाले दिनों में इस मुद्दे पर राजनीतिक बयानबाजी और तेज होने की संभावना है।

## बिहार पुलिस को जून में मिलेंगे 22 हजार नए सिपाही

**पटना(नि.सं.)।** बिहार में कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा रहा है। बिहार पुलिस को आगामी जून माह में करीब 22 हजार नए सिपाही मिलने वाले हैं। इनकी तैनाती से न केवल विधि-व्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि आपातकालीन सेवा डायल-112 की कार्यक्षमता में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। पिछले करीब नौ माह से चल रहा इन सिपाहियों का प्रशिक्षण मई के अंत तक पूरा हो जाएगा। इसके बाद जून में भव्य पासिंग आउट परेड आयोजित की जाएगी। प्रशिक्षण पूरा करने के बाद जून के अंत तक इन सभी नवप्रशिक्षित सिपाहियों को संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षकों (एसपी) को सौंप दिया जाएगा।

पूर्व उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने जीत को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि बताया

## बंगाल में 'संतुष्टिकरण' की जीत, 'तुष्टिकरण' को मिली करारी शिकस्त

निज संवाददाता | पटना



बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय कुमार सिन्हा ने पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों के चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा की जीत को ऐतिहासिक करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह परिणाम अहंकार, आतंक और अत्याचार के खिलाफ जनता के आक्रोश की अभिव्यक्ति है। विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि यह जीत सनातन मूल्यों, सुशासन और विकास के प्रति जनता के गहरे विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने इसे एक लंबे वैचारिक संघर्ष का परिणाम बताते हुए कहा कि संगठन के निरंतर प्रयासों और कार्यकर्ताओं के त्याग एवं बलिदान के कारण ही यह सफलता मिली है। उन्होंने इस जीत को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि बताया। उनके अनुसार, पश्चिम बंगाल की जनता ने "वोट की चोट" से तुष्टिकरण की राजनीति करने वालों को करारा जवाब दिया है और संतुष्टिकरण के पक्ष में स्पष्ट जनादेश दिया है। बंगाल की राजनीतिक पृष्ठभूमि पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य पिछले करीब पांच दशकों से राजनीतिक दुष्चक्र में फंसा हुआ था। पहले 34 वर्षों तक वामपंथी शासन और उसके बाद लगभग 15 वर्षों तक तृणमूल कांग्रेस के शासन ने राज्य को विकास की दौड़ में पीछे धकेला। उन्होंने दावा किया कि अब जनता ने निडर होकर सुशासन और विकास के पक्ष में मतदान किया है। असम के चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि वहां की जनता ने लगातार तीसरी बार भाजपा को जनादेश देकर विकास की निरंतरता को समर्थन दिया है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और राज्य सरकार के कार्यों पर जनता के भरोसे का प्रमाण है।

अंत में उन्होंने कहा कि इन चुनाव परिणामों का देश की राजनीति पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा। आने वाले समय में नीति आधारित राजनीति और सुशासन के प्रति जनता की स्वीकृति और बढ़ेगी।

BAYC Institute स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) MD (TM) | MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES


डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।


डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर कदवा प्रखंड कार्यालय के सभागार में जन-जागरूकता अभियान आयोजित जनप्रतिनिधियों को दिया गया प्रशिक्षण




**कटिहार।** कटिहार में आगामी 09 मई 2026 को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज को कदवा प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में प्रखंड के जनप्रतिनिधियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण में कदवा प्रखंड के प्रमुख मंटू रविदास, मोहम्मद पुर पंचायत के मुखिया अशोक मेहता,बलिया बेलौन पंचायत के मुखिया मेराज आलम,बेली जलालपुर के मुखिया प्रतिनिधि मो.नाहिद आलम, उनासोपचगाछी के सरपंच मो. अबरार हुसैन, उप-सरपंच, ग्राम कचहरी न्यायमित्र एवं सचिव शामिल हुए। प्रशिक्षण के दौरान राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से समझौता योग्य वादों के त्वरित निष्पादन की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में अवर न्यायाधीश-सह-सचिव कमलेश सिंह देउ, चीफ लीगल एंड डिफेंस काउंसिल विजय श्रीवास्तव तथा डिप्टी चीफ लीगल एंड डिफेंस काउंसिल देव कुमार झा, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी ने प्रतिभागियों को विस्तार से प्रशिक्षण दिया। अवर न्यायाधीश-सह-सचिव कमलेश सिंह देउ ने कहा कि आगामी 09 मई 2026 को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा जन-जागरूकता अभियान चलाया गया।अवर न्यायाधीश-सह-सचिव कमलेश सिंह देउ ने कहा कि पंचायत में किसी भी तरह का जो भी मामले लंबित हैं। ऐसे लंबित मामलों में दोनों पक्षों के बीच समझौता कर मामले का निष्पादन करायें। वहीं, अन्य प्रखंडों में भी चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण आयोजित किये। वहीं,मनिहारी, अमदाबाद में 2 मई, बारसोई व बलरामपुर में 4 मई तथा कदवा व आजमनगर में भी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### असम में भी भाजपा की जीत और पुड्डुचेरी में एनडीए की जीत स्वागतयोग्य



**कटिहार/पटना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व पश्चिम बंगाल भाजपा के प्रभारी मंगल पाण्डेय ने कहा है कि पश्चिम बंगाल की शानदार व ऐतिहासिक जीत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी,भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नबीन,देश के गृहमंत्री अमित शाह के कुशल नेतृत्व और भाजपा के लाखों समर्पित कार्यकर्ताओं की जीत हैं। उन्होंने बंगाल की जनता के प्रति आभार जताया है। जिन्होंने टीएमसी के भय की जगह मोदी पर भरोसा कर शानदार जनादेश दिया है। असम में भाजपा और पुड्डुचेरी में एनडीए की जीत का भी उन्होंने स्वागत किया है। श्री पांडेय ने कहा कि जैसे ही पश्चिम बंगाल इस बार लोकतंत्र का डंडा चला और हिंसा का खेल थमा, तो टीएमसी की नींदें उड़ गईं क्योंकि बिना ''बूथ कैप्चरिंग'' और आतंक के इनका अस्तित्व ही खतरे में पड़ गया। एसआईआर से वोटों की गिनती तक को लेकर टीएमसी ने जिस तरह से हंगामा किया। उससे यह साफ हो गया था कि वह पूरी तरह से हताश व निराश है। श्री पाण्डेय ने कहा कि हार के खौफ ने टीएमसी के नेताओं के मानसिक संतुलन को इस कदर झकझोर दिया था कि उनके बयानों में दूसरे चरण के मतदान के बाद से ही केवल हताशा और अनर्गल प्रलाप ही दिख रहा था। उन्होंने कहा कि बंगाल के रण में टीएमसी का अहंकार अब इतिहास बन चुका है। कट मनी सिंडिकेट, हफ्ता वसूली, गुंडागर्दी, महिलाओं के उत्पीड़न,तुष्टिकरण और चुनावी रंजिश में हिंसा से बंगाल मुक्त हुआ है। बंगाल की जीत जनसंघ के संस्थापक स्व.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

### बहु की हत्या के आरोप में ससुर गिरफ्तार, पति फरार चाकू बरामद

**कटेया/गोपालगंज।** गोपालगंज जिले के कटेया थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक महिला की निर्मम हत्या कर दी गई। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी महिला के ससुर को गिरफ्तार कर लिया हैजबकि पति अभी फरार है । साथ ही घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 3 मई 2026 को कटेया थाना को सूचना मिली कि ग्राम अमही बांके में एक महिला की हत्या कर दी गई है। सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी हथुआ एवं कटेया थाना अध्यक्ष मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम को बुलाया गया, जिसने वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य एकत्र किए। जांच के दौरान घटना में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया गया। मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, गोपालगंज भेजा गया। पुलिस ने इस संबंध में कटेया थाना कांड संख्या 241/26 दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी मुंशी मियां उर्फ हनीफ मियां को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी पति की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। फिलहाल क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति सामान्य बताई जा रही है। इस घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है, वहीं पुलिस की त्वरित कार्रवाई से लोगों में सुरक्षा का भरोसा भी बढ़ा है।

# पांच हजार के लिए बहू को गला दबाकर हत्या, पति, सास समेत पांच पर केस दर्ज

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता


थाना परिसर के बाहर खड़े परिजन

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र के धमनी पंचायत अंतर्गत डुमरकोल गांव में रविवार रात पांच हजार रुपए के लिए एक विवाहिता की गला दबाकर हत्या कर दी गई। मृतका के भाई की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत ससुराल के पांच लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। आरोपी वारदात के बाद घर छोड़कर फरार हैं। मृतका की पहचान डुमरकोल गांव निवासी रोहित कुमार की पत्नी खुशी कुमारी के रूप में हुई है। खुशी अपने पीछे डेढ़ साल की बेटी छोड़ गई है। सोमवार को थाना परिसर के बाहर मृतका के पिता गया जिले के टनकुप्पा गांव निवासी अजय सिंह समेत परिजनों ने बताया कि खुशी की शादी वर्ष 2023 में हिंदू रीति रिवाज से सरयू सिंह के पुत्र रोहित कुमार के साथ हुई थी।

मृतका के भाई साहिल कुमार ने थाने में लिखित आवेदन देकर आरोप लगाया कि रोहित कुमार बीते कुछ दिनों से ससुराल वालों से पांच हजार रुपए मांग रहा था। रुपए देने में देरी पर वह झगड़ा करने लगा। गांव के लोगों ने समझाने की कोशिश की तो उनके साथ भी मारपीट की। रविवार शाम पैसे नहीं मिलने पर रोहित आत्महत्या की बात कहकर झगड़ा कर घर से निकल गया। पीछे से लोग उसे बचाने निकले। घर लौटने पर रोहित ने पत्नी खुशी के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि इसी दौरान ससुराल पक्ष के लोगों ने मिलकर खुशी की गला दबाकर हत्या कर दी और फरार हो गए।

साहिल कुमार ने बताया कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले लगातार पैसों की मांग करते थे। इस बार पांच हजार रुपए देने में देरी पर हत्या कर दी गई। आवेदन के आधार पर पति रोहित कुमार, ससुर सर्जुन सिंह, ननद नेहा कुमारी, देवर डब्लू कुमार और सास को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया। परिजनों के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## 55 दिन बाद रजौली अंचलाधिकारी ने किया योगदान, जनसुनवाई में सुने पांच मामले


अंचल कार्यालय में बैठे फरियादी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** रजौली अंचल कार्यालय में 55 दिनों के लंबे अंतराल के बाद अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी ने सोमवार को पुनः योगदान दिया। योगदान के साथ ही उन्होंने अंचल कार्यालय परिसर में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई के दौरान कुल पांच मामलों की सुनवाई की गई। इनमें भूमि विवाद, दाखिल खारिज और अन्य प्रशासनिक मुद्दे शामिल थे। अंचलाधिकारी ने सभी आवेदनों को विधिवत स्वीकार करते हुए संबंधित पक्षों को अगले शनिवार को उपस्थित होने का निर्देश दिया, ताकि मामलों का सुनियोजित तरीके से निष्पादन किया जा सके। लोगों ने अपनी समस्याएं सीधे अधिकारी के समक्ष रखीं, जिससे उन्हें त्वरित समाधान की उम्मीद जगी है। कई दिनों से अंचलाधिकारी के नहीं रहने से लंबित मामलों की सुनवाई नहीं हो पा रही थी। हालांकि जनसुनवाई के तुरंत बाद अंचलाधिकारी गुफरान मजहरी जिला मुख्यालय में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में शामिल होने के लिए रवाना हो गए। प्रशासन की ओर से बताया गया कि लंबित मामलों के निष्पादन को प्राथमिकता दी जाएगी। आगामी सुनवाई में ठोस निर्णय लेने का प्रयास होगा। स्थानीय लोगों ने जनसुनवाई की पुनः शुरुआत पर संतोष जताया है। लोगों ने मांग की है कि ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएं, ताकि आम जनता की समस्याओं का समय पर समाधान हो सके।

# रजौली में जनगणना कार्यों की जमीनी हकीकत परखने पहुंचे बीडीओ

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पारदर्शिता और सटीकता पर दिया जोर**


जनगणना कार्य का अवलोकन करते बीडीओ

**रजौली।** राष्ट्र के भविष्य की रूपरेखा तैयार करने वाले महत्वपूर्ण अभियान 'जनगणना-2026-27' को लेकर प्रशासनिक सक्रियता तेज हो गई है।इसी कड़ी में रजौली प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीव झा ने सोमवार को क्षेत्र का सघन दौरा कर प्रगणकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया।अमावां गांव पहुंचे बीडीओ ने न केवल फाइलों का अवलोकन किया, बल्कि मौके पर मौजूद सुपरवाइजर ललन कुमार और प्रगणकों से सीधा संवाद कर डेटा प्रविष्टि की बारीकियों को समझा। निरीक्षण के दौरान केंद्र पर नजरी नक्शा तैयार करने, घरों के नंबरकरण और परिवारों की लिस्टिंग का कार्य सुचारू रूप से चलता पाया गया, जिस पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया।

प्रखंड में इस महाभियान को त्रुटिहीन बनाने के लिए प्रशासन ने पूरी ताकत झोंक दी है। वर्तमान में रजौली प्रखंड के विभिन्न पंचायत क्षेत्रों में कुल 320 प्रगणक और 35 सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं, जो घर-घर जाकर आंकड़ों का संकलन कर रहे हैं। बीडीओ संजीव झा ने फील्ड में तैनात कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि इस कार्य में रत्ती भर भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का खेल नहीं है, बल्कि यह भविष्य की सरकारी योजनाओं और विकास के खाके का आधार है, इसलिए पारदर्शिता और समयबद्धता इस मिशन की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। भ्रमण के दौरान उन्होंने प्रगणकों को तकनीकी समस्याओं के त्वरित समाधान और स्थानीय ग्रामीणों के साथ समन्वय बनाकर सटीक जानकारी जुटाने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

# रजौली अस्पताल में टीकाकरण ड्यूटी के दौरान सोते मिले डॉक्टर और एएनएम

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**एक दिन का वेतन कटा**


ड्यूटी पर सोए चिकित्सक व एएनएम

**रजौली।** रजौली अनुमंडलीय अस्पताल में एचपीवी टीकाकरण ड्यूटी के दौरान चिकित्सक और एएनएम के सोते मिलने का मामला सामने आया है। पीएचसी प्रभारी ने लापरवाही पर कार्रवाई करते हुए दोनों का स्पष्टीकरण लेकर एक दिन का वेतन काट दिया है।जानकारी के अनुसार रजौली प्रखंड क्षेत्र में पीएचसी प्रभारी डॉ. सौरभ कुमार निराला के नेतृत्व में 14 से 15 वर्ष की किशोरियों को एचपीवी का टीका लगाया जा रहा है।

इसके लिए रोजाना विभिन्न विद्यालयों, घनी आबादी वाले क्षेत्रों और अनुमंडलीय अस्पताल में ओपीडी के समय रोस्टर के अनुसार चिकित्सकों और एएनएम की प्रतिनियुक्ति की गई है। सोमवार को अनुमंडलीय अस्पताल में प्रतिनियुक्त चिकित्सक डॉ. संजय पासवान और एएनएम अनु कुमारी ड्यूटी के दौरान सोती हुई पाई गईं। पूछे जाने पर दोनों ने कहा कि टीका लगवाने के लिए कोई किशोरी नहीं आई है, इसलिए सो रहे हैं। जबकि इनकी जिम्मेदारी ओपीडी में आने वाली प्रत्येक किशोरी को एचपीवी टीका देने की है।

इस संबंध में पीएचसी प्रभारी डॉ. सौरभ कुमार निराला ने बताया कि रोस्टर के अनुसार प्रतिनियुक्त चिकित्सक और एएनएम से स्पष्टीकरण मांगा गया है। साथ ही एक दिन के वेतन की कटौती भी की गई है। उन्होंने कहा कि टीकाकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही बरतने वाले स्वास्थ्यकर्मियों के विरुद्ध आगे भी कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# उर्वरक विक्रेताओं के लिए समेकित पोषक तत्व प्रबंधन पर पंद्रह दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**कौआकोल।** प्रखंड के सोखोदेवरा स्थित जेपी आश्रम परिसर के राजेंद्र भवन में सोमवार को उर्वरक विक्रेताओं के लिए समेकित पोषक तत्व प्रबंधन विषय पर आयोजित 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन प्रमाणपत्र वितरण के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्राम निर्माण मंडल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने कहा कि उर्वरक विक्रेताओं को केवल विक्रेता की भूमिका तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उन्हें कृषि तकनीकी सलाहकार के रूप में भी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समेकित पोषक तत्व प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों से प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान को किसानों तक पहुंचाने तथा टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने का आह्वान किया। वरीय वैज्ञानिक सह-प्रधान डॉ. जयवंत कुमार सिंह ने प्रशिक्षण के उद्देश्यों एवं उपयोगिताओं पर चर्चा करते हुए वैज्ञानिक उर्वरक प्रबंधन को खेत स्तर पर लागू करने के लिए प्रतिभागियों को प्रेरित किया।

कोर्स संचालक डॉ. शशांक शेखर ने कहा कि उर्वरक विक्रेता किसानों के लिए प्रथम संपर्क बिंदु होते हैं, इसलिए उनका तकनीकी रूप से दक्ष होना अत्यंत आवश्यक है। वहीं कोर्स कोऑर्डिनेटर डॉ. शशांक शेखर सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण में नालंदा, नवादा, गया, शेखपुरा, जमुई एवं अररिया जिलों के कुल 59 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक रविकांत चौबे, अंगद कुमार, रजत रंजन, फार्म प्रबंधक सुमिताप रंजन, कार्यक्रम सहायक अनिल कुमार तथा सहयोगी पिंटू पासवान, श्रवण कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कौआकोल।** पश्चिम बंगाल में भाजपा की प्रचंड जीत के साथ पूर्ण बहुमत की सरकार बनने तथा असम में भाजपा एवं पुडुचेरी में एनडीए सरकार की वापसी पर प्रखंड भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल देखा गया। कौआकोल पूर्वी मंडल अध्यक्ष अंकित विश्वकर्मा के नेतृत्व में एनडीए कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर एवं मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी तथा खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी ने सरकार की सफलता को देश के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया।

## काजीपरा मोड़ पर बाइक और कार की टक्कर में बाइक सवार तीन लोग गम्भीर रूप से घायल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता


दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल युवक

**नरहट (नवादा)।** हिसुआ–नरहट पथ पर सोमवार को काजीपरा मोड़ के पास एक भीषण सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा ग्लैमर बाइक और अर्टिगा कार के बीच आमने-सामने की टक्कर से हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक पर सवार युवक और दो महिलाएं सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गईं। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर जुट गए और सभी घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नरहट पहुंचाया।

अस्पताल में तैनात डॉ. विनोद कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, नवादा रेफर कर दिया।

घायलों की पहचान अबिता देवी पति उदय पासवान, सैदापुर नरहट, शोभा देवी पति सुजीत पासवान, गांधी टोला, हिसुआ नवादा और विकास कुमार पिता बच्चू पासवान, करमा गांव, फतेहपुर, गया के रूप में हुई है। शोभा देवी और विकास की स्थिति ज्यादा गम्भीर बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि तीनों आपस में रिश्तेदार हैं और नरहट में एक डॉक्टर से इलाज कराने के बाद हिसुआ लौट रहे थे। इसी दौरान काजीपरा मोड़ पर विपरीत दिशा से आ रही कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों वाहनों को जब्त कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# नारदीगंज प्रखंड के नारदीडीह में सूर्य मंदिर निर्माण के लिए किया गया भूमि पूजन

- **शिक्षाविद व समाजसेवी डॉ अनुज सिंह ने ईंट रखकर किया शिलान्यास**
- **मंदिर निर्माण में यथासंभव सहयोग का दिया भरोसा**



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

जिले के नारदीगंज प्रखंड स्थित आदर्श ग्राम नारदीडीह में बीते सोमवार को भव्य सूर्य मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस दौरान मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जिले के प्रख्यात शिक्षाविद् व समाजसेवी डॉ अनुज सिंह एवं आसपास के कई गांव के गणमान्य उपस्थित हुए। पुरोहित के रूप में गांव के पंडित धीरेंद्र पांडेय ने अनुष्ठान कराया। भूमि पूजन में मुख्य यजमान के रूप में राजाराम शर्मा थे। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सूर्य मंदिर निर्माण की नींव रखी गई। इस शुभ मौके पर शिलान्यास कार्यक्रम का शुभारंभ जिला के प्रख्यात शिक्षाविद् व समाजसेवी डॉ अनुज सिंह के हाथों किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर निर्माण को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि इस सूर्य मंदिर का निर्माण होने से क्षेत्र की आस्था और सांस्कृतिक पहचान का केंद्र बनेगा। शिलान्यास के अवसर पर उपस्थित डॉ अनुज सिंह ने भूमि पूजन के उपरांत मंदिर निर्माण की आधारशिला ईंट रखकर किया , वहीं उनके द्वारा 51,000 राशि मंदिर निर्माण कार्य में तत्काल दिया गया और आगे भी यथासंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि यह मंदिर न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होगा, बल्कि इससे क्षेत्र में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। हमारे सनातन धर्म में सूर्य देव की उपासना प्राचीन काल से ही होते आ रही है। मंदिर के निर्माण होने से श्रद्धालुओं को पूजा अर्चना के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। मंदिर के बन जाने से गांव में सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और युवाओं में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होगा। नारदीडीह गांव के समस्त ग्रामीणों के सहयोग से भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंदिर निर्माण के लिए लोग बढ़-चढ़कर सहयोग कर रहे हैं।समिति के सदस्यों ने बताया कि मंदिर निर्माण कार्य तेजी से शुरू किया जाएगा और इसे भव्य एवं आकर्षक स्वरूप दिया जाएगा, जिससे यह पूरे नारदीगंज क्षेत्र में आस्था का प्रमुख केंद्र बन सके।स्थानीय ग्रामीणों में इस पहल को लेकर खासा उत्साह देखा गया और सभी ने मिलकर मंदिर निर्माण में योगदान देने की बात कही। इस अवसर पर पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल दिख रहा था। सुबह से ही मंदिर निर्माण स्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जुटनी नहीं शुरू हो गई थी। भूमि पूजन कार्यक्रम के अवसर पर नारदीगंज प्रखंड पूर्व प्रमुख गौरीशंकर सिंह, शिक्षक प्रवीण कुमार नारदीडीह, पैक्स अध्यक्ष व्यापार मंडल विपिन कुमार, गोपाल कुमार, राजेश कुमार, मनीष कुमार ,रोहित कुमार ,शैलेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह ,अभय कुमार सहित सैंकड़ों की संख्या में स्थानीय लोगों की उपस्थिति देखने को मिली। मंदिर निर्माण समिति के सदस्यों के द्वारा डॉ अनुज के हाथों मिले सहयोग को सराहनीय बताया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

## संक्षिप्त समाचार

### मलमास मेला-2026, राजगीर जू सफारी प्रशासन ने कसी कमर, कैंपस में तैयार हो रहा है 'सुरक्षा कवच'

**हाई-टेक होगी निगरानी, पर्यटकों के लिए खास सुविधा**



**नालंदा।** आगामी मलमास मेला 2026 के सफल, सुरक्षित और सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर राजगीर जू सफारी परिसर में हाई लेवल समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जू सफारी के निदेशक राम सुन्दर एम ने की। इस मौके पर सहायक वन संरक्षक, वन क्षेत्र के पदाधिकारी, वनपाल और वनरक्षी मौजूद रहे। मीटिंग का मेन एजेंडा मेला अवधि के दौरान संभावित भीड़ का प्रबंधन और पर्यटकों के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं सुनिश्चित करना रहा। समीक्षा के दौरान निदेशक ने पर्यटकों की सुरक्षा और प्रभावी भीड़ प्रबंधन पर विशेष जोर दिया। निदेशक ने स्पष्ट निर्देश दिया कि मेले के दौरान यातायात को सुचारु रखने और स्वच्छता के साथ-साथ ठोस कचरा प्रबंधन की पुख्ता व्यवस्था की जाए। श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के लिए पेयजल की निर्बाध उपलब्धता, पार्किंग व्यवस्था में सुधार और टिकटिंग प्रणाली के सुदृढ़ीकरण पर भी विस्तार से चर्चा की गई। भीड़ के दबाव को कम करने के लिए प्रवेश, निकास द्वारों पर अतिरिक्त काउंटर स्थापित करने और समुचित बैरिकेडिंग के निर्देश दिए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाने के उद्देश्य से पूरे परिसर में सीसीटीवी निगरानी प्रणाली को और अधिक सशक्त किया जाएगा, ताकि हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा सके। इसके अतिरिक्त, बाहर से आने वाले पर्यटकों की सहायता के लिए परिसर में स्पष्ट और बहुभाषी संकेतक (साइनेज) लगाए जाएंगे और विभिन्न स्थानों पर सूचना केंद्र स्थापित किए जाएंगे। प्रशासन का प्रयास है कि मेले में आने वाले प्रत्येक आगंतुक को एक सुगम और सुरक्षित वातावरण मिल सके।

### मेडिकल स्टूडेंट समेत सॉल्वर गैंग के 3 सदस्य गिरफ्तार, नीट एग्जाम में स्कॉलर बिठाने की तैयारी में था



**नालंदा।** नालंदा पुलिस ने मेडिकल एंट्रेस NEET-UG एग्जाम में फर्जी तरीके से स्कॉलर बैठाने वाले एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में मेडिकल स्टूडेंट सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से करीब 2.95 लाख कैश, दो लग्जरी गाड़ियां और मोबाइल बरामद किए गए हैं। आरोपियों की पहचान अवधेश कुमार (31), अमन कुमार सिंह (23) और पंकज कुमार साह (25) के तौर पर हुई है। मुख्य आरोपी अवधेश कुमार मुजफ्फरपुर का रहने वाला है। विम्स(VIMS) कॉलेज में एमबीबीएस सेकंड ईयर का स्टूडेंट है। अवधेश के मोबाइल से नीट, एईओ (AEO) और बीएसएनएल (BSNL) परीक्षाओं के एडमिट कार्ड, परीक्षा से संबंधित संदिग्ध चैट और पैसों के लेनदेन के डिजिटल साक्ष्य मिले हैं। पुलिस की पूछताछ में अवधेश ने स्वीकार किया कि वह अपने दोस्त उज्जवल उर्फ राजा बाबू के साथ मिलकर नीट परीक्षा में मूल अभ्यर्थी की जगह स्कॉलर बैठाने का अवैध धंधा चलाता है। इस पूरे मामले को लेकर पावापुरी थाना में कांड दर्ज किया गया है। पुलिस अब इस गिरोह के अन्य नेटवर्क और फरार साथियों की तलाश में जुटी है। राजगीर डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने नीट एग्जाम को लेकर पुलिस टीम अलर्ट मोड पर थी। 2 मई देर रात एक टीम पावापुरी इलाके में नियमित वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक काले रंग की स्कॉर्पियो और एक ब्रेजा कार पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया, जिसे मुस्तैद बल ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। गाड़ियों की तलाशी लेने पर स्कॉर्पियो के डैश बोर्ड के नीचे छिपाकर रखे गए 2,95,000 रुपए नकद बरामद हुए। पावापुरी ओपी प्रभारी गौरव कुमार सिंह ने बताया कि इस पूरे गिरोह का मुख्य सरगना उज्ज्वल राज विम्स का 2022 बैच का एमबीबीएस छात्र है, जो मूल रूप से मुजफ्फरपुर का निवासी है। हालांकि उज्ज्वल राज फिलहाल फरार है, लेकिन पुलिस ने उसके दाहिने हाथ माने जाने वाले सहयोगी और एमबीबीएस छात्र अवधेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। अवधेश के साथ ही उज्ज्वल का ममेरा भाई अमन कुमार सिंह भी पकड़ा गया है, जो मोतिहारी का रहने वाला है। पिछले दो साल से अवैध रूप से हॉस्टल में उज्ज्वल के साथ ही रह रहा था। पुलिस जांच में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि ये छात्र सॉल्वर गैंग के माध्यम से असली अभ्यर्थियों की जगह फर्जी लोगों को परीक्षा में बैठाने का खेल खेल रहे थे। यह गिरोह राजस्थान और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों से सॉल्वर बुलाता था। एक अभ्यर्थी से 20 से 25 लाख रुपए तक वसूलता था।

**तलाश में सीबीआई की टीम पहुंची थीः** छापेमारी की भनक लगते ही मुख्य आरोपी उज्ज्वल राज हॉस्टल से भागने में सफल रहा, जिसकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। बताया जा रहा है कि उज्ज्वल के कारनामों की गूंज दिल्ली तक थी और कुछ दिन पहले सीबीआई की टीम भी उसकी तलाश में कॉलेज पहुंची थी। गिरोह ने मुजफ्फरपुर, वैशाली, जमुई और औरंगाबाद सहित कई जिलों में लगभग 10 से 12 अभ्यर्थियों के लिए सेटिंग कर रखी थी। ओपी प्रभारी ने बताया कि समय रहते गिरफ्तारी होने के कारण ये लोग फर्जी एडमिट कार्ड नहीं भेज सके, जिससे इनका मंसूबा नाकाम हो गया। पकड़े गए आरोपियों के मोबाइल से कई महत्वपूर्ण डेटा और संपर्क नंबर मिले हैं, जिसके आधार पर गिरोह के अन्य सदस्यों की पहचान की जा रही है। एक दिलचस्प तथ्य यह भी सामने आया है कि मास्टरमाइंड उज्ज्वल राज पढ़ाई में बेहद कमजोर है और पिछले तीन साल से कॉलेज में लगातार फेल हो रहा है। नियमानुसार उसे अब तक पांचवें वर्ष में होना चाहिए था, लेकिन वह अब भी सेकंड ईयर में ही अटका हुआ है।

# गयाजी में रेलवे ट्रैक से घसीटकर छात्रा से गैंगरेप शॉर्टकट से ननिहाल पहुंचने के लिए ट्रेन से उतरी थी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी।** 'देर शाम करीब 8 बज रहे थे। मेरा ननिहाल बेलागंज स्टेशन से 3 km दूर है। मुझे नियामतपुर हॉल्ट उतरना था, लेकिन चेन पुलिंग होने पर पहले ही उतर गई। जहां से नानी का घर 700 मीटर दूर है। मैं शॉर्टकट लेकर उस तरफ चल दी। रास्ते में अंधेरा था। पूरा इलाका सुनसान था। मैं किसी अनहोनी से डरकर वापस ट्रेन की तरफ लौटने लगी। तभी 3 लड़कों ने मुझे पीछे से पकड़ लिया, मेरा मुंह दबा रखा था। काफी दूर ले जाकर मेरे साथ गैंगरेप किया।' यह आपबीती गयाजी की 21 साल की बीए की छात्रा ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है। वह 1 मई की रात पटना-गया पैसेंजर से उतरी थी। 4 बदशामों ने उसके साथ गैंगरेप किया। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया है।

## 3 लड़के मुंह दबाकर उठा ले गए

छात्रा ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया, 'मैं ट्रेन से आ रही थी। किसी ने चेन पुलिंग कर ट्रेन को बेलागंज और नियामतपुर हॉल्ट के बीच रोक दिया। कुछ स्थानीय लोग ट्रेन से उतरे, मैं भी जल्द पहुंचने की लालच में उतर गई।' 'ट्रेन से उतरने वाले लोग अपने-अपने रास्ते बढ़ गए। मैं भी अपने नाना के घर की ओर चल दी। रास्ता जानती थी, लेकिन अंधेरा होने से डर लग रहा था। लौटकर ट्रेन पकड़ने आई तो बदमाशों ने पकड़ लिया। वे मुझे पटरी की दूसरी तरफ करीब 700 मीटर घसीटकर ले गए।' छात्रा ने पुलिस को बताया, 'मुझे बहुत दर्द हो रहा था। कराहती हुई किसी तरह 500 मीटर दूर पैदल चली। आसपास कोई घर नहीं था कि मदद मांगती। मैंने अपने ननिहाल फोन लगाया। मैंने पहले नहीं कहा कि मेरे साथ गैंगरेप हुआ है। बस इतना कहा कि रास्ता भटक गई हूं। इसके बाद परिजन मुझे खोजने के लिए घर से निकल पड़े।'

**घटनास्थल की हालत, इलाका इतना सुनसान कि दिन में भी कोई नजर न आएः** घटनास्थल पर भास्कर रिपोर्ट पहुंचे तो देखा जगह काफी सुनसान है। दिन होने के बाद भी वहां कोई नजर नहीं आ रहा था। चारों तरफ झाड़ियां और उसके बीच पगडंडी थी। इसी के बीच थोड़ी दूर पर रेलवे लाइन है। जहां से ट्रेन गुजरती है तो बस उसकी आवाज आती है। शुक्रवार को जब घटना हुई थी तब पुलिस ने वारदात वाली जगह की घेराबंदी कर दी थी। रविवार को वो घेराबंदी नहीं दिखी। मौके पर बस एक प्लास्टिक की बोतल पड़ी थी। रेलवे पटरी के पास जहानाबाद आरपीएफ के जवान भी मिले। बताया गया कि आरपीएफ के बड़े अधिकारी भी घटनास्थल का जायजा लेकर लौट चुके हैं।



**जहानाबाद से बेलागंज जा रही थी छात्राः** छात्रा के परिजनों ने शुक्रवार रात बेलागंज पुलिस को सूचना दी थी। बेलागंज पुलिस ने तुरंत जांच शुरू कर दी। रात में ही घटनास्थल पर गई। पीड़िता का बयान लिया। छात्रा जहानाबाद के एक गांव की है। शुक्रवार को बेलागंज के पास स्थित ननिहाल जा रही थी। रविवार को पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराया है। एफआईआर दर्ज की।

**पुलिस ने क्या किया, 5 आरोपी गिरफ्तारः** युवती के साथ गैंगरेप मामले में बेलागंज पुलिस ने 24 घंटे में सभी 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। सिटी एसपी कोटा किरण कुमार ने बताया कि 1 मई की रात गया-पटना पैसेंजर ट्रेन बेलागंज थाना क्षेत्र के नियामतपुर हॉल्ट से पहले चैन पुलिंग के कारण रुकी थी। एसपी ने बताया, 'चेन पुलिंग अपराधियों में से तीन लड़कों ने की थी। वे बेलागंज स्टेशन से पैसेंजर ट्रेन में सवार हुए थे। इसी दौरान नियामतपुर हॉल्ट उतरने वाली युवती गलतफहमी में पहले उतर गई। ट्रेन खुलने के बाद वह पैदल जा रही थी। तभी ट्रेन से उतरे तीन युवकों ने उसे पकड़ लिया और रेलवे ट्रैक के पूर्व सुनसान जगह ले जाकर अपने दो साथियों को बुलाया। इसके बाद सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया।' उन्होंने कहा, 'सूचना मिलते ही बेलागंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घटनास्थल को सुरक्षित किया गया। डॉग स्क्वायड और एफएसएल टीम ने जांच शुरू की। तकनीकी जांच और खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस ने अंकित कुमार, राहुल कुमार, अभिषेक कुमार, अमरेंद्र कुमार उर्फ मथुरा यादव और उपेंद्र कुमार उर्फ भूटा को गिरफ्तार किया।'

# गया में रामशिला पहाड़ी के नीचे मिला युवक का शव



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी।** गयाजी में रामशिला पहाड़ी के नीचे झाड़ियों में एक युवक का शव मिला है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र की है। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में मृतक के शरीर पर किसी बाहरी चोट या हिंसा के स्पष्ट निशान नहीं मिले हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि जिस स्थान पर शव मिला है, वह इलाका आमतौर पर सुनसान रहता है। पुलिस सभी संभावित पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। ताकि मौत की वजह स्पष्ट हो सके। मृतक की पहचान के लिए आसपास के थानों और जिलों में सूचना भेजी गई है। साथ ही, पुलिस स्थानीय लोगों से भी पूछताछ कर रही है। गुमशुदगी की रिपोर्टों से मिलान कर जांच को आगे बढ़ाया जाएगा। पोस्टमार्टम के बाद डेड बॉडी को 72 घंटे तक सुरक्षित रखा जाएगा।

# गयाजी में आकाशीय बिजली से 3 की मौत, आम चुनने के लिए घर से निकले थे

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी।** गयाजी में सोमवार को मौसम बदला और काले बादल छा गए। इसी दौरान आकाशीय बिजली गिरने से 3 की मौत हो गई। मृतकों में शेरघाटी के जोगापुर निवासी राजेंद्र मांझी का बेटा गौतम कुमार, संदीप कुमार और सुरेंद्र मांझी का बेटा दिलकेश कुमार है। इनकी उम्र 15 से 17 साल के बीच है। बताया गया कि ये सभी आम चुनने के लिए घर से निकले थे, इसी दौरान मौसम बदल गया और आकाशीय बिजली गिरी। तीनों गंभीर रूप से झुलस गए थे। थोड़ी दूर पर एक और बच्चा था। वो तेजी से गांव में भागा और हादसे की सूचना ग्रामीणों को दी। जब तक लोग पहुंचे तब तक तीनों की मौत हो गई थी। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवारों को तत्काल मुआवजा देने की मांग की है। गांव वालों का कहना है कि तीन घरों के बेटों की मौत हुई है, ऐसे में परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।



**गयाजी छाए थे काले बादलः** गयाजी में काले बादल से चारों तरफ दिन में ही अंधेरा छा गया। सड़कों पर वाहन की हेडलाइट जलानी पड़ी। इसी बीच बत्ती भी गुल हो गई। तेज गरज के साथ बारिश शुरू हो गई। बादल ने घेरना दक्षिण दिशा से शुरू किया था और देखते ही देखते पश्चिम की ओर चले गए। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने गया, अरवल, जहानाबाद और औरंगाबाद को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार मेघ गर्जन, वज्रपात, मध्यम बारिश और 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की प्रबल संभावना है।

**अरवल, जहानाबाद और औरंगाबाद में मौसम ज्यादा सक्रियः** अरवल के करपी, कुर्था और सोनभद्र, बंशी, सूर्यपुर इलाके, जहानाबाद के कई हिस्से और औरंगाबाद के दाउदनगर, रफीगंज, गोह व देव क्षेत्र में मौसम ज्यादा सक्रिय रह सकता है। मौसम विभाग ने साफ कहा है कि लोग बिना जरूरत घरों से बाहर न निकलें। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान पेड़ों, बिजली के खंभों और खुले मैदान से दूर रहें। किसान भी खेतों में काम करते समय सतर्कता बरतें। पक्के मकान में शरण लेने की सलाह दी गई है। गया समेत मगध के इन चार जिलों में मौसम का यह बदला रूप फिलहाल राहत से ज्यादा सतर्कता का संकेत दे रहा है।

# गोलीबारी मामले में सिपाही स्नेहा और सरकारी ड्राइवर सस्पेंड, शादी की तैयारी में थे दोनों

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी।** गयाजी में एक महिला सिपाही के प्रेम प्रसंग में दो अलग-अलग थानों के ड्राइवर के बीच हुई गोलीबारी मामले में कार्रवाई तेज हो गई है। महिला सिपाही स्नेहा और सरकारी ड्राइवर गौतम कुमार को सस्पेंड कर दिया गया है। शुरुआती जांच में विभागीय अनुशासनहीनता की बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि पहले स्नेहा की पोस्टिंग परैया थाना में थी। उसी दौरान प्राइवेट ड्राइवर नीरज कुमार से उसकी दोस्ती हुई। दोनों के बीच बातचीत बढ़ी और मामला प्रेम संबंध तक पहुंच गया। करीब डेढ़ साल पहले स्नेहा का तबादला कोतवाली थाना हो गया, लेकिन नीरज से बातचीत जारी रहा। इसी बीच कोतवाली में सरकारी ड्राइवर गौतम की एंट्री हुई। वो भी उसके करीब आ गया। जिसके बाद स्नेहा ने नीरज से दूरी बनानी शुरू कर दी। यहीं से विवाद की जड़ तैयार हुई।





**दूरी बनाने पर बढ़ी नाराजगीः** सूत्र बताते हैं कि दोनों के बीच शादी की बात अंतिम चरण में पहुंच चुकी थी। दोनों के परिवार रिश्ते को कबूल करने को राजी भी हो गए थे। नीरज को जब स्नेहा के रिश्ते की जानकारी हुई तो उसने गौतम को दूरी बनाने की चेतावनी दी थी। इसके बाद दोनों के बीच तनाव लगातार बढ़ता गया।

**रास्ते में रोककर मारी गोलीः** शनिवार की रात गौतम, शहर के कोयरीबारी स्थित स्नेहा के किराए के कमरे पर पहुंचा था। इसकी भनक नीरज को लग गई। वह परैया से रात में ही शहर पहुंचा। सुबह करीब तीन बजे सड़क पर घात लगाकर बैठ गया। जैसे ही गौतम बाइक से वहां से निकला। उसने उसे रोक लिया और सीने में गोली मार दी।

**बुलेट सीने के आर-पार हुईः** गोली लगने के बाद भी गौतम जख्मी हालत में खुद बाइक चलाकर कोतवाली पहुंच गया। उसे खून से लथपथ देख पुलिसकर्मियों के होश उड़ गए। आनन-फानन में पहले जयप्रकाश अस्पताल और फिर मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। राहत की बात रही कि गोली सीने को पार कर गई थी। अगर गोली अंदर फंस जाती तो जान पर भारी खतरा हो सकता था।

**अनुशासन पर गंभीर सवालः** घटना के बाद पुलिस ने आरोपी नीरज कुमार को परैया स्थित उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। गोली मारने के बाद घर जाकर सो गया था। उसे उम्मीद थी कि गौतम की मौत हो गई है। अब पूरे मामले में प्रेम संबंध, विभागीय मर्यादा और पुलिस अनुशासन पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। जिला पुलिस इस मामले को सिर्फ गोलीकांड नहीं, बल्कि वर्दी की गरिमा से जुड़ा मामला मानकर कार्रवाई में जुटी है।

# 334 करोड़ का रबर डैम बेअसर, फल्गु नदी सूखी



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी।** आस्था और मोक्ष की भूमि माने जाने वाले गयाजी में इन दिनों पिंडदानियों को जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। फल्गु नदी, जो धार्मिक कर्मकांडों के लिए महत्वपूर्ण है, सूखे और गंदे पानी की समस्या से जूझ रही है। विष्णुपद मंदिर और फल्गु नदी के तट पर देश-विदेश से श्रद्धालु पितृपक्ष समेत पूरे वर्ष पिंडदान के लिए आते हैं। हालांकि, इस बार उन्हें धार्मिक अनुष्ठान के लिए आवश्यक शुद्ध जल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।

स्थानीय पंडा गजाधर लाल कटियार ने इस स्थिति पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि "प्रकृति से छेड़छाड़ का परिणाम सामने है।" उन्होंने आरोप लगाया कि रबर डैम बनने के बाद फल्गु का स्वरूप बिगड़ गया है और सरकार के दावों के विपरीत, पिंडदानियों और स्थानीय लोगों को पानी के लिए तरसना पड़ रहा है।

**गर्मी शुरू होते ही डैम का पानी सूखाः** करीब 334 करोड़ रुपये की लागत से बना रबर डैम, जिसे आधुनिक तकनीक का उदाहरण बताया गया था, अब सवालों के घेरे में है। वर्ष 2022 में शुरू की गई इस परियोजना का उद्देश्य फल्गु नदी में साल भर पानी बनाए रखना था, ताकि पिंडदानियों को सुविधा मिल सके। लेकिन गर्मी शुरू होते ही डैम का पानी या तो सूख जाता है या इतना दूषित हो जाता है कि उसका उपयोग करना मुश्किल हो जाता है। डैम में जमा पानी पूजा सामग्री, फूल-पत्तियों और कचरे से दूषित हो जाता है। कई बार स्थिति इतनी खराब हो जाती है कि प्रशासन को डैम का पानी छोड़ना पड़ता है। हाल ही में अप्रैल महीने में भी पानी डाउनस्ट्रीम छोड़ दिया गया था, जिसके बाद डैम पूरी तरह सूख गया।

**तकनीकी समाधान के रूप में रबर डैम बनायाः** कहा जाता है कि माता सीता ने इसे 'अंतःसलिला' होने का श्राप दिया था। कथा के अनुसार, भगवान राम अपने पिता दशरथ का पिंडदान करने यहां आए थे। उस दौरान हुई एक घटना के बाद सीता ने फल्गु नदी को श्राप दिया, जिसके कारण यह नदी ऊपर से सूखी दिखाई देती है और इसका जल धरती के भीतर बहता है। हालांकि, आधुनिक दौर में इस पौराणिक मान्यता को चुनौती देने के लिए तकनीकी समाधान के रूप में रबर डैम बनाया गया, लेकिन वर्तमान हालात देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि यह प्रयास पूरी तरह सफल नहीं हो पाया है। लोगों का कहना है कि यह सिर्फ तकनीकी विफलता नहीं, बल्कि रखरखाव की कमी और योजना की कमजोर क्रियान्वयन का नतीजा है। इस संबंध में गया के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर से रबर डैम सुखा होने को लेकर प्रतिक्रिया लेना चाहा तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

# अमेरिका-ईरान युद्ध में मारे गए लोगों के लिए पिंडदान

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी।** गयाजी में विश्व के करीब 40 देशों से आए 76 विदेशी श्रद्धालुओं ने सोमवार को फल्गु नदी तट स्थित देवघाट पर पिंडदान किया और अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए कर्मकांड किया। इस दौरान विदेशी श्रद्धालुओं ने सिर्फ अपने पूर्वजों के लिए ही नहीं, बल्कि अमेरिका-ईरान युद्ध में जान गंवाने वाले लोगों की आत्मा की शांति के लिए भी विशेष पिंडदान कराया। देवघाट पर सुबह से ही विदेशी श्रद्धालुओं को लेकर चर्चा हो रही थी, हालांकि वे सुबह नहीं पहुंच सके। दोपहर में विदेशी श्रद्धालु पण्डा के साथ देव घाट पहुंचे। अमेरिका, फ्रांस, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, यूक्रेन, रूस समेत कई देशों से पहुंचे श्रद्धालु सनातन विधि से कर्मकांड में शामिल हुए। स्थानीय पंडाओं ने मंत्रोच्चार के बीच पिंडदान संपन्न कराया। करीब डेढ़ घंटे तक पिंडदान की प्रक्रिया चली। विदेशी श्रद्धालु भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा के प्रति गहरी आस्था के साथ पूजा-अर्चना करते दिखे।



**विदेशी श्रद्धालुओं की सनातन धर्म में आस्था बढ़ रहीः** स्थानीय पंडा छोटू बारिक ने बताया कि 76 विदेशी श्रद्धालुओं ने अपने पितरों की मोक्ष प्राप्ति और आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया। उन्होंने कहा कि इन श्रद्धालुओं की सनातन धर्म में विशेष आस्था है। यही वजह है कि दुनिया के अलग-अलग देशों से यहां पहुंचकर उन्होंने गया जी की पावन धरती पर यह महत्वपूर्ण कर्मकांड किया। उन्होंने बताया कि अमेरिका-ईरान युद्ध में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए भी विशेष रूप से पिंडदान किया गया। हालांकि भाषाई दिक्कत आ रही थी, लेकिन ट्रांसलेटर की मदद से पूरी प्रक्रिया की गई।



**पिंडदान करते आध्यात्मिक अनुभव रहाः** कमल बारिक ने कहा कि गया जी की धार्मिक महत्ता पूरी दुनिया में लगातार बढ़ रही है। विदेशी श्रद्धालु अब सिर्फ बौद्ध धर्म ही नहीं, बल्कि सनातन परंपरा से भी गहराई से जुड़ रहे हैं। यही कारण है कि इतनी बड़ी संख्या में विदेशी यहां पहुंच रहे हैं। श्रद्धालु दिवेश दास ने कहा कि गया जी आकर पिंडदान करना उनके लिए आध्यात्मिक अनुभव रहा। यहां की परंपरा, विधि और आस्था ने उन्हें गहराई से प्रभावित किया।

**अंतर्राष्ट्रीय आंतरिक शांति सम्मेलन में आए थे विदेशीः** ये सभी श्रद्धालु बोधगया में बीते 3 दिनों से चल रहे अंतर्राष्ट्रीय आंतरिक शांति सम्मेलन में भाग लेने आए थे। सम्मेलन में साईं माता लक्ष्मी भी आईं थी। इस दौरान बड़ी संख्या में विदेशी साधक बोधगया आए और सम्मेलन में शरीक हुए। सम्मेलन की समाप्ति के अगले दिन सोमवार को गयाजी के विष्णुपद मंदिर स्थित देवघाट में एक दिवसीय पिंडदान क्रिया सम्पन्न कराई। खास बात यह कि गयाजी की आध्यात्मिक शक्ति और सनातन परंपरा अब दुनियाभर के लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### हसनगंजः डूबने से एक दो वर्षीय मासूम की मौत

**कटिहार**। जिले के हसनगंज प्रखंड के ढेरवा पंचायत में मो.नुरुद्दीन मियां के दो वर्षीय पुत्र नूर अख्तर की पानी में डूबने से मौत हो गई है। घटनास्थल से मिली जानकारी अनुसार नूर अख्तर घर के आंगन में खेल रहा था। कुछ देर बाद जब वह नजर नहीं आया तो परिवार के लोगों ने खोज बीन प्रारंभ कर दिया। काफी खोजबीन के बाद घर के पीछे मिट्टी कटाव से बने एक गहरे गड्ढे में भरे पानी में बच्चा डूबा हुआ मिला। परिजनों ने बच्चें को बाहर निकालकर इलाज के लिए चिकित्सक के पास ले जाने के क्रम में रास्ते में ही बच्चा की मौत हो गई। मृतक के पिता हाफिज मो.नुरुद्दीन मियां ने बताया कि घर के पीछे मिट्टी काटे जाने से गहरा गड्ढा बन गया था। जिसमें बारिश का जलजमाव था।नूर अख्तर अपने भाई-बहनों में सबसे छोटा था।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय कचौरा पश्चिम के छात्र-छात्राओं को पाठ्य पुस्तक मिलते ही चेहरे खिलखिला उठे



**कटिहार**। जिले के कदवा प्रखंड अंतर्गत गेठौरा पंचायत स्थित में उत्क्रमित मध्य विद्यालय कचौरा पश्चिम में पठन-पाठन करने वाले छात्र-छात्राओं के बीच पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया। पाठ्य पुस्तक वितरण से पूर्व पिछले दिनों विद्यालय में हुए वार्षिक परीक्षा का परिणाम भी घोषित किया गया। वर्ग 8 में पठन-पाठन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मान पूर्वक परित्याग प्रमाण पत्र दिया गया। वर्ग एक,वर्ग दो,वर्ग 6 में नामांकन प्रारंभ हो गया है। वर्ग एक में 22 छात्र-छात्राओं तथा वर्ग 06 में 59 छात्र-छात्राओं का नामांकन किया गया है। आगे नामांकन जारी है।बड़ी संख्या में बच्चों के साथ अभिभावक विद्यालय आते हैं और अपने-अपने बच्चों का नामांकन करवा रहे हैं। इस क्षेत्र में उत्क्रमित मध्य विद्यालय कचौरा पश्चिम में बेहतर पढ़ाई के साथ-साथ अनुशासन का पाठ पढ़ाया जाता है। विद्यालय में अच्छे-अच्छे शिक्षक- शिक्षिकाएं है,जो बच्चों के हित में लगे रहते हैं।प्रधानाध्यापक निखिल कुमार दास कुशल व्यवहार के साथ-साथ कुशल प्रशासक भी हैं। प्रधानाध्यापक निखिल कुमार दास शिक्षक-शिक्षिकाओं के अच्छा तालमेल रखते हुए विधालय का संचालन कर रहे हैं। सभी बच्चों को एक समान देखते हैं। उत्क्रमित मध्य विद्यालय कचौरा पश्चिम के प्रधानाध्यापक निखिल कुमार दास ने बताया कि वर्ग एक से आठ तक के 484 छात्र-छात्राओं पिछले दिनों रिजल्ट जारी कर प्रगति पत्रक वितरण किया गया। वर्ग 8 में पठन-पाठन करने वाले 104 छात्र-छात्राओं को सम्मान पूर्वक परित्याग प्रमाण पत्र दिया गया। प्रधानाध्यापक निखिल कुमार दास ने बताया कि विद्यालय में एक समारोह का आयोजन कर छात्रों के बीच पाठ पुस्तक वितरण किया गया। वर्ग एक में 22, वर्ग 2 में 39, वर्ग 3 में 39, वर्ग 4 में 44, वर्ग 5 में 44, वर्ग 6 में 95,वर्ग सात में 104,वर्ग 8 में 111 छात्र-छात्राओं के बीच पाठ पुस्तक वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षिका वरीय शिक्षक अंकिता कुमारी,शिक्षक मो.फिरोज आलम,शिक्षिका कुमारी ममता, शिक्षक मदन कुमार राय, शिक्षा सेवक मो.नूर आलम,नाजमीन खातून उपस्थित होकर पुस्तक वितरण में काफी सहयोग किया। छात्र-छात्राओं पाठ्य पुस्तक लेते ही काफी खुश नजर आये। पाठ्य पुस्तक मिलते ही बच्चों के चेहरे पर एक नई मुस्कान देखने को मिला। बाल कल्याण समिति के निःवर्तमान सदस्य सह शिक्षा प्रेमी सह वरिष्ठ अधिवक्ता सह समाजसेवी प्रवीण कुमार झा ने विद्यालय पहुंचकर सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामना दिया।साथ ही पाठ्य पुस्तक वितरण समारोह में भी भाग लिया।

### रोशनाः मंटू सिंह की हत्या की घटना से क्षेत्र में भर का माहौल, शव को नदी किनारे से बरामद किया

**कटिहार**। जिले के प्राणपुर के रोशना थाना क्षेत्र में मकई खेत देखने गये एक व्यक्ति मंटू सिंह उम्र 45 वर्ष की हत्या कर शव को नदी किनारे फेंक दिये जाने की सनसनीखेज समाचार प्राप्त हुआ है। मृतक मंटू सिंह उम्र 45 वर्ष के भाई माधव सिंह द्वारा दिये गये आवेदन-पत्र में बताया गया कि रात करीब आठ बजे इंग्लिश घाट के पास अपने मकई खेत देखने गये थे।उसके बाद वे घर वापस नहीं लौटे। सुबह खोजबीन के दौरान महानंदा नदी इंग्लिश घाट के कछार से उनका शव बरामद हुआ । जिससे इलाके में सनसनी फैल गई।उक्त आवेदन में दक्षिणी लालगंज पंचायत के वर्तमान मुखिया जुलम सिंह,उनके पुत्र राजा सिंह सहित अन्य और दो लोगों पर हत्या का आरोप लगाया गया है। परिजनों का कहना है कि पहले से विवाद चल रहा था और जान से मारने की धमकी भी दी गई थी। घटना को लेकर सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि रात में इतनी बड़ी वारदात हो जाती है और किसी को भनक तक नहीं चला। ग्रामीण इलाकों में सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था कितनी प्रभावी है। इस पर अब चर्चा तेज हो गई है। रोशना थाना अध्यक्ष मासूम कुमारी ने बताया कि सूचना मिलने के बाद शव बरामद कर लिया गया है और मामले की जांच जारी है। साथ ही एफएसएल (फॉरेंसिक) टीम को भी सूचना दी गई।जो घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाने में लगी है। रोशना थानाध्यक्ष मासूम कुमारी ने बताया कि मृतक के भाई द्वारा लिखित आवेदन दिया गया है।शव को पोस्टमार्टम के लिए कटिहार सदर अस्पताल भेजा गया है । घटना को लेकर आगे की करवाई किया जा रहा है।

### वरिष्ठ कांग्रेसी नेता की पांचवीं पुण्यतिथि मनाई गयी

**बिक्रमगंज, रोहतास**। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता स्वः श्रीनिवास तिवारी का पांचवी पुण्यतिथि सोमवार को नगर परिषद बिक्रमगंज के वार्ड नंबर आठ धनगाई स्थित उनके निवास पर मनाया गया। जहां उनके परिवार के सदस्यों के अलावा कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। सबसे पहले कांग्रेसी नेता स्वः तिवारी के तैलचित्र पर परिवार के सदस्यों में पत्नी, पुत्र, पुत्रवधु,नाती आदि ने पुष्पांजलि अर्पित किया । तत्पश्चात उपस्थित गणमान्य लोगों ने भी पुष्पांजलि कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर शोकसभा का आयोजन कर ईश्वर से प्रार्थना किया । शोक सभा में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि स्वः तिवारी एक संघर्षशील व्यक्ति होने के साथ अंतिम समय तक कांग्रेस पार्टी का दामन थामे रहे एवं कांग्रेस सेवा दल में इनकी भूमिका अतिमहत्वपूर्ण रहा। यही नहीं स्वः श्रीनिवास तिवारी पटना प्रमंडल कांग्रेस सेवा दल के चेयरमैन के पद को भी सुशोभित किए और आजीवन कांग्रेस में बने रहे। राजनीतिक सामाजिक क्षेत्र के अलावा कांग्रेस पार्टी में इनके द्वारा किए गए कार्य हमेशा अनुकरणीय रहेगा। श्रद्धांजलि देने वालों में ओम शंकर तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार दुर्गेश किशोर तिवारी,बिंदु देवी,यश राज तिवारी सहित कई गणमान्य लोग शामिल थे।

### फेल छात्रों के लिए मुफ्त शिक्षा की नई पहल

**बिक्रमगंज, रोहतास**। शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहल करते हुए बिक्रमगंज स्थित अंजबित सिंह कॉलेज के वनस्पति विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. कन्हैया सिंह ने 'विद्या दान महादान अभियान' शुरू करने की घोषणा की है। इस अभियान के तहत मैट्रिक और इंटरमीडिएट में फेल हुए छात्रों को निःशुल्क पढ़ाकर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। डॉ. सिंह ने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए कार्यक्रम की रूपरेखा का ब्लू प्रिंट तैयार किया जा रहा है। इसके लिए विषयवार शिक्षकों की सूची बनाई जा रही है। अभियान में अवकाश प्राप्त शिक्षकों का सहयोग भी लिया जाएगा। इस अभियान के तहत फेल छात्रों से प्रति माह केवल एक रुपया शुल्क लिया जाएगा। डॉ. सिंह ने कहा कि यह शुल्क प्रतीकात्मक है ताकि छात्रों में पढ़ाई के प्रति जिम्मेदारी बनी रहे, वरना शिक्षा पूरी तरह मुफ्त होगी। सभी वर्ग के कमजोर और वंचित छात्र इसका लाभ ले सकेंगे। कार्यक्रम के सफल होने पर जो छात्र पास होंगे, वे अपनी इच्छा से जो राशि देंगे, उससे 'गुरु दक्षिणा कार्यक्रम' आयोजित किया जाएगा। डॉ. सिंह का मानना है कि इस तरह के आयोजन से समाज में सकारात्मक माहौल बनेगा और वंचित छात्रों को समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का अवसर मिलेगा। शिक्षा के क्षेत्र में यह पहल उन छात्रों के लिए उम्मीद की किरण है जो आर्थिक या अन्य कारणों से पढ़ाई से वंचित रह गये हैं।

# बीआरसी में समीक्षा बैठक आयोजित, शिक्षा विभाग की योजनाओं की हुई गहन पड़ताल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**रामपुर**। रामपुर (कैमूर)प्रखंड संसाधन केंद्र रामपुर में सोमवार को शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आहूत की गई। यह बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी दृष्टि पाठक एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी तेजस्वी आनंद की संयुक्त अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रखंड क्षेत्र में चल रही शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा करना और आगामी जिला स्तरीय बैठक हेतु तैयारी को अंतिम रूप देना था

बैठक के दौरान क्षेत्र के सभी संकुल समन्वयकों और संरक्षकों की उपस्थिति में कई महत्वपूर्ण एजेंडों पर विमर्श किया गया। पदाधिकारियों ने पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की स्थिति जांची और निम्नलिखित बिंदुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

नामांकन एवं डेटा अपडेटः 1 से 30 अप्रैल तक हुए नामांकन का प्रतिवेदन हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी में जमा करने तथा ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर 'स्टूडेंट प्रोग्रेशन डेटा' को तत्काल अपडेट करने का निर्देश दिया गया।

डिजिटल पंजीकरणः यू-डायस (U-DISE) पोर्टल पर डेटा प्रविष्टि, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं के एफआरएस (FRS) निबंधन की रिपोर्ट और 'अपार आईडी' (APAAR ID) निर्माण की प्रगति की समीक्षा की गई।

वितरण एवं स्वास्थ्यःस्कूलों में पुस्तक वितरण के प्रमाण-पत्र और बच्चों को दी जाने वाली आयरन फोलिक एसिड (IFA) दवा से संबंधित डेटा को पोर्टल पर ससमय अपडेट करने को कहा गया।

स्व-गणना कार्यःस्व-गणना कार्य का प्रतिवेदन विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराने पर बल दिया गया।समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया

बीडीओ दृष्टि पाठक ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे छात्रों तक पहुँचाना हमारी प्राथमिकता है, इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं बीईओ तेजस्वी आनंद ने सभी समन्वयकों को निर्देशित किया कि जिला स्तरीय बैठक से पूर्व सभी लंबित डेटा और रिपोर्ट को दुरुस्त कर लें ताकि प्रखंड की स्थिति सुदृढ़ रहे।बैठक में उपस्थित समन्वयकों ने अपने-अपने संकुलों की प्रगति रिपोर्ट पेश की और आ रही तकनीकी समस्याओं से पदाधिकारियों को अवगत कराया, जिसका मौके पर ही समाधान गया।

## अंतर्राष्ट्रीय गिरोह के तीन लोगों को डालमियानगर थाना ने किया गिरफ्तार



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रोहतास**। डालमियानगर थाना कांड संख्या- 90/26 धारा 64/87/303(2)/3(5) BNS & 4/6 pocso (नाबालिग का अपहरण, राजस्थान में शादी एवं यौन शोषण) कांड में वादिनि (पीड़िता की माता )रिंकी देवी (पति- मुकेश्वर गोस्वामी, ग्राम- मथुरि) के आवेदन पर अंतरराज्यीय विवाह गिरोह का खुलासा करते हुए 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया हैः

**गिरफ्तार अभियुक्तः**

सूरजमुखी कुंवर, पति- विजय ठाकुर (प्राथमिकी अभियुक्त)

बबीता देवी, पति- अशोक सिंह (अप्राथमिकी अभियुक्त)

(निवासीः ग्राम- पतलूका, थाना- तिलौथू)

चैना देवी, पति- मुकेश्वर गोस्वामी (प्राथमिकी अभियुक्त)

उक्त गिरोह नाबालिग लड़कियों को बहला-फुसलाकर राजस्थान ले जाकर जबरन शादी कराकर यौन शोषण करने का कार्य करता था। धारा 87/64/303(2)/3(5) BNS एवं 4/6 POCSO Act के तहत अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# फरियादियों की समस्याओं का समाधान पुलिस की प्राथमिकता– एसपी रोशन कुमार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**डेहरी रोहतास**। जिले में आम जनों की समस्याओं के त्वरित और समयबद्ध समाधान को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह गंभीर है। इसी क्रम में सोमवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित जन-सुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक रोशन कुमार ने विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए फरियादियों से सीधे मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

इस अवसर पर एसपी रोशन कुमार ने स्पष्ट कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि फरियादियों के साथ संवेदनशील और सम्मानजनक व्यवहार करें तथा प्राप्त आवेदनों पर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि कार्य में ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, एसपी रोशन कुमार प्रतिदिन आम लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करते हैं, जिसकी चर्चा पूरे जिले में हो रही है। सोमवार को भी करीब तीन दर्जन से अधिक मामलों की सुनवाई की गई और अधिकांश मामलों में मौके पर ही आवश्यक निर्देश जारी किए गए।

जन-सुनवाई की इस पहल से आम लोगों में भरोसा बढ़ा है और उन्हें अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद जगी है।

# दिल्ली में बिहारी युवक की गोली मारकर हत्या पर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन का आक्रोश

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**दोषी को फांसी की सजा की मांग**



**डेहरी रोहतास**। मानवाधिकार संगठन के मुख्य सचिव मनीष कुमार शरण द्वारा एक गंभीर मामले को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली में शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत के अनुसार 25 अप्रैल की रात करीब 2:00 बजे दिल्ली में पुलिस सेल के हेड कांस्टेबल नीरज द्वारा खगड़िया (बिहार) निवासी पांडव नामक युवक को गोली मारकर हत्या कर दी गई।

मनीष कुमार शरण ने इस घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि यह न केवल एक निर्दोष व्यक्ति की हत्या है, बल्कि मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन भी है। उन्होंने दोषी पुलिसकर्मी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करते हुए फांसी की सजा देने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है, जहां हर नागरिक को किसी भी राज्य में जाकर रोजगार करने का अधिकार है। ऐसे में किसी व्यक्ति को उसकी पहचान या "बिहारी" कहकर अपमानित करना और फिर उसकी हत्या कर देना समाज में बढ़ती असहिष्णुता और मानसिक गिरावट को दर्शाता है।

बताया गया कि मृतक युवक एक साधारण परिवार से था और जोमैटो में काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहा था। उसके साथ पहले गाली-गलौज की गई और फिर गोली मार दी गई, जो अत्यंत निंदनीय है।

शरण ने कहा कि यदि पुलिसकर्मी ही इस तरह की घटनाओं में शामिल होंगे तो आम जनता की सुरक्षा पर बड़ा सवाल खड़ा हो जाता है। उन्होंने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी को कठोर सजा दिलाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

# दो चचेरी बहनों का 3 लाख में सौदा, बीकानेर से रेस्क्यू

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**नालंदा**। नालंदा की दो चचेरी बहनों का राजस्थान के बीकानेर में 3 लाख में सौदा कर दिया गया। 9 अप्रैल को नाबालिग के पिता ने अपनी बेटी और भतीजी के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को समझते हुए तकनीकी अनुसंधान के जरिए 30 अप्रैल को नाबालिगों का बीकानेर के नया शहर से रेस्क्यू किया। मामले में पुलिस ने दंपती समेत कुल 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दंपती को ट्रांजिट रिमांड पर बिहार शरीफ लाया गया। जब इनसे पूछताछ की गई तो उनकी निशानदेही पर एक महिला और एक पुरुष को गिरफ्तार किया। इनके पास से छत्तीसगढ़ की एक लड़की को भी बरामद किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान चितौड़गढ़ के रहने वाले दंपती राजेश कुमार व्यास और अंजलि कुमारी जबकि राजगीर के ब्रह्मकुंड से गिरफ्तार महिला की पहचान धनवंती देवी और पुरुष की पहचान पुरुषोत्तम कुमार के रूप में की गई है।

**लड़कियों को माता-पिता से मिलाने का दिया था प्रलोभनः** दरअसल 13 और 14 साल की दोनों नाबालिग बहने घर से अपने माता-पिता के पास पंजाब जाने के लिए निकली थी। इसी बीच बिहार शरीफ स्टेशन पर ही वह महिला तस्कर जो मानव तस्करी से जुड़ी हुई है। उनके चंगुल में आ गई। लड़कियों को यहा प्रलोभन दिया गया कि वह महिला दोनों बच्चों को उसके माता-पिता के पास छोड़ आएगी। लेकिन पंजाब जाने के बजाए, उन्हें बीकानेर ले जाकर बेच दिया गया। पुलिस अब यह जांच में जुटी हुई है कि लड़कियों की तस्करी का उद्देश्य क्या था। क्या उनका इरादा यौन शोषण का था या फिर शादी विवाह या हाउस मेड के रूप में उनका इस्तेमाल करना।

**रहुई थाना क्षेत्र की नाबालिग लड़कियां 9 अप्रैल को हुई थीं गायबः** 9 अप्रैल को गायब दोनों नाबालिग रहुई थाना क्षेत्र के ग्राम बेसमक की रहने वाली हैं। सदर डीएसपी-2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि एक नाबालिग के पिता ने अपनी 14 साल की बेटी और 13 साल की भतीजी के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए नालंदा एसपी के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। तकनीकी अनुसंधान के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि दोनों बच्चियों का लोकेशन राजस्थान के बीकानेर में है। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बीकानेर के नया शहर थाना क्षेत्र में छापेमारी की, जहां से दोनों बच्चियों को बरामद कर मौके से राजस्थान के चित्तौड़गढ़ निवासी राजेश कुमार उर्फ राजू और उसकी पत्नी अंजलि कुमारी को गिरफ्तार कर लिया गया।

**नूरसराय की रहने वाली धनवंती देवी से 3 लाख में खरीदा थाः** पूछताछ के दौरान गिरफ्तार दंपती ने स्वीकार किया कि उन्होंने इन बच्चियों को नालंदा के नूरसराय की रहने वाली धनवंती देवी उर्फ शोभा से तीन लाख रुपए में खरीदा था। पुलिस ने जब ट्रांजिट रिमांड पर दोनों को बिहार लाकर पूछताछ की, तो उनकी निशानदेही पर राजगीर से धनवंती देवी और उसके सहयोगी पुरुषोत्तम कुमार को दबोच लिया गया। गिरफ्तारी के वक्त इनके पास से रायपुर (छत्तीसगढ़) की एक तीसरी नाबालिग लड़की मिली, जिसे तस्करी के उद्देश्य से बंधक बनाकर रखा गया था। शोभा ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि वह आर्थिक रूप से कमजोर बच्चियों को बहला-फुसलाकर बाहरी राज्यों के तस्करों को बेच दिया करती थी।

**नाबालिग तीनों बच्चियां बिहारशरीफ कल्याण समिति को सुपुर्द कियाः** पुलिस ने बरामद सभी तीन बच्चियों को बाल कल्याण समिति, बिहारशरीफ के सुपुर्द कर दिया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से चार स्मार्टफोन भी बरामद हुए हैं। वर्तमान में पुलिस इस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है और पकड़े गए अपराधियों के बैंक खातों व पुराने आपराधिक इतिहास को खंगाल रही है ताकि इस सिंडिकेट की गहराई का पता लगाया जा सके।

## शराब पीकर हंगामा कर रहे दो पियक्कड़ गिरफ्तार, भेजे गए जेल





सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रामपुर**। रामपुर (कैमूर)।स्थानीय प्रखंड क्षेत्र की बेलाव पुलिस ने शराब के नशे में हंगामा कर रहे दो लोगों को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

थानाध्यक्ष परमहंस कुमार ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को क्षेत्र में शराब पीकर उत्पात मचाने की सूचना मिली थी। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने नौहाटा गांव निवासी गोवर्धन शर्मा के पुत्र अजीत कुमार शर्मा और माधोपुर गांव निवासी रामलाल राम के पुत्र चंद्रिका राम को रंगे हाथ दबोच लिया गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों को जांच के लिए रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। मेडिकल परीक्षण के दौरान डॉक्टरों ने दोनों के द्वारा शराब पिए जाने की आधिकारिक पुष्टि की।

थानाध्यक्ष ने बताया कि शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने और नशे की हालत में शांति भंग करने के आरोप में मामला दर्ज कर लिया गया है। कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद दोनों आरोपितों को भभुआ स्थित न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में नशाखोरी और हंगामा करने वालों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

# गस्ती के दौरान एक शराब तस्कर गिरफतार

### 24 लीटर विदेशी शराब के साथ एक बाइक जब्तः मौसम कुमारी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**कटिहार**। जिले के रोशना थाना पुलिस ने रविवार को गस्ती के दौरान आजमनगर थाना क्षेत्र के सिंघोल गांव निवासी गोविंद सिंह को 24 लीटर विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है।साथ में एक होंडा साइन BR- 39 BB 1656 जब्त कर किया है।

रोशना थाना प्रभारी मासूम कुमारी ने बताया कि रविवार को दिवा गस्ती के दौरान मद्य निषेध चेक पोस्ट के समीप शराब कारोबारी व शराबियों के विरुद्ध धर पकड़ हेतु अभियान चलाया गया था। इसी दौरान इसी दौरान पश्चिम बंगाल की ओर से गोंडा साइन BR-39BB 1656 सवार व्यक्ति की तलाशी ली गई, तो बाइक की डिक्की एवं बेग से विदेशी शराब मिला। उक्त व्यक्ति को विधिवत गिरफ्तार करते हुए मध् निषेध अभियान के तहत प्राथमिकी दर्ज कर सोमवार को न्यायिक हिरासत के लिए कटिहार जेल भेजा गया है।

थाना अध्यक्ष मासूम कुमारी कहा कि थाना क्षेत्र में लगातार शराब कारोबारी व शराबियों के विरुद्ध छापेमारी अभियान जारी है।किसी भी कीमत पर शराब के धंधे को पनपने नहीं दिया जाएगा। नियमित रूप से वाहनों की सधन जांच किया जा रहा है।

# नालंदा में भाजपा की जीत का मना जश्न कार्यकर्ता विजयोत्सव में हुए शामिल

## जिलाध्यक्ष बोले- जनता ने ममता के कुशासन को नकार दिया

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**नालन्दा**। पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी के विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की बड़ी जीत के बाद नालंदा जिला भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। सोमवार को बिहारशरीफ में भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस शानदार सफलता पर भव्य विजयोत्सव मनाया। मेहनौर स्थित भाजपा जिला कार्यालय और स्थानीय श्रम कल्याण केंद्र मैदान में आयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर और मिठाइयां बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया। विजयोत्सव को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने इस महाविजय को राष्ट्रवाद की जीत करार दिया। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ने ममता बनर्जी के कथित कुशासन को पूरी तरह नकार दिया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अटूट विश्वास जताते हुए भाजपा को प्रचंड बहुमत से चुना है।

**अब बंगाल में 'डबल इंजन' की सरकार होगीः** राजेश ने कहा कि आजादी के बाद यह पहला ऐतिहासिक अवसर है, जब बंगाल में भाजपा की सरकार बनने जा रही है, जो राज्य के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी। जिलाध्यक्ष ने यह भी कहा कि अब बंगाल में 'डबल इंजन' की सरकार होगी, जिससे वहां सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

**बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुएः** इस ऐतिहासिक जीत के जश्न में जिले के कई वरिष्ठ नेता और सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र प्रसाद, प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेश्वर प्रसाद सिंह और जिला महामंत्री शिवरतन प्रसाद ने भी अपने विचार रखे। साथ ही जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल, डॉ. आशुतोष कुमार, तेजस्विता राधा, जिला मंत्री राजू माहुरी, सोनू कुमार हिंदू, अमित शान, बबीता कुमारी, गोपी सिंह, रोशन कुमार यादव, राजीव कुमार, राजेश कुमार सिसोदिया, अमरकांत भारती, धीरेंद्र रंजन, अभिनंदन पांडे, संजीव कुमार, नागमणि कुशवाहा, ओणम कुमार, प्रिंस कुमार और संदीप कुमार सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी नेताओं ने एक स्वर में कहा कि यह जीत कार्यकर्ताओं के कठिन परिश्रम और जनता के भरोसे का परिणाम है।

## संक्षिप्त समाचार

### एलएलबी परीक्षा के केंद्र अधीक्षकों की नियुक्ति

**भागलपुर**| भागलपुर टीएमबीयू ने एलएलबी तीन वर्षीय और पांच वर्षीय परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए परीक्षा सूचना संख्या 52/2026 जारी की है। विवि प्रशासन ने बहुउद्देशीय हॉल स्थित परीक्षा केंद्र के लिए अधिकारियों और कर्मियों के दायित्व तय कर दिए हैं। अधिसूचना के अनुसार, विवेक कुमार हिंद को केंद्र अधीक्षक और अजीमुद्दीन को उप-केंद्र अधीक्षक नियुक्त किया गया है। कक्ष निरीक्षण के लिए विभिन्न स्नातकोत्तर विभागों के सहायक प्राध्यापकों की तैनाती की गई है। साथ ही, गैर-शिक्षण कर्मियों में नवीन साह, मिंटू हरि और नटवर हरि को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। परीक्षा नियंत्रक कार्यालय ने संबंधित कर्मियों को समय पर ड्यूटी ज्वाइन करने का निर्देश दिया है, ताकि परीक्षा के दौरान अनुशासन और पारदर्शिता बनी रहे।

### जाह्नवी क्विज में जुटे 11 जिलों के 450 छात्र

**भागलपुर**| गंगोत्री वेलफेयर फाउंडेशन, बिहार के तत्वावधान में रविवार को राघोपुर के जाह्नवी घाट पर द्वितीय वार्षिक क्विज का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन दुर्गा सोरेन विवि के कुलपति प्रो. मनीन्द्र कुमार सिंह, मोटिवेशनल स्पीकर प्रो. देवज्योति मुखर्जी और फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रो. राजेश कुमार मंडल ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में भागलपुर, मुंगेर, पूर्णिया और कटिहार सहित 11 जिलों के लगभग 450 छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस ऐतिहासिक आयोजन में करीब 2000 लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था रही। सचिव विदुशेखर झा और संयोजक मोतीलाल मंडल ने अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। वक्ताओं ने इसे शिक्षा और ज्ञान को नई दिशा देने वाला एक प्रेरणादायक प्रयास बताया।

### ई-शिक्षा कोष पर अपलोड होगी स्कूलों की जांच रिपोर्ट

**भागलपुर**| शिक्षा विभाग ने सरकारी स्कूलों के नियमित निरीक्षण के लिए सभी संभागों के डीपीओ व बीईओ को निर्देश दिये हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि स्कूलों का संचालन निर्धारित मानकों के अनुरूप हो, इसके लिए नियमित मॉनिटरिंग बेहद जरूरी है। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य स्कूल संचालन में आने वाली समस्याओं को समय रहते दूर करना व बच्चों के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करना है। इससे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। निरीक्षी पदाधिकारी प्रतिदिन सुबह 6:30 बजे से 11 बजे तक क्षेत्र भ्रमण कर विद्यालयों का निरीक्षण करेंगे। उसकी रिपोर्ट ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड करनी होगी। यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया है कि निरीक्षण के दौरान कोई भी विद्यालय छूटे नहीं। प्रत्येक कार्य दिवस के निरीक्षण प्रतिवेदन के साथ-साथ नोट कैम से ली गई संबंधित तस्वीरें भी मध्याह्न भोजन योजना शाखा में उपलब्ध करानी होगी।

### सुशील सिंह बने जनसुराज पार्टी के जिलाध्यक्ष, मो. साबिर महामंत्री बने

**भागलपुर**। जनसुराज पार्टी के जिला कार्यालय में रविवार को जिला सलाहकार समिति एवं जिला एकल पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की गई। प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने सूची जारी कर सुशील सिंह को जिलाध्यक्ष, मो. साबिर को महामंत्री, आरिफ राशिद को कोषाध्यक्ष सह कार्यालय प्रभारी और वंदना झा को महिला जिला अध्यक्ष बनाया गया। देवेश कुमार एवं नूतन कुमारी को मुख्य प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनियुक्त पदाधिकारियों को पुष्पमाला पहनाकर पदभार ग्रहण कराया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुशील सिंह ने कहा कि जनसुराज को गांव-गांव और पंचायत स्तर तक मजबूत किया जाएगा और जनता के मुद्दों को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्रीय कोर कमिटी की अनुशंसा पर पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

# विक्रमशिला सेतु हादसा एग्जीक्यूटिव इंजीनियर सस्पेंड

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर**। भागलपुर में विक्रमशिला सेतु का 34 मीटर हिस्सा रविवार देर रात गिर गया। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी की जान नहीं गई। प्रशासन ने पहले ही ट्रैफिक रोक दिया था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। पुल गिरने से सीमांचल समेत करीब 16 जिलों की कनेक्टिविटी प्रभावित हुई है। रोजाना इस पुलिस से करीब 1 लाख लोगों का आना जाना है। लापरवाही को लेकर पथ निर्माण विभाग ने एग्जीक्यूटिव इंजीनियर को सस्पेंड किया है। पटना में आयोजित प्रेस वार्ता में राज्य पुल निगम लिमिटेड के अध्यक्ष डॉ चंद्रशेखर ने बताया कि मुख्यमंत्री ने रक्षा मंत्री से बात की है। पुल मरम्मत के काम में आर्मी की मदद की कोशिश की जा रही है। स्थानीय लोगों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जी रही है। वहीं, पुल गिरने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नवगछिया, बिहपुर, पूर्णिया, कटिहार, सहरसा, खगड़िया जाने वाले नाव के सहारे इस पार से उस पार जा रहे हैं। लोगों के लिए अब 2 वैकल्पिक रास्ते हैं। पानी के जहाज, नाव या मुंगेर होकर जा सकते हैं। ऐसे में बरारी घाट पर लोगों की भीड़ बढ़ गई है। नाव में क्षमता से अधिक लोगों को बिठाया जा रहा है।

**दोषी पर कार्रवाई की मांग**: नाव से सफर कर रहे प्रकाश ने बताया कि घाट किनारे नाव से उतरकर पैदल ही 5 किलोमीटर तक जाना पड़ेगा। समय से मेंटेंनेंस नहीं होने के कारण पुल गिरा है। लापरवाही के चलते ही हादसा हुआ है। इसके लिए जो भी दोषी है, उस पर कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं, सूरज ने बताया कि 13 मई से बहन का एग्जाम है। एडमिट कार्ड लाने के नवगछिया जाना है। पुल गिरने से परेशानी बढ़ गई है। नाव में भी क्षमता से अधिक लोगों को बिठाने जा रहा है। प्रशासन को इस पर कार्रवाई करना चाहिए। मेंटेंनेंस नहीं होने के कारण ही पुल गिरा है।

**सीमांचल समेत 16 जिलों को भागलपुर से जोड़ता है ये पुल**: विक्रमशिला सेतु पर हर दिन करीब एक लाख लोगों की आवाजाही होती है। करीब 50 हजार से अधिक छोटे-बड़े वाहन इस पुल से गुजरते हैं। सीमांचल समेत 16 जिलों को यह सेतु भागलपुर से जोड़ता है। इसका निर्माण तत्कालीन मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के कार्यकाल में कराया गया था। पुल में लगातार जॉइंट और एक्सपेंशन गैप की समस्या को लेकर पहले भी सवाल उठते रहे हैं। आखिरी बार 2020 में पुल की मरम्मत कराई गई थी। कुछ दिन पहले ही वॉल वायरिंग क्षतिग्रस्त होने की खबरें सामने आई थीं। हालांकि प्रशासन ने उस समय इसे खारिज करते हुए कहा था कि पुल पर किसी प्रकार का कोई खतरा नहीं है।

## किराना दुकानदार से लूट की कोशिश



◆ घर के पास बाइक सवार अपराधियों ने रोका, धक्का-मुक्की के बाद भागे, सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बेगूसराय**। बेगूसराय में किराना दुकानदार से लूट को कोशिश हुई है। बाइक सवार तीन अपराधियों ने हथियार के बल लूटपाट करने का प्रयास किया, लेकिन पीड़ित के साहस और सूझबूझ के कारण अपराधियों के मंसूबे नाकाम हो गए। घटना बखरी थाना क्षेत्र के बखरी बाजार की है। पीड़ित विनोद चौरसिया ने बताया कि रविवार रात दुकान बंद करके लौट रहा था। घर में एंट्री से पहले गेट पर ही अपराधियों ने रोक लिया। पिस्टल सटाकर झोला छीनने लगे। मैंने हिम्मत नहीं हारी। हमलोगों के बीच धक्का-मुक्की भी हुई, फिर भी डटकर सामना किया। हल्की चोटें आई हैं। झोला में रुपए नहीं था, कुछ सामान लेकर आ रहा था। पूरी वारदात घर में लगे CCTV में कैद हो गई है।

**सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस**: सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पीड़ित से पूछताछ कर पूरी जानकारी ली है। सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है, ताकि आरोपियों की पहचान हो सके। पुलिस ने इस मामले में सख्त कार्रवाई की बात कही है।

# बाइक सवार दो युवकों की मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बेगूसराय**। बेगूसराय में तेज रफ्तार का कहर लगातार जारी है। रविवार देर रात SH-55 पर बाइक और ट्रक की टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई। मृतक की पहचान मंझौल पंचायत-3 के सत्यारा चौक निवासी सुबोध चौधरी के पुत्र अमन कुमार उर्फ करुआ(25) और धर्मेंद्र सहनी के पुत्र शिवम कुमार उर्फ(16) के रूप में हुई है। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के वन्द्वार ढ़ाला के पास की है।

**रिसेप्शन पार्टी से घर लौट रहा था**: मंझौल निवासी अरुण चौधरी के बेटे की शादी के बाद रिफाइनरी टाउनशिप में रिसेप्शन था। जिसमें शामिल होने के लिए दोनों युवक बाइक से बेगूसराय आए थे। कार्यक्रम खत्म होने के बाद घर लौट रहे थे। साथ में 5 बाइक पर और लोग सवार थे। शिवम और अमन सबसे पीछे चल रहे थे। रात करीब 12 बजे खम्हार और मोहनपुर के बीच पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सड़क से करीब 20 फीट दूर फेंका गए। साथ युवकों ने जब पीछे मुड़कर देखा तो यह दोनों नहीं दिखे। इसके बाद सभी बाइक सवार लौटे। वन्द्वार ढ़ाला के पास खोजबीन करने लगे, लेकिन कुछ पता नहीं चल रहा था। इस दौरान रिसेप्शन पार्टी से वापस लौट रहे कावर सवार लोग भी रूक गए। सभी मिलकर खोजने लगे। करीब डेढ़ बजे दोनों मृत अवस्था में मिला। सड़क किनारे बाइक पड़ी थी। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

**घर में मचा कोहराम**: अस्पताल लाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अमन दो भाई में सबसे बड़ा था। मां नीलम देवी मंझौल पंचायत-3 की मुखिया रह चुकी हैं। शिवम उर्फ सन्नी ने इसी साल फर्स्ट डिवीजन से मैट्रिक पास किया था। उसके पिता दिल्ली में रहकर काम करते हैं।

**सरकार से सड़क चौड़ीकरण की मांग**: अस्पताल पहुंचे मुखिया राजेश कुमार ने कहा कि काफी दुखद घटना है। अमन और शिवम दोनों हंसमुख और मिलनसार थे। SH-55 बेगूसराय का सबसे कन्जेस्टेड सड़क है। सबसे अधिक दुर्घटना इसी सड़क पर होता है। सरकार 4-4 लाख मुआवजा नहीं देकर जल्द से जल्द सड़क का चौड़ीकरण करवा दे तो हादसे में कमी आ जाएगी।

# जन सुराज के जिलाध्यक्ष बने साहेब मलिक

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**मुंगेर**। मुंगेर में जन सुराज पार्टी ने अपने संगठन का विस्तार किया है। पार्टी के जिला कार्यालय में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में जिला सलाहकार समिति और जिला एकल पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की गई। प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने नई टीम की सूची जारी करते हुए साहेब मलिक को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया। इसके अतिरिक्त, एडवोकेट आशीष कुमार को महामंत्री, आशीष मिश्रा को कोषाध्यक्ष सह कार्यालय प्रभारी और रोहित कुमार सिन्हा को मुख्य प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी गई है। विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्षों की भी नियुक्ति की गई। इनमें युवा अध्यक्ष ऋतुराज बसंत, किसान प्रकोष्ठ अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद सिंह, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ अध्यक्ष सत्यम किशोर झा, व्यावसायिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष दिलीप सराफ, ओबीसी प्रकोष्ठ अध्यक्ष नवीन कुमार, कर्पूरी मंच अध्यक्ष सुनील मंडल, अंबेडकर मंच अध्यक्ष कुणाल कुमार और अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष मो. अकील अख्तर शामिल हैं।

**पार्टी को पंचायत स्तर तक मजबूत करेंगे**: कार्यक्रम के दौरान सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष साहेब मलिक ने कहा कि पार्टी को पंचायत स्तर तक मजबूत किया जाएगा और जन सुराज के विचारों को गांव-गांव तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि वर्तमान में पार्टी ही जनता के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठा रही है। प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने बताया कि ये नियुक्तियां भागलपुर क्षेत्रीय कोर कमेटी की अनुशंसा पर की गई हैं। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए निर्देश दिया कि वे 15 दिनों के भीतर जिला कमेटी का विस्तार कर उसकी सूची क्षेत्रीय कमेटी को सौंपें।

## फिजिक्स के प्रश्न कैलकुलेटिव और केमेस्ट्री के ज्यादा ट्रिकी रहे

**भागलपुर**। नीट का पेपर इस बार मॉडरेट रहा। पिछले साल की अपेक्षा सभी सेक्शन के सवाल आसान रहे। हालांकि केमिस्ट्री के ऑर्गेनिक थोड़ा टफ रहा। फिजिक्स कैलकुलेटिव और केमेस्ट्री के प्रश्न ट्रिकी थे। जूलॉजी के प्रश्न लेंदी था। इसलिए साल्व करने में समय लगा, हालांकि प्रश्न एनसीआरटी बेस्ड थे। शहर में रविवार को नीट यूजी 15 केंद्रों पर हुआ। 5845 परीक्षार्थियों में से 5830 परीक्षा में शामिल हुए। किसी भी केंद्र से कोई अप्रिय सूचना नहीं है। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक हुई। भौतिकी, रसायन, जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान और प्राणी विज्ञान से कुल 720 प्रश्न पूछे गए थे। जिनमें से न्यूनतम 180 प्रश्न हल करना था। अधिकांश प्रश्न सिलेबस आधारित थे, हालांकि कुछ सवालों ने उलझन पैदा की। मारवाड़ी पाठशाला व नवस्थापित हाई स्कूल से परीक्षा देकर निकले छात्र-छात्राओं ने कहा कि पिछले साल की अपेक्षा प्रश्न आसान थे। सबौर हाई स्कूल से परीक्षा देकर निकली छात्रा अपूर्वा ने कहा कि इस वर्ष सवाल मॉडरेट थे। मिरजानहाट हाईस्कूल से परीक्षा देकर निकली छात्रा अनुप्रिया ने कहा कि इस बार सभी सेक्शन के सवाल आसान थे। केमिस्ट्री में ऑर्गेनिक थोड़ा टफ था। इस बार की परीक्षा में नकल पर नकेल के लिए मेडिकल कॉलेज को रविवार को भी खोला गया। सभी छात्र-छात्राओं को कॉलेज बुलाया गया। सभी केंद्रों पर पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था रही। जैमर और सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा हुई। प्रत्येक कक्षा में दीवार घड़ी लगाई गई थी, ताकि समय प्रबंधन में सुविधा हो। प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों को बायोमेट्रिक सत्यापन और त्रिस्तरीय जांच प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। परीक्षार्थियों को सुबह 11 बजे से प्रवेश दिया गया, 1:30 के बाद किसी को अंदर जाने की अनुमति नहीं मिली।

## 550 ड्रोन शो, लेजर लाइट से दिखेगा 'हेरिटेज'

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**मुंगेर**। मुंगेर में योग गुरु स्वामी सत्यानंद सरस्वती के मुंगेर पर्दापण दिवस के अवसर पर पांच और छह मई को श्रीनिवास कल्याणोत्सवम का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाने की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पांच मई की शाम पोलो मैदान में होने वाला भव्य लेजर लाइट और 550 ड्रोन शो है। लगभग आधे घंटे के लेजर शो में मुंगेर की धरोहरों और प्रसिद्ध स्थलों को आसमान में दर्शाया जाएगा।

**किला,बड़ी काल और मछली तालाब होंगे लाइव**: इसमें स्वामी सत्यानंद सरस्वती, स्वामी निरंजनानंद सरस्वती, योग आश्रम, मुंगेर किला, शादीपुर बड़ी दुर्गा महारानी, बड़ी काली, मछली तालाब और मां चंडिका जैसे मुंगेर के ऐतिहासिक स्थलों और पहचान को प्रकाश के माध्यम से जीवंत किया जाएगा। लेजर शो के बाद बीस मिनट का ड्रोन एयर शो होगा। इस शो में 550 ड्रोन एक साथ उड़ान भरकर मुंगेर के 12 ऐतिहासिक और गौरवशाली स्थलों की आकृतियां आसमान में बनाएंगे। शहरवासी इस भव्य आयोजन को लेकर उत्साहित हैं, खासकर पहली बार इस तरह के ड्रोन और लेजर शो को लेकर लोगों में उत्सुकता साफ झलक रही है।

**आइए जाने, क्या है पर्दापण दिवस**: गौरतलब है कि छह मई 1957 को स्वामी सत्यानन्द सरस्वती पहली बार एक परिव्राजक संन्यासी के रूप में मुंगेर आए थे। उनके आगमन से ही मुंगेर में योग की अलख जगी और 1963 में बिहार योग विद्यालय की स्थापना हुई। उनके संकल्प का ही परिणाम था कि वर्ष 2005 में तत्कालीन राष्ट्रपति डा. एपीजे अब्दुल कलाम ने मुंगेर को योग नगरी घोषित किया। इसी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को ध्यान में रखते हुए 69 वर्षों बाद पहली बार इस दिवस को बड़े पैमाने पर मनाया जा रहा है। छह मई को पादुका दर्शन परिसर उत्तरवाहिनी गंगा तट पर मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा। इस अवसर पर तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम से आए विद्वान आचार्य श्रीनिवास कल्याणोत्सवम समस्त धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराएंगे। यह पहला अवसर है जब भगवान तिरुपति बालाजी का बिहार में इस प्रकार आगमन हो रहा है।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्या: ओ-एसी-टी-16 टू 19-26-27 (ओपन), दिनांक: 29.04.2026।** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा (खुली) आमंत्रित की जाती है: **क्रम संख्या:** 1। **केस संख्या: ओ-एसी-टी-16-26-27। कार्य का नाम:** सीतारामपुर-झाझा खंड पर लूप लाइन की लम्बाई के विस्तार के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 2,79,00,387.16। **बयाना राशि:** ₹ 5,58,000। **क्रम संख्या:** 2। **केस संख्या: ओ-एसी-टी-17-26-27। कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/2/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र के अधीन जगदीशपुर में पूरी लम्बाई की व्यवस्था हेतु खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,52,68,598.44। **बयाना राशि:** ₹ 3,05,400। **क्रम संख्या:** 3। **केस संख्या: ओ-एसी-टी-18-26-27। कार्य का नाम:** जसीडीह-झाझा खंड में सहायक अभियंता/जसीडीह के अधीन पुल संख्या 676 एवं 665 की मज़बूती के लिए आरसीसी जैकेटिंग सहित अन्य आनुषंगिक कार्य हेतु खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 2,15,76,181.45। **बयाना राशि:** ₹ 4,31,500। **क्रम संख्या:** 4। **केस संख्या: ओ-एसी-टी-19-26-27। कार्य का नाम:** मधुपुर-गिरिडीह खंड में कृष्णा बल्लभसहाय हाल्ट स्टेशन और महेशमुंडा स्टेशन के बीच सिजुआ में नए हाल्ट स्टेशन हेतु खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,83,12,841.65। **बयाना राशि:** ₹ 3,66,300। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 12 महीना (क्रम संख्या 1 से 4 प्रत्येक के लिए)। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 28.05.2026 को दोपहर 12.00 बजे (क्रम सं. 1 से 4 प्रत्येक के लिए)। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

(ASN-44/2026-27)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, प०नि०वि०

**राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, औरंगाबाद**

बिहार सरकार

Mobile No.-9470001322, E-mail id.-eenhaurangabad@gmail.com

पुर्न–अल्पकालीन Re-Quotation–आमंत्रण–सूचना संख्या–02 वर्ष 2026–27

कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, औरंगाबाद के सरकारी कार्यो के निष्पादन हेतु वाहन आपूर्तिकर्ताओं/वाहन मालिकों/रजिस्टर्ड फर्म से किराये पर वित्तीय वर्ष–2026–27 के लिए वातानुकूलित व्यवसायिक (Scorpio, Innova) वाहन, चालक सहित एवं इंधन रहित उपलब्ध कराने हेतु मुहरबंद कोटेशन दिनांक–18.05.2026 के 3:00 बजे अपराह्न तक आमंत्रित की जाती है। निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त कोटेशन स्वीकार्य नहीं होगी।

2. इच्छुक वाहन मालिक संलग्न प्रारूप में आवेदन के माध्यम से वाहन संबंधित कागजात (यथा वाहन निबंधन, वाहन का अद्यतन रोड टैक्स, अद्यतन बीमा प्रमाण–पत्र, प्रदूषण फिटनेस इत्यादि), वाहन चालक के संबंध में विवरण (यथा वैद्य ड्राईविंग लाईसेन्स, चालक का आधार कार्ड आदि) एवं वाहन आपूर्तिकर्ताओं/वाहन मालिकों के पैन कार्ड तथा रजिस्टर्ड फर्म के पैन कार्ड एवं जी०एस०टी० निबंधन प्रमाण–पत्र को संलग्न कर प्रतिमाह वाहन का भाड़ा चालक एवं सभी कर सहित (अंक एवं शब्द दोनो में) उद्धृत कर निर्धारित तिथि एवं समय तक अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा कर सकते है।

कार्यपालक अभियंता
राष्ट्रीय उच्च पथ, प्रमण्डल, औरंगाबाद

PR- 002262 (RCD) 2026-27

विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

**बिहार सरकार**

योजना एवं विकास विभाग
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमण्डल, औरंगाबाद
निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 02/2026–27
(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

1. कार्यों की विवरणी (योजना/शीर्ष/मद का नाम) : – **कब्रिस्तान घेराबन्दी योजना।**

| ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण – विपत्र का मूल्य (केवल ऑनलाइन मोड में भुगतान किया जाना है) (अप्रत्यर्पणीय) (रूपये में) | बीड प्रोसेसिंग शुल्क (केवल ऑनलाइन मोड में भुगतान किया जाना है) (अप्रत्यर्पणीय) (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |
| 1 | ओबरा प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत महुआँव के ग्राम बेलाढ़ी में कब्रिस्तान धेराबन्दी का निर्माण कार्य। | 66.80 | 1,33,600.00 | 10,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 6 माह |
| | कुल योग :– | 66.80 | | | | |

2. विज्ञापन निर्गत करने की तिथि : दिनांक – 27.04.2026
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 14.05.2026 को 10.00 बजे पूर्वाहन से। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 19.05.2026 समय 3.00 बजे अपराह्न। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
5. तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 19.05.2026 समय 3.30 बजे अपराह्न (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
6. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय : सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में सूचित किया जायेगा। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
7. निविदा खोलने का स्थान : सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर

कार्यपालक अभियंता
स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन,
कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 002259 (Planning) 2026-27

बिहार में शराब का व्यापार, बिक्री एवं सेवन अवैध है।
इससे संबंधित शिकायत इस नंबर पर दर्ज करायें, आपकी जानकारी गुप्त रखी जाएगी।
टॉल फ्री नं– 15545 या 1800 345 6268

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21(नोटिस)/752, दिनांक: 30.04.2026।** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युतीय कार्यों के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम संख्या:** 1। **निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3496-आर। कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल के अधीन बैंडेल, बर्द्धमान, आजिमगंज, रामपुरहाट में रेलवे इंस्टिट्यूट के जीर्णोद्धार के सम्बन्ध में विद्युतीय (साधारण) कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 95,09,960। **बोली प्रतिभूति (जमा बयाना राशि):** ₹ 1,90,200। **क्रम संख्या:** 2। **निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3487-आर1। कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/1/हावड़ा के खंड में अमृत स्टेशन योजना के अधीन तारकेश्वर में विस्तारित स्टेशन बिल्डिंग (ग्राउंड फ्लोर) के अवशिष्ट कार्य का संपादन तथा डोम स्ट्रक्चर, स्टेशन बिल्डिंग तथा पथिक शेड के बीच संपर्क सहित पोर्च के साथ फसाड के सामने विकास, बुकिंग कार्यालय, स्टेशन बिल्डिंग के शौचालय एवं प्रतीक्षालय के अंदरूनी विकास के लिए विद्युतीय साधारण कार्य तथा वर्तमान स्टेशन बिल्डिंग का अन्य आनुषंगिक कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 48,34,905। **बोली प्रतिभूति (जमा बयाना राशि):** ₹ 96,700। **क्रम संख्या:** 3। **निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3485-आर1। कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/1/हावड़ा के खंड में अमृत स्टेशन योजना के अधीन चंदननगर स्टेशन पर फसाड और पोर्च का विकास तथा बुकिंग कार्यालय, शौचालय एवं प्रतीक्षालय के अंदरूनी विकास के लिए विद्युतीय साधारण कार्य तथा अन्य आनुषंगिक कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 48,07,413। **बोली प्रतिभूति (जमा बयाना राशि):** ₹ 96,200। **क्रम संख्या:** 4। **निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3489-आर1। कार्य का नाम:** जोनल नेटवर्क ऑपरेशन सेंटर कम ईपीसी बिल्डिंग के निर्माण के सम्बन्ध में विद्युतीय साधारण कार्य के सम्बन्ध में मशीन रूम/मशीन रूम लेस (एमआरएल) पैसेंजर लिफ्ट (जी+4), 5 स्टॉप्स, 5 ओपनिंग्स, 8 यात्री की क्षमता (544 किग्रा) की डिज़ाइन, निर्माण एवं आपूर्ति। **निविदा मूल्य:** ₹ 34,48,385। **बोली प्रतिभूति (जमा बयाना राशि):** ₹ 69,000। **क्रम संख्या:** 5। **निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3549-आर। कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/डानकुनी के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/डानकुनी के खंड में शिवाईचंडी, चेराग्राम ब्लॉक हट, गुड़ाप एवं झापानडांगा पर गैंग हट के निर्माण के सम्बन्ध में विद्युतीय (साधारण) कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 5,90,553। **बोली प्रतिभूति (जमा बयाना राशि):** ₹ 11,800। **क्रम संख्या:** 6। **निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3548-आर। कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/2/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के अधीन पीडब्ल्यूआई/वेस्ट/बर्द्धमान खंड में 02 अदद (यूनिट-5 एवं यूनिट-1) तथा पीडब्ल्यूआई/ईस्ट/बर्द्धमान खंड में 03 अदद (यूनिट-2, यूनिट-5 तथा यूनिट-6) गैंग हट के प्रावधान के सम्बन्ध में विद्युतीय (साधारण) कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 9,32,217। **बोली प्रतिभूति (जमा बयाना राशि):** ₹ 18,700। **क्रम संख्या:** 7। **निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3525-आर। कार्य का नाम:** ट्रैक मशीन साइडिंग्स (ईआई) के सम्बन्ध में विद्युतीय (साधारण) कार्य - 27 अदद। **निविदा मूल्य:** ₹ 2,54,84,886। **बोली प्रतिभूति (जमा बयाना राशि):** ₹ 5,09,700। **क्रम संख्या:** 8। **निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3229-आर3। कार्य का नाम:** टिकियापाड़ा कोचिंग कॉम्प्लेक्स एवं सॉर्टिंग यार्ड कोचिंग कॉम्प्लेक्स में इलेक्ट्रॉनिक्स टेस्टिंग लैब का विकास। **निविदा मूल्य:** ₹ 17,70,513। **बोली प्रतिभूति (जमा बयाना राशि):** ₹ 35,400। **क्रम संख्या:** 9। **निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3527-आर। कार्य का नाम:** ट्रैक मशीन साइडिंग्स (पीआई) के सम्बन्ध में विद्युतीय (साधारण) कार्य - 20 अदद। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,75,25,837। **बोली प्रतिभूति (जमा बयाना राशि):** ₹ 3,50,500। **क्रम संख्या:** 10। **निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3532-आर। कार्य का नाम:** एडीईएन/आजिमगंज के खंड के अधीन तकिपुर, लोहापुर, गोसांईग्राम, खागड़ाघाट रोड, काजीपाड़ा हाल्ट तथा बाज़ारसौ स्टेशन के नज़दीक गैंग हट के निर्माण के सम्बन्ध में विद्युतीय (साधारण) कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 13,44,257। **बोली प्रतिभूति (जमा बयाना राशि):** ₹ 26,900। **पूरा करने की अवधि:** 180 दिन (क्रम संख्या 1 से 10 प्रत्येक के लिए)। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 13.05.2026 को अपराह्न 3.00 बजे (क्रम संख्या 1 से 4 प्रत्येक के लिए) तथा 15.05.2026 को अपराह्न 3.00 बजे (क्रम संख्या 5 से 10 प्रत्येक के लिए)। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित बंद होने की तारीख को किसी कारणवश छुट्टी/बंद/हड़ताल घोषित होने पर ऑनलाइन निविदा के बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा क्योंकि आईआरईपीएस वेबसाइट में आवेदन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि, ऑनलाइन निविदा को निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन में खोला जाएगा। निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें।

(HWH-44/2026-27)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### जिले की 42 पंचायतों में 19 मई से सहयोग शिविर

**आरा**। राज्य सरकार की पहल पर जिले के चयनित 42 पंचायतों में 19 मई से सहयोग शिविर आयोजित होगा। इसका उद्देश्य बिहार सरकार की जनहितकारी नई पहल के अंतर्गत आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान, विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों/आवेदनों का एक ही स्थान पर समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करना तथा आमजन को सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं लाभ उपलब्ध कराना है। आयोजन को लेकर जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने सभी विभागों के जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ जूम मीटिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। सहयोग शिविर का आयोजन पंचायत स्तर पर प्रत्येक माह के पहले एवं तीसरे मंगलवार को किया जाएगा। शिविर में जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तर के पदाधिकारी उपस्थित रहकर आम नागरिकों की समस्याओं का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन सुनिश्चित करेंगे।

**30 दिन पूर्व से लेना होगा आवेदन-** शिविर के आयोजन से 30 दिन पूर्व से आवेदन प्राप्त करने की व्यवस्था संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा सुनिश्चित की जाएगी। संबंधित विभागीय पदाधिकारी शिविर से पूर्व प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा के अंतर्गत निराकरण करते हुए इसकी लिखित सूचना शिविर में उपलब्ध कराएंगे। इन शिविरों में राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, भूमि सुधार, पंचायती राज, शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत, जलापूर्ति सहित विभिन्न विभागों से संबंधित मामलों का निष्पादन किया जाएगा। प्रत्येक स्थल पर जिला स्तरीय/वरीय पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। 19 मई को जिले के प्रत्येक प्रखंड की चयनित 42 पंचायतों में सहयोग शिविर लगाया जाना है ▪ प्रखंड-आरा सदर पंचायत-महुली,करारी,स नदियां, ▪ प्रखंड-बड़हरा पंचायत- फरना, मटुकपुर, सिन्हा, सरैयां, पकड़ी,बलुआ, ▪ प्रखंड-कोईलवर पंचायत-चंदा,खेसरहिया ,दौलतपुर, राजापुर ▪ प्रखंड-उदवंतनगर पंचायत-कुसुम्हा,असनी , सोनपुरा, ▪ प्रखंड-पीरो पंचायत-लहठान,जितौरा, जमुआंव, नारायणपुर,सुखरौली ▪ प्रखंड-शाहपुर पंचायत-प्रसौडा,सुहिय I, बरिसवन, दामोदरपुर ▪ प्रखंड-तरारी पंचायत-पनवारी,ईमादपु र, बसौरी, मोआपखुर्द, चकियां ▪ प्रखंड-जगदीशपुर पंचायत-चकवां, हरिगांव ▪ प्रखंड-अगिऑव पंचायत-नोनउर, पवना, चासी, ▪ प्रखंड-बिहियाँ पंचायत-ओसाई ▪ प्रखंड-संदेश पंचायत-अखगांव,कोरी, खंडोल, ▪ प्रखंड-सहार पंचायत-सहार, बरुहीं, ▪ प्रखंड-चरपोखरी पंचायत-कोयल

### सात केंद्रों पर नीट-यूजी 2026 की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**आरा**| भोजपुर जिले में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2026 रविवार को कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच शांतिपूर्ण एवं कदाचार-मुक्त वातावरण में संपन्न हो गई। परीक्षा दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक आयोजित की गई, जिसमें कुल 96.42 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने भाग लिया। प्रशासन द्वारा परीक्षा को निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए व्यापक तैयारियां की गई थीं। परीक्षार्थियों को सुबह 11 बजे से केंद्रों में प्रवेश दिया गया, जबकि दोपहर 1:30 बजे के बाद प्रवेश पूरी तरह बंद कर दिया गया। सभी केंद्रों पर अभ्यर्थियों की सघन जांच के बाद ही अंदर जाने की अनुमति दी गई। नोडल पदाधिकारी एस अहमद ने बताया कि शहर के सात केंद्रों पर यह परीक्षा हुई है। इनमें टाउन प्लस टू स्कूल, एसबी कॉलेज, एमएम महिला कॉलेज, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, राजकीय कन्या प्लस टू हाई स्कूल, हित नारायण क्षत्रिय प्लस टू हाई स्कूल एवं राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय शामिल है। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

### विशेष छापेमारी अभियान में 32 अभियुक्त गिरफ्तार

**बक्सर**। जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष छापेमारी अभियान के दौरान कुल 32 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई एसपी शुभम आर्य के निर्देश पर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई।, पुलिस टीम ने अलग-अलग मामलों में आरोपितों को पकड़कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार हत्या के बलात्कार कांड में 4, आर्म्स एक्ट में 1, शराब के सेवन में 18, शराब बरामदगी में 2, वारंट में 7 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के खिलाफ आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया।

### लापरवाह तीन पुलिस अधिकारी निलंबित

**बक्सर**| कर्तव्य में लापरवाह तीन पुलिस अधिकारियों को एसपी शुभम आर्य निलंबित कर दिया। सभी निलंबित पुलिसकर्मियों से स्पष्टीकरण की मांग भी की गई है। शनिवार की देर रात एसपी खुद सड़कों पर थे। थानों के औचक निरीक्षण के दौरान ड्यूटी में लापरवाही और अनुशासनहीनता पाए जाने पर एसपी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन पुलिस पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। पुलिसकर्मी न केवल अपनी जिम्मेदारी के प्रति लापरवाह मिले, बल्कि वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों की धज्जियां उड़ाते भी पाए गए। इसे अनुशासनहीनता की श्रेणी में रखते हुए एसपी ने कड़ा कड़ा फैसला लिया। एसपी ने टाउन थाना के पीटीसी अमरजीत कुमार, नया भोजपुर थाना के पुलिस अवर निरीक्षक नजरूल हक और औद्योगिक थाना के पुलिस अवर निरीक्षक अमरेन्द्र कुमार सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन की अवधि के दौरान इन्हें केवल सामान्य जीवन यापन भत्ता देय होगा। निरीक्षण के दौरान जिन अन्य पुलिसकर्मियों की कार्यशैली संदिग्ध या असंतोषजनक पाई गई है।

### संगठन की ताकत ही होती है किसी भी राजनीतिक दल की असली पूंजी

**बक्सर**। दिल्ली विश्वविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षाविद प्रोफेसर एके दुबे ने झंडेवालान के राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. बालमुकुंद के साथ बक्सर के प्रसिद्ध रामेश्वर महादेव मंदिर में विधिवत पूजन-अर्चन की। इस अवसर पर उन्होंने मंडल अध्यक्षों के साथ विस्तृत सांगठनिक चर्चा की तथा बिहार के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। बैठक में संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की सक्रियता और आगामी योजनाओं को लेकर विशेष रणनीति बनाई गई। प्रो. दुबे ने कहा कि संगठन की ताकत ही किसी भी राजनीतिक दल की असली पूंजी होती है और जमीनी स्तर पर मजबूत संरचना से ही विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सकता है। प्रो एके दुबे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में देश में चौतरफा विकास हो रहा है। सड़क, पुल, शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत संरचनाओं में तेजी से सुधार हुआ है, जिसका लाभ बिहार को भी मिल रहा है। उन्होंने विशेष रूप से बक्सर को मनेर के रास्ते जेपी सेतु से सीधे जोड़ने की प्रस्तावित योजना का जिक्र करते हुए इसे क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया। इस योजना के लिए उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि इससे न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि व्यापार और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

### बीजेपी की रफ्तार के पीछे कार्यकर्ताः संजय

**बक्सर**। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने रविवार को स्थानीय पार्टी कार्यालय, अहिरौली में एमएलसी उप चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि एनडीए प्रत्याशी कन्हैया प्रसाद को जीत दिलाने के लिए लग जाएं। भाजपा कार्यालय पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने अपने प्रदेश अध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत किया। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सरावगी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के रफ्तार के पीछे कार्यकर्ताओं का हाथ है। कार्यकर्ता ही पार्टी है और पार्टी ही कार्यकर्ता है। भारतीय जनता पार्टी अपने हर कार्यकर्ताओं के कार्यों की समीक्षा करती है। भाजपा ही एक ऐसी सी पार्टी है जिसमें कार्यकर्ता कब देश और राज्य की कमान संभाल ले, यह कोई नहीं जानता।इस पार्टी में सबको समय मिलता है। किसी को अभी तो किसी को बाद में। उन्होंने विधान परिषद उप चुनाव के एनडीए प्रत्याशी कन्हैया प्रसाद को जीत दिलाने की अपील की। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भुवन तथा संचालन लक्ष्मण शर्मा ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर प्रदेश अध्यक्ष ने पुष्पांजलि अर्पित कर किया। बैठक को शंभू सिद्धार्थ प्रदेश उपाध्यक्ष, अशोक भट्ट क्षेत्रीय सह प्रभारी शाहाबाद, राजेश वर्मा, प्रदेश महामंत्री, सदर विधायक आनंद मिश्रा, कन्हैया प्रसाद, एनडीए प्रत्याशी, संदेश विधायक राधाचरण सेठ ने संबोधित किया।

# चोल मुंडन संस्कार पर उमड़ी भीड़, शहर में भीषण जाम

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। बक्सर शहर में चोल मुंडन संस्कार के कारण आज भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। सड़कों पर भीषण जाम लग गया और लोगों को छोटी दूरी तय करने में भी काफी समय लगा। यह दिन आम नागरिकों के लिए परेशानी भरा साबित हुआ। प्रशासन ने भीड़ को देखते हुए पहले से ही एक विस्तृत यातायात योजना तैयार की थी। शहर को तीन जोन में बांटा गया था, और विभिन्न दिशाओं से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग स्थल निर्धारित किए गए थे। दक्षिण से आने वालों के लिए इटाढ़ी गुमटी के पास रेलवे मैदान, पश्चिम से आने वालों के लिए आईटीआई मैदान, और पूर्व से आने वालों के लिए सिंडिकेट गोलंबर के पास पार्किंग की व्यवस्था की गई थी।



**शहर की मुख्य सड़कों पर लंबा जाम लग गयाः** हालांकि, भीड़ बढ़ने के साथ ही यह योजना पूरी तरह विफल हो गई। शहर की मुख्य सड़कों पर लंबा जाम लग गया। अंबेडकर चौक से ज्योति चौक तक की लगभग 500 मीटर की दूरी तय करने में लोगों को 40 से 45 मिनट का समय लगा। गर्मी और उमस के बीच जाम में फंसे लोग काफी परेशान नजर आए। जाम में फंसे लोगों ने प्रशासनिक व्यवस्था पर नाराजगी व्यक्त की। एक स्थानीय दूध विक्रेता ने कहा, "इतनी छोटी दूरी तय करने में इतना समय लगना बताता है कि व्यवस्था सिर्फ कागजों तक सीमित है।" लोगों का कहना था कि हर बड़े आयोजन में ऐसे दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत नहीं बदलती।

**कई स्थानों पर पुलिस बल की कमी देखी गईः** यातायात योजना को सही तरीके से लागू न कर पाना सबसे बड़ी समस्या रही। कई स्थानों पर पुलिस बल की कमी देखी गई और लोगों को उचित दिशा-निर्देश नहीं मिल पाए। इसके परिणामस्वरूप सड़कों पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बक्सर शहर फिलहाल जाम की समस्या से जूझ रहा है और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आवश्यकता है कि प्रशासन केवल योजनाएं बनाने तक सीमित न रहे, बल्कि उन्हें सख्ती से लागू भी करे, ताकि भविष्य में ऐसी स्थितियों से बचा जा सके।

## ट्रक ने 2 मौसेरे भाइयों को रौंदा



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। भोजपुर में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार मौसेरे भाइयों को रौंद दिया। एक की मौके पर ही मौत हो गई, दूसरा घायल है। दोनों तिलक समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे। घटना गड़हनी थाना क्षेत्र के खरईचा गांव की है। मृतक नीतीश कुमार(18) कृष्णागढ़ के सरैया गांव का रहने वाला था। इसी साल इंटर फर्स्ट डिवीजन से पास किया था। सरकारी नौकरी की तैयार कर रहा था। मौसेरा भाई प्रिंस सेमरिया गांव का रहने वाला है।

**शादी की खुशियां मातम में बदलीः** मृतक के छोटे भाई अमित कुमार ने बताया कि मौसी सीमा देवी की बेटी का तिलक आयर के भेड़री गांव जा रहा था। दोनों भाई एक साथ बाइक से निकले थे। रास्ते में ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने नीतीश को मृत घोषित कर दिया।

**घर में मचा कोहरामः** सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने परिजनों को शव सौंप दिया है। नीतीश तीन भाई-बहन में दूसरे स्थान पर था। परिवार में मां मंजू देवी, भाई अमित कुमार और बहन लालती देवी है। मां समेत परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## ट्रैक्टर ने सड़क किनारे खड़े 2 बच्चों को रौंदा, मौत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। बक्सर के मुरार थाना क्षेत्र अंतर्गत बैदा गांव में रविवार रात एक सड़क हादसे में दो बच्चों की मौत हो गई। मिट्टी लादकर जा रहे एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने सड़क किनारे खड़े इन बच्चों को कुचल दिया। यह घटना रात करीब आठ बजे हुई। मृतकों की पहचान रोहतास जिले के नटवार थाना क्षेत्र के मुसवट गांव निवासी 12 वर्षीय आनंद शर्मा और अरियांव निवासी 6 वर्षीय आरडी शर्मा के रूप में हुई है। दोनों बच्चे अपने मामा दुर्गेश शर्मा की शादी में शामिल होने बैदा गांव स्थित ननिहाल आए थे। आरडी शर्मा अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। जानकारी के अनुसार, डुमरांव से चौगाईं की ओर मिट्टी लादकर जा रहा ट्रैक्टर बैदा गांव के पास अनियंत्रित हो गया। उसने सड़क किनारे खड़े बच्चों को अपनी चपेट



में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बच्चों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।

**ट्रैक्टर पर नियंत्रण खोने से हुई दुर्घटनाः** हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोग तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन बच्चों को बचाया नहीं जा सका। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, ट्रैक्टर चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा था। दुर्घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर मुरार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है।

## बॉयफ्रेंड ने शादीशुदा गर्लफ्रेंड की गर्दन काटी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। भोजपुर में धारदार हथियार से महिला की गर्दन काटने के मामले में नया मोड़ सामने आया है। प्रेम-प्रसंग में वारदात को अंजाम दिया गया था। महिला पर चोरों ने नहीं, बल्कि उसके प्रेमी ने हमला किया था। शनिवार देर रात प्रेमी अपनी शादीशुदा प्रेमिका से मिलने के लिए घर पहुंचा था। पकड़े जाने के डर से उसने घबराकर जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने बाल पकड़कर धारदार हथियार से गर्दन के आगे और पीछे के हिस्से पर वार किया है। गर्दन के आगे करीब 9 सेंटीमीटर और पीछे साइड एक-एक इंच की दूरी पर तीनों जगहों पर करीब चार से पांच सेंटीमीटर तक काटा गया है। पीड़िता की पहचान वार्ड नंबर 14 निवासी आशीष कुमार वर्मा की बेटी अनु कुमारी (26) के तौर पर हुई है। आरोपी ऋषि कुमार फिनगी गांव का रहने वाला है।

**फोटो डिलीट करने को लेकर दोनों में झगड़ा हुआ थाः** आरोपी ऋषि ने बताया, अनु से मेरी बात इंस्टाग्राम पर बात हुई थी। धीरे-धीरे हमारी नजदीकियां बढ़ीं। फिर एक-दूसरे से प्यार कर बैठे। मेरे पास दोनों की कुछ तस्वीरें थीं। मोबाइल से फोटो को डिलीट करने को लेकर हम



दोनों के बीच कुछ दिनों से झगड़ा चल रहा था। अनु ने ही अपने मोबाइल में मौजूद सभी फोटो डिलीट कराने के लिए घर बुलाया था। वहां पहुंचने के बाद उसे फर्स्ट फ्लोर के कमरे में ले गई। कमरे में पहुंचने के बाद उसने मेरे मोबाइल से सारे फोटो डिलीट कर दिए। जब मैंने उससे मोबाइल मांग तो उसने देने से मना कर दिया। इसी बात को लेकर नोकझोंक हुई। देखते ही देखते मामला बिगड़ गया। कमरे में दोनों के बीच हुए संघर्ष के निशान मिले हैं। कमरे से लेकर बाहर बरामदे तक खून बह रहा था। हमले के दौरान अनु कमरे में छटपटाती रही, लेकिन प्रेमी ऋषि बेहरमी से उसका गर्दन काटता गया। इस दौरान कमरे में सो रही अनु की बेटी (6) जाग गई। शोर मचाने पर अनु के भैसुर आ गए। वहां से भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन परिवार वालों ने उसे दबोच लिया।

**बरामदे तक फैला था खूनः** सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस के साथ FSL की टीम मौके पर पहुंची। कमरे से धारदार हथियार (हसुआ) बरामद हुआ है। कमरे में पसरे खून, दीवार पर संघर्ष के निशान की तस्वीरें ली गई। इस दर्दनाक हादसे को देखकर पुलिस भी सहम गई।

**महिला के बयान पर पुलिस ने दर्ज किया केसः** थानाध्यक्ष सुदेश्वर दास ने बताया, घायल महिला अनु कुमारी के बयान पर ऋषि राज के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस को दिए बयान में महिला ने बताया कि उसके पति अपने पिता के इलाज के लिए वाराणसी गए थे। देर रात दरवाजा खटखटाना की आवाज सुनकर उसने सोचा कि उसके पति लौट आए हैं। जैसे ही वह दरवाजा खोलने गई, आरोपी वहां खड़ा था। जबरन घर में घुसकर उससे बातचीत करने लगा। इसी दौरान उसका पति पहुंच गया, तभी आरोपी ने जान मारने के नीयत से हसुआ से उसके गर्दन पर वार कर दिया।

**चाचा को लेकर भइया वाराणसी गए थेः** घायल महिला के चचेरे देवर आदित्य कुमार ने बताया, भइया बनाही बाजार स्थित जेवर दुकान में काम करते हैं। गुरुवार की रात चाचा मुन्ना सेठ दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहे थे।

## 12वीं राज्य स्तरीय ग्रेपलिंग में भोजपुर चैंपियन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। खेल भवन आरा में, 12वीं राज्य स्तरीय ग्रेपलिंग प्रतियोगिता 2026 में भोजपुर जिले ने लगातार सातवीं बार प्रथम स्थान हासिल कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। इस प्रतियोगिता में बिहार के लगभग 17 से 18 जिलों के सैकड़ों प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया। इनमें पटना, बक्सर, कैमूर, गया, नवादा, नालंदा, शेखपुरा, मुंगेर, लखीसराय, भागलपुर, बांका, सहरसा, सीवान, गोपालगंज, हाजीपुर, बेगूसराय और सीतामढ़ी जैसे प्रमुख जिले शामिल रहे। प्रतियोगिता में भोजपुर के खिलाड़ियों ने सभी आयु वर्गों सब जूनियर, जूनियर और सीनियर तथा विभिन्न भार वर्गों में शानदार प्रदर्शन करते हुए अधिकतर पदकों पर कब्जा जमाया। टीम के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन ने जिले को कुल अंकों में शीर्ष स्थान दिलाया। वहीं, पटना दूसरे और सीवान तीसरे स्थान पर रहा।




**मुख्य अतिथि ने किया सम्मानित, खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह** कार्यक्रम का उद्घाटन आरा विधायक एवं पूर्व मंत्री संजय सिंह टाइगर ने किया। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को पदक, प्रमाण पत्र और सम्मान देकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर बिहार ग्रेपलिंग संघ के सचिव सुबोध कुमार यादव, भोजपुर ग्रेपलिंग संघ के अध्यक्ष विवेक मिश्रा माधव, सचिव रिजवानुल हक सहित कई लोग उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में प्रियेश कुमार, नीतीश कुमार, रानी कुमारी, मिनी कुमारी, प्रियंका, मोहिनी, पीयूष प्रभात, ऋषभ, आदेश, शिव शरण और रजनीश पाठक समेत कई खिलाड़ियों ने अपने-अपने वर्गों में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर जिले का मान बढ़ाया। **राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दिखेगा भोजपुर का दम** अब ये खिलाड़ी आगामी सीनियर राष्ट्रीय ग्रेपलिंग प्रतियोगिता में भाग लेंगे, जो 29 मई से 1 जून 2026 तक गुवाहाटी (असम) में आयोजित होगी। भोजपुर ग्रेपलिंग संघ ने इस सफलता का श्रेय खिलाड़ियों की मेहनत, प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन और प्रशासन के सहयोग को दिया है। यह उपलब्धि जिले में ग्रेपलिंग खेल के बढ़ते स्तर और उज्ज्वल भविष्य का संकेत है।

## कथाकार अमरकांत की जन्म शताब्दी पर संगोष्ठी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। जनवादी लेखक संघ, भोजपुरी के तत्वावधान में शहर के मानसरोवर कॉलोनी स्थित प्रो. नीलांबुज सरोज के आवास पर सुप्रसिद्ध कथाकार अमरकांत की जन्म शताब्दी के अवसर पर स्मरण गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कथाकार डॉ. नीरज सिंह ने की, जबकि संचालन युवा कवि आदित्य नारायण ने किया। संगोष्ठी की शुरुआत प्रो. नीलांबुज सरोज ने अमरकांत के बहुआयामी व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए की। उन्होंने 'बहादुर', 'डिप्टी कलक्टरी' जैसी चर्चित कहानियों और 'इन्हीं हथियारों से' उपन्यास का उल्लेख करते हुए हिंदी कथा-साहित्य में उनके महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित किया। इसके बाद कवयित्री डॉ. तनुजा कुमारी, अधिवक्ता व युवा कवि आमोद कुमार और शोध छात्र प्रकाश कुमार ने क्रमशः 'बहादुर',




'डिप्टी कलक्टरी' और 'दोपहर का भोजन' कहानियों का प्रभावशाली पाठ किया, जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा। साहित्यकार एवं 'दस्तक' पत्रिका के संपादक रामयश अविकल ने संगोष्ठी को ज्ञानवर्धक बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन नए रचनाकारों के लिए अत्यंत उपयोगी होते हैं। वरिष्ठ कवि राजाराम प्रियदर्शी ने भी कहानियों में चित्रित जीवन यथार्थ को मर्मस्पर्शी बताते हुए इसे प्रेरणादायक पहल बताया। आमोद कुमार और जयप्रकाश ने भी अमरकांत की कहानियों के कथ्य और शिल्प पर अपने विचार रखे। अध्यक्षीय वक्तव्य में डॉ. नीरज सिंह ने हिंदी कहानी की विकास यात्रा का उल्लेख करते हुए नई कहानी आंदोलन में अमरकांत के योगदान को विस्तार से प्रस्तुत किया। उन्होंने पाठित कहानियों के विभिन्न पहलुओं पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में 'दस्तक' पत्रिका के नवीन अंक का लोकार्पण किया गया। अंततः संचालक आदित्य नारायण ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ संगोष्ठी का समापन किया।

# झारखंड व बिहार के कई विधायक व नेता हुए भंडारे में शामिल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गड़हनी**। स्थानीय गड़हनी प्रखंड के लभुआनि में माँ सिद्धेश्वरी शक्तिपीठ धाम के चतुर्थ वार्षिकोत्सव पर चल रहा तीन दिवसीय लभुआनी महोत्सव आज देवी पाठ,महाआरती, सामूहिक हवन व विशाल भंडारा के साथ शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गया। पूजा पाठ के बाद सैकड़ों भक्तों,नेताओं व ग्रामीणों के देवी का दर्शन कर भंडारा के शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया।

**इशरत जहां करेंगी आज देवी जागरण में:** देवी जागरण में इशरत जहां केडिया सहित कई भोजपुरी के दिग्गज कलाकार अपना भजन प्रस्तुत कर भक्तों को झूमने पर मजबूर करेंगें। वहीं बिहार के टॉप ऐंकर रविरंजन राय ने भी अपनी जादुई आवाजों से श्रोताओं व भक्तों को खूब आनंदित किया है और तालिया बटोरी है। देवी जागरण मंच का महोत्सव के शुरुआत से ही रविरंजन राय व कुरकुरी पैक्स अध्यक्ष शिवमंगल सिंह ने एंकरिंग कर अपना छाप छोड़ा है। महोत्सव के अंतिम दिन जमुई के विधायक सह पूर्व मंत्री श्रेयसी सिंह,



झारखंड के झरिया विधायक रागिनी सिंह, धनबाद के मेयर संजीव सिंह, झारखंड चतरा सांसद कालीचरण सिंह, दानापुर विधायक रामकृपाल यादव , अगिआंव विधायक महेश पासवान,पूर्व सांसद मीना सिंह सहित कई नेताओं व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने माँ सिद्धेश्वरी शक्तिपीठ धाम में जाकर माता रानी का दर्शन किया। दर्शन के दौरान माँ सिद्धेश्वरी चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह के द्वारा सभी अतिथियों को चुनरी देकर सम्मानित किया गया। रविवार को सुबह से ही दर्शन करने व भंडारा का प्रसाद ग्रहण करने के लिये भक्तों की भीड़ लगी रही। कमिटी के सदस्यों ने आए सभी अतिथियों को दर्शन कराकर प्रसाद ग्रहण कराते थे।

## 2 बाइकों की आपस में टक्कर



♦ हादसे में ठेकेदार की मौत, दूसरा युवक घायल, मुंडन संस्कार में शामिल होने जा रहे थे

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। आरा-सलेमपुर मेन रोड पर 2 बाइकों की आपस में टक्कर हो गई। एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरे की हालत गंभीर है। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। घायल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। घटना धोबहां थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव स्थित पेट्रोल पंप के पास की है। मृतक राकेश मुफस्सिल के बेलघाट गांव(वार्ड संख्या 4) के रहने वाले थे। राजकोट में एक प्राइवेट कंपनी में ठेकेदारी का काम करते थे। भाई रितेश ने बताया कि पड़ोसी के यहां मुंडन कार्यक्रम था। बाइक से महुली घाट जा रहे थे। रास्ते में हादसे के शिकार हो गए। सिर में गंभीर चोट लगी थी। पैर घुटने के नीचे टूट गई थी।

**घर में मचा कोहरामः** स्थानीय लोगों से हादसे की जानकारी मिली, जिसके बाद परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव सौंप दिया। परिवार में पत्नी असरफी देवी, बेटी जिया कुमारी(4) और चार भाई-बहन है। इस हादसे के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### वैशाली में अवैध संबंध में पत्नी की गला दबाकर हत्या, एनिवर्सरी के 4 दिन पहले घटना

**हाजीपुर**। वैशाली में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। भगवानपुर थाना क्षेत्र के रतनपुरा गांव में एक पति पर अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगा है। मृतका की पहचान लक्ष्मी कुमारी के रूप में हुई है। यह घटना उनकी शादी की पहली सालगिरह से महज चार दिन पहले हुई, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। परिजनों का आरोप है कि लक्ष्मी के पति शुभम राज का पड़ोस की एक महिला के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था। आरोप है कि जब लक्ष्मी ने इस रिश्ते का विरोध किया, तो शुभम ने उसकी हत्या कर दी। मृतका के भाई दीपक कुमार ने बताया कि उनकी बहन की शादी 8 मई 2025 को शुभम राज से हुई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि शुभम ने केवल सामाजिक दबाव में यह शादी की थी, जबकि उसका झुकाव पहले से ही किसी अन्य महिला की ओर था। दीपक के मुताबिक, कई बार पंचायत के जरिए दोनों के बीच सुलह कराने की कोशिश की गई, लेकिन स्थिति में सुधार नहीं हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही मायके पक्ष में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि उन्हें इस घटना की सूचना गांव के एक रिश्तेदार से मिली, जिसके बाद वे तुरंत ससुराल पहुंचे। मामले पर कार्रवाई करते हुए सदर एसडीपीओ गोपाल मंडल ने बताया कि पुलिस को रतनपुरा गांव में एक महिला की संदिग्ध मौत की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि शव घर के कमरे में पलंग पर रखा हुआ था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल भेज दिया है। साथ ही, एफएसएल टीम को बुलाकर घटनास्थल से वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य जुटाए गए हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। मृतका के परिजनों द्वारा लगाए गए अवैध संबंध के आरोप को भी जांच में शामिल किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।



### 2 क्रिमिनल गिरफ्तार, अवैध हथियार बरामद, गांधी चौक पर ऑटो ड्राइवर से लूटपाट मामले में एक्शन

**हाजीपुर**। वैशाली पुलिस ने नगर थाना क्षेत्र से दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इन पर 29 अप्रैल को गांधी चौक के पास एक टेम्पो चालक से मारपीट और लूटपाट का आरोप है। पुलिस ने इनके पास से एक देशी पिस्टल और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। इस संबंध में नगर थाना में कांड संख्या 399/26 दर्ज किया गया था। सदर एसडीपीओ सुबोध कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए वैशाली पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया था। इस टीम का नेतृत्व सदर-1 अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुबोध कुमार ने किया, जिसमें नगर थानाध्यक्ष भी शामिल थे। टीम ने मानवीय खुफिया जानकारी और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गहन अनुसंधान किया। इसके बाद, इस घटना में शामिल मयंक कुमार उर्फ मयंक निषाद (पिता दीपक सहनी, निवासी नखास चौक, नगर थाना, वैशाली) और राजू कुमार (पिता रमेश महतो, निवासी बागमल्ली, नगर थाना, वैशाली) को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार अपराधियों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। दोनों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। गिरफ्तार राजू कुमार का आपराधिक इतिहास रहा है। उस पर गंगाब्रिज थाना में आर्म्स एक्ट (कांड संख्या 48/23) और डकैती (कांड संख्या 35/23) के मामले दर्ज हैं। इसके अतिरिक्त, राजापाकड़ थाना में भी उस पर आर्म्स एक्ट (कांड संख्या 50/23) का मामला दर्ज है। मयंक कुमार पर नगर थाना में आर्म्स एक्ट (कांड संख्या 776/25), चोरी (कांड संख्या 242/24) और डकैती (कांड संख्या 245/24) के मामले दर्ज हैं।




### रायफल के साथ युवक गिरफ्तार, घर में छिपाकर रखने की सूचना थी, एसटीएफ ने की छापेमारी

**हाजीपुर**। वैशाली जिले के जुड़ावनपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक अपराधी को अवैध देशी रायफल के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बीरपुर निवासी अनिल कुमार के रूप में हुई है। उसके पास से एक .303 बोर की देशी रायफल बरामद की गई है। सदर एसडीपीओ सुबोध कुमार ने बताया कि पुलिस को 3 मई 2026 को एसटीएफ के माध्यम से गुप्त सूचना मिली थी। सूचना में बताया गया था कि अनिल राय अपने घर में अवैध हथियार छिपाकर रखे हुए है और किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में है। इस सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए वैशाली पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-1 सुबोध कुमार के नेतृत्व में जुड़ावनपुर थानाध्यक्ष भी इस टीम में शामिल थे। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान अनिल कुमार, पिता विश्वनाथ राय, निवासी बीरपुर, थाना जुड़ावनपुर, जिला वैशाली को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से एक अवैध .303 देशी रायफल बरामद हुई। पूछताछ में अनिल कुमार ने अवैध रायफल के स्रोत के बारे में जानकारी दी है। इस संबंध में जुड़ावनपुर थाना में कांड संख्या 90/26 दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। अनिल कुमार का आपराधिक इतिहास भी है। उसके खिलाफ जुड़ावनपुर थाना कांड संख्या 137/25 पहले से दर्ज है।

### 1 लाख से ज्यादा स्व-गणना, अब घर-घर जा रही सर्वे टीम, जनगणना के लिए हर परिवार से पूछे जा रहे 33 सवाल

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर में जनगणना को लेकर अब जमीनी स्तर पर काम तेज हो गया है। 1 मई तक जहां 1,09,797 लोगों ने स्व-गणना (Self Enumeration) पूरी कर ली, वहीं 2 मई से प्रगणकों की टीम घर-घर पहुंचकर सर्वे कर रही है। प्रशासन ने इसे बेहद गंभीरता से लेते हुए साफ कर दिया है कि एक भी परिवार या व्यक्ति गणना से छूटना नहीं चाहिए। किस तरह से सर्वे का काम किया जा रहा, ये जानने के लिए हम मुजफ्फरपुर के मिठनपुरा इलाके में पहुंचे, जहां टीम गणना के काम में जुटी थी। जब हमारी टीम नगर निगम क्षेत्र में पहुंची, तो देखा कि प्रगणक (Enumerator) घर-घर जाकर लोगों से बातचीत कर रहे हैं। हाथ में मोबाइल-टैब लिए ये कर्मचारी हर परिवार से निर्धारित सवाल पूछकर डेटा दर्ज कर रहे हैं। कई जगह लोग खुद जानकारी देने के लिए तैयार मिले, तो कुछ जगह प्रगणकों को विस्तार से समझाना पड़ रहा था कि यह प्रक्रिया क्यों जरूरी है। नगर निगम क्षेत्र में गणना कर रहे टीम सुपरवाइजर रोहित कुमार ने बताया कि हर प्रगणक को उसका क्षेत्र (HLB) आवंटित कर दिया गया है। हर घर से कुल 33 बिंदुओं (प्रश्नों) पर जानकारी ली जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार का कन्फ्यूजन न रहे और एक समान डेटा इकट्ठा हो सके। रोहित कुमार ने स्पष्ट किया कि अभी किसी भी तरह के डॉक्यूमेंट की फिजिकल जांच नहीं की जा रही है। लोगों से अपील की गई है कि वे सही और सटीक जानकारी दें, ताकि डेटा विश्वसनीय हो सके। अक्सर यह सवाल सामने आता है कि अगर घर का मुखिया बाहर हो तो क्या होगा? इस पर टीम ने बताया कि ऐसे मामलों में घर के अन्य सदस्य उनसे संपर्क कर जानकारी देंगे और गणना पूरी की जाएगी। यदि घर के मुखिया की मृत्यु हो चुकी है, तो परिवार के अन्य प्रमुख सदस्य के नाम से गणना की जाएगी और पूरी जानकारी दर्ज की जाएगी। जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि सभी प्रगणक घर-घर जाकर सही, सटीक और प्रमाणिक जानकारी जुटाएं और उसे डिजिटल माध्यम में दर्ज करें। उन्होंने कहा कि जनगणना के आंकड़े ही भविष्य की योजनाओं और नीतियों की आधारशिला होते हैं, इसलिए इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि कोई भी व्यक्ति या परिवार गणना से वंचित न रह जाए। हर घर तक पहुंचना और सभी 33 प्रश्नों के उत्तर सही तरीके से दर्ज करना अनिवार्य है।

# युवक की गोली मारकर हत्या सिर और सीने में दो गोली लगी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटनाः** पटना के बिहटा थाना क्षेत्र के पैनाल पंचायत स्थित महमदपुर गांव में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घायल युवक को परिजनों ने तुरंत बिहटा के एनएसआईटी अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान मुन्ना राय के पुत्र अनिरोध राय के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही बिहटा थाना प्रभारी अमित कुमार के साथ तीन थानों की पुलिस बल मौके पर पहुंची।

जिसके बाद पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि युवक को दो गोलियां लगी थीं, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस फिलहाल हत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी है। इस वारदात के बाद गांव और आसपास के क्षेत्रों में भय का माहौल बना हुआ है। परिजनों के अनुसार, मृतक अनिरोध राय अपने तीन भाइयों में सबसे बड़ा था।

**10 दिन पहले छोटे भाई की शादी थी**



गौरतलब है कि 25 अप्रैल को ही उसके छोटे भाई की शादी हुई थी, जिससे परिवार में खुशी का माहौल था। यह खुशी अब मातम में बदल गई है। पुलिस मामले के हर पहलू से जांच कर रही है।

**एसडीपीओ ने कहा- सिर और सीने में गोली लगी हैः** SDPO 2 अमरेंद्र कुमार झा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस को युवक गोली लगने की गुप्त सूचना मिली थी। जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। युवक को सिर और सीने में गोली लगी है।

**पुलिस बोली- परिजनों के बयान में विरोधाभ्यासः** SDPO 2 ने आगे बताया कि जब पुलिस मौके पर पहुंची तो युवक के परिजन ने बताया की युवक का एक्सीडेंट हो गया था जिसके बाद उसे NSIT हॉस्पीटल में भर्ती कराया गया है। परिजनों के बयान में विरोधाभ्यास है। घटना घर के बाहर घटी है। पुलिस टीम जांच में कर रही है। साथ ही FSL की टीम को बुलाया गया है। परिवार के लोग कुछ भी स्पष्ट नहीं बता रहे हैं।

## पटना- दिन में छाया अंधेरा, गरज-चमक के साथ तेज बारिश



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटनाः** बिहार के कई जिलों में आंधी के साथ तेज बारिश हो रही। सोमवार को पटना समेत प्रदेश के 16 जिलों में बरसात हुई। पटना में दोपहर में ही अंधेरा छा गया। आंधी चलने से कई चीजें बिखर गईं। वहीं, आंधी से पटना एयरपोर्ट के बाहर टाइल्स टूटकर गिर गए। इसके अलावा नौबतपुर, बिहटा में भी तेज बारिश हो रही है। बारिश के बाद चारों ओर पानी भर गया।

मौसम विभाग ने आज पूरे बिहार में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें 15 जिलों के लिए रेड अलर्ट है, जबकि 19 जिलों के लिए यलो अलर्ट है। कई जिलों में 60KM/H की स्पीड से हवा चल सकती है। आकाशीय बिजली का भी अलर्ट है।

**एयरपोर्ट पर टाइल्स टूटकर गिरे**

**पटना का अधिकतम तापमान 29 डिग्रीः** बदलते मौसम के कारण अधिकतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की जा रही है। बिहार में फिलहाल अधिकांश जिलों का तापमान 34 से 38 डिग्री के बीच बना हुआ है। फिलहाल पटना का अधिकतम तापमान 29 डिग्री के आसपास है।

## लालू परिवार को राबड़ी आवास खाली करने का अल्टीमेटम

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटनाः** बिहार की राजनीति से जुड़ी बड़ी खबर सामने आ रही है। सूत्रों के हवाले से जानकारी मिली है कि सम्राट सरकार ने लालू परिवार को 10 सर्कुलर रोड स्थित सरकारी आवास खाली करने के लिए 15 दिनों का अल्टीमेटम दिया है। 25 नवंबर 2025 को आवास खाली करने को लेकर आदेश जारी किया गया था, लेकिन लालू परिवार की ओर से अब तक बंगला खाली नहीं किया गया है। ऐसे में सरकार ने दोबारा सख्त रुख अपनाते हुए अब 15 दिनों का अल्टीमेटम दिया गया है। 10 सर्कुलर रोड यानी राबड़ी आवास में पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव रहते हैं। राबड़ी देवी के अलावा हारे हुए विधायकों को भी नोटिस भेजा गया। सरकारी बंगला खाली करने को कहा गया। भवन निर्माण विभाग के अधिकारी ने नोटिस जारी किया है। हालांकि, इस मामले में अभी तक सरकार या संबंधित विभाग की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। राजनीतिक गलियारों में इस खबर को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।



**20 साल बाद राबड़ी आवास खाली करने के आदेशः** 20 साल बाद लालू परिवार को 10 सर्कुलर रोड स्थित सरकारी आवास (राबड़ी आवास) खाली करने का नोटिस दिया गया था। बिहार भवन निर्माण विभाग ने 25 नवंबर 2025 को राबड़ी देवी को पहला नोटिस जारी किया था। भवन निर्माण विभाग की ओर से जारी आदेश में कहा गया कि बिहार विधान परिषद के आवासन के लिए पटना केन्द्रीय पुल की आवास संख्या 39 हार्डिंग रोड अलॉट किया गया है।

# नीट 2026 का प्रश्नपत्र रहा अपेक्षाकृत आसान, कट-ऑफ बढ़ने की संभावना

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटनाः** चिकित्सा प्रवेश परीक्षा नीट 2026 को लेकर विशेषज्ञों का विस्तृत विश्लेषण सामने आया है। गोल संस्थान द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार इस वर्ष का प्रश्नपत्र पिछले वर्ष की तुलना में अपेक्षाकृत आसान रहा, जिसके कारण प्रतियोगिता और अधिक कड़ी होने की संभावना जताई जा रही है। संस्थान के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक बिपिन सिंह ने बताया कि प्रश्नपत्र का स्तर संतुलित था, लेकिन आसान प्रश्नों की संख्या अधिक होने के कारण इस बार अधिक संख्या में विद्यार्थी उच्च अंक प्राप्त कर सकते हैं।

भौतिकी विषय में कुल 45 प्रश्न पूछे गए, जिनमें 18 प्रश्न कक्षा 11वीं तथा 27 प्रश्न कक्षा 12वीं के पाठ्यक्रम से थे। कठिनाई स्तर के अनुसार 11 प्रश्न आसान, 32 मध्यम और 2 प्रश्न कठिन थे। गणनात्मक एवं अवधारणा आधारित प्रश्नों का संतुलन संतोषजनक रहा। रसायन विज्ञान में भी कुल 45 प्रश्न पूछे गए, जिनमें 21 प्रश्न कक्षा 11वीं और 24 प्रश्न कक्षा 12वीं से थे। इनमें कार्बनिक रसायन से 15, भौतिक रसायन से 17 तथा अकार्बनिक रसायन से 13 प्रश्न शामिल थे।



कठिनाई स्तर के अनुसार 18 प्रश्न आसान, 16 मध्यम और 11 प्रश्न कठिन रहे। कुछ प्रश्नों ने विद्यार्थियों की गहरी अवधारणात्मक समझ और सटीकता की अच्छी परीक्षा ली।

जीवविज्ञान विषय में कुल 90 प्रश्न पूछे गए, जिनमें 46 प्रश्न कक्षा 11वीं और 44 प्रश्न कक्षा 12वीं से थे। यह खंड अपेक्षाकृत अधिक अंक प्राप्त करने वाला रहा। इसमें 52 प्रश्न आसान, 32 मध्यम और 6 प्रश्न कठिन स्तर के थे। अधिकांश प्रश्न राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के पाठ्यक्रम पर आधारित थे, जिससे नियमित अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को विशेष लाभ मिलने की संभावना है।

विश्लेषण के आधार पर अनुमान लगाया गया है कि अखिल भारतीय 15 प्रतिशत कोटा के अंतर्गत सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय में एमबीबीएस सीट के लिए सामान्य वर्ग का संभावित कट-ऑफ लगभग 84 से 85 प्रतिशत के बीच रह सकता है। इस वर्ष अच्छे अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या अधिक होने से शीर्ष सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए प्रतिस्पर्धा और अधिक बढ़ने की संभावना है।

विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को सलाह दी है कि वे आधिकारिक उत्तर कुंजी तथा परामर्श प्रक्रिया पर लगातार नजर बनाए रखें और अपने संभावित अंक एवं रैंक के अनुसार उचित रणनीति तैयार करें। संस्थान द्वारा विद्यार्थियों के लिए विस्तृत प्रश्नपत्र विश्लेषण, संभावित कट-ऑफ, रैंक विश्लेषण एवं मार्गदर्शन सत्र भी आयोजित किए जा रहे हैं।

# बिहार स्टेट ओपन ई-स्पोर्ट्स चैंपियनशिप आज से शुरू, 5 गेम के लिए 2182 खिलाड़ी मैदान में

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटनाः** आज से बिहार स्टेट ओपन ई-स्पोर्ट्स चैंपियनशिप की शुरुआत हो गई है। यह ई-स्पोर्ट्स का तीसरा संस्करण है, जिसका पूल प्राइज 5.75 लाख रुपए रखा गया है। इस ई-स्पोर्ट्स में पांच तरह के गेम में प्रतिभागी हिस्सा लेंगे, जिसमें Chess.com, ई-फुटबॉल, EA FC- 26, BGMI और स्ट्रीट फाइटर- 6 जैसे गेम शामिल हैं। आज सभी खिलाड़ी ऑनलाइन ही गेम में भाग लेंगे। वहीं, 16 मई को पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के इंडोर स्टेडियम में ग्रैंड फिनाले का आयोजित किया जाएगा।

**प्रतिभागियों की आयु सीमा निर्धारितः** इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की आयु सीमा निर्धारित की गई है। इसमें Chess.com, ई-फुटबॉल, EA FC- 26 के लिए 12 वर्ष से अधिक, BGMI और स्ट्रीट फाइटर- 6 के लिए 16 वर्ष के ऊपर की आयु निर्धारित की गई है।



**क्या होता है ई-स्पोर्टस?ः** ई-स्पोर्ट्स यानी इलेक्ट्रॉनिक स्पोर्ट्स है। यह सिर्फ समय बिताने के लिए खेला जाने वाला वीडियो गेम नहीं है, बल्कि एक मानसिक और तकनीकी खेल है। जैसे क्रिकेट या फुटबॉल में शारीरिक क्षमता की जरूरत होती है, वैसे ही ई-स्पोर्ट्स में एकाग्रता, क्विक रिफ्लेक्सेस और टीम रणनीति की आवश्यकता होती है। इसे अंतरराष्ट्रीय ओलिंपिक समिति तक मान्यता मिल चुकी है। इस तरह ई-स्पोर्ट्स युवाओं के लिए एक कॅरियर विकल्प बन चुका है।

**16 मई को होगा ग्रैंड फिनाले**

**क्या है ई-स्पोर्ट्स के फायदे?ः** ई-स्पोटर्स के कई फायदे होते हैं। इसमें अपनी पकड़ मजबूत बनाने से ऑनलाइन दुनियाभर के लोग एक प्रतियोगिता में शामिल हो सकते हैं। वैश्विक तौर पर आपको इसमें अपना करियर बनाने का लोगों को मौका मिलता है। इसमें खिलाड़ियों को आर्थिक तौर पर भी लाभ मिलता है। फिलहाल के समय में इसमें नौकरी के भी अवसरों में काफी इजाफा हुआ है।

## पटना में पिस्टल सटाकर दंपति से दिनदहाड़े छिनतई

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटनाः** पटना में दिनदहाड़े दंपति से पिस्टल के बल पर लूट की वारदात को अंजाम दिया गया है। घटना शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र के समनपुरा इलाके से सामने आई है। जानकारी के अनुसार, दंपति बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान एक बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने उन्हें बीच सड़क पर रोक लिया और पिस्टल सटाकर सोने की चेन छीन ली। जब दंपति ने विरोध किया, तो बदमाशों ने पिस्टल तान दिया और उनके साथ मारपीट की। फिर हथियार लहराकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित दामोदरम केपी और अलया फतीमा पटना के हाई कॉलेज में नर्सिंग स्टाफ हैं। सुबह के वक्त पत्नी के साथ कॉलेज आ रहे थे। इसी बीच कॉलेज से चंद कदम की दूरी पर घटना को बदमाशों ने अंजाम दिया।



**CCTV में कैद हुई पूरी घटनाः** यह पूरी वारदात इलाके में लगे CCTV कैमरे में कैद हो गई है। घटना के समय सड़क पर कई लोग मौजूद थे, लेकिन बदमाशों के हाथ में पिस्टल देखकर कोई भी बीच-बचाव के लिए आगे नहीं आया। मामले में पटना सेंट्रल एसपी दीक्षा ने बताया कि, 'सुबह के समय समनपुरा इलाके में छिनतई की घटना सामने आई है।

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। देश में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से दिनांक 01 अप्रैल 2026 से लागू ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद द्वारा राज्यभर में व्यापक स्तर पर ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम राज्य के सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पन्न ठोस अपशिष्ट के वैज्ञानिक प्रबंधन के लिए नियमावली के विभिन्न प्रावधानों के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने हेतु कई चरणों में संचालित किया जा रहा है। दिनांक 15 अप्रैल 2026 से प्रारंभ इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के आठ चरणों में 29 अप्रैल 2026 तक राज्य के 25 जिलों—पटना, जहानाबाद, बक्सर, रोहतास, भोजपुर, नालंदा, कैमूर, गया, नवादा, औरंगाबाद, अरवल, सारण, सिवान, गोपालगंज, भागलपुर, बांका, मुंगेर, जमुई, बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, शेखपुरा, सहरसा, मधेपुरा तथा सुपौल—के लिए सत्र आयोजित किए गए, जिसमें 17,000 से अधिक प्रशिक्षुओं ने भाग लिया।

आज दिनांक 04 मई 2026 को आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के नौवें चरण में दरभंगा, मधुबनी एवं समस्तीपुर जिलों के माननीय मुखियागण, पंचायत स्तरीय पदाधिकारी एवं प्रखंड स्तर के पंचायती राज पदाधिकारियों सहित अन्य संबंधित व्यक्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद के सदस्य-सचिव श्री नीरज नारायण (भा.प्र.से.) ने अपने संबोधन में बताया कि वर्ष 2016 की पूर्व नियमावली के स्थान पर लगभग 10 वर्षों के बाद नई नियमावली को 27 जनवरी 2026 को




अधिसूचित किया गया है, जो 01 अप्रैल 2026 से प्रभावी है।

उन्होंने आगे कहा कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा वाद संख्या Civil Appeal No. 6174/2023 में 19 फरवरी 2026 को इन नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सभी हितधारकों के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, जिनका निरंतर अनुश्रवण किया जा रहा है। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि इन नियमों का पालन न करना केवल प्रशासनिक विफलता नहीं माना जाएगा, बल्कि जिम्मेदार पदाधिकारियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है। सदस्य-सचिव ने यह भी जानकारी दी कि सभी संबंधित हितधारकों—जैसे थोक अपशिष्ट उत्पादक एवं सुविधा प्रदाता—को केंद्रीय ऑनलाइन पोर्टल पर प्रत्येक वर्ष 30 जून तक अपना वार्षिक प्रतिवेदन अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्रबंधित यह केंद्रीकृत ऑनलाइन पोर्टल देश, राज्य एवं जिला स्तर पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की निगरानी करेगा। उल्लेखनीय है कि यह ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद के वैज्ञानिक श्री नलिनी मोहन सिंह द्वारा संचालित किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### मैजिक वैन की चपेट में आने से युवक की मौत




**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिले के टाटा–पटमदा मुख्य मार्ग पर रविवार रात एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। यह घटना जलडहर पेट्रोल पंप के पास की है , जहां एक तेज रफ्तार मैजिक वैन ने पैदल जा रहे व्यक्ति को टक्कर मार दी। सूचना मिलते ही पटमदा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल युवक को तत्काल एमजीएम अस्पताल भेजवाया। हालांकि अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान जलडहर निवासी करीब 40 वर्षीय अजीत सहिस के रूप में हुई है, जो स्वर्गीय बुधु सहिस के पुत्र थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अजीत सहिस पेट्रोल पंप से पैदल अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान बेलटांड़ से झाड़बामनी की ओर जा रही एक अनियंत्रित मैजिक वैन ने सड़क पार करते समय उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उनके सिर पर गंभीर चोट आई, जो उनकी मौत का कारण बनी। बताया जाता है कि दो महीने पहले ही अजीत के पिता का निधन हुआ था और वे ही परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। उनके परिवार में पत्नी, एक बेटी और दो बेटे हैं। हादसे के समय उनकी पत्नी एक शादी समारोह में गई हुई थी। घटना की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। अजीत सहिस मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। पुलिस ने मैजिक वैन को पकड़ लिया है, जबकि चालक भाग निकला है।पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पूर्वी सिंहभूम में रेलवे ट्रैक से चालक का क्षत-विक्षत शव बरामद, पुलिस जांच जारी



**पूर्वी सिंहभूम।** झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले में एक चालक का क्षत-विक्षत शव रेलवे ट्रैक के किनारे मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान परसुडीह थाना क्षेत्र के सोपोडेरा शांतिनगर निवासी संतोष लोहार (37) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, संतोष लोहार रविवार सुबह काम पर जाने की बात कहकर घर से निकले थे, लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटे। इससे चिंतित परिजनों ने उनकी तलाश शुरू कर दी। इसी बीच पुलिस से मिली सूचना ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। पुलिस के मुताबिक, रविवार दोपहर गोविंदपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-1 के समीप ट्रैक किनारे एक व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ। आसपास के लोगों से पूछताछ और पहचान के प्रयास के बाद शव की शिनाख्त संतोष लोहार के रूप में की गई। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि संतोष लोहार किसी ट्रेन की चपेट में आ गए होंगे। हालांकि, पुलिस मामले को संदिग्ध मानते हुए सभी पहलुओं से जांच कर रही है, ताकि घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू की। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### जंगली हाथी के हमले में फिर मारा गया एक ग्रामीण



**खूंटी।** जिले के ग्रामीण इलाकों में जंगली हाथियों का खूनी खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी क्रम में रनिया थाना क्षेत्र अंतर्गत गढ़सीदम के रायमुंडा जंगल में जंगली हाथी के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान पश्चिमी सिंहभूम जिले के बंदगांव थाना क्षेत्र स्थित जलासार सरामोडा निवासी करीब 65 वर्षीय सामुएल पूर्ति के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार, सामुएल पूर्ति शनिवार (2 मई) को घर से गढ़सीदम बाजार जाने की बात कहकर निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। परिजनों ने उनकी काफी खोजबीन की, पर कोई पता नहीं चल सका। इसी बीच सोमवार को जंगल में मवेशी चरा रहे चरवाहों ने शव देखा और इसकी सूचना वन विभाग व पुलिस को दी। मौके पर पहुंची टीम ने शव की पहचान सामुएल पूर्ति के रूप में की। बताया जा रहा है कि जंगली हाथी ने उन्हें पटक-पटक कर मार डाला, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। शव दो दिनों तक जंगल में ही पड़ा रहा। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, खूंटी भेज दिया। वहीं, वन विभाग के प्रभारी वनपाल अविनाश लुगुन ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर पीड़ित परिवार को तत्काल 15 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। बताया जा रहा है कि रनिया प्रखंड में इन दिनों जंगली हाथियों का आतंक बढ़ गया है, जिससे ग्रामीणों की चिंता और परेशानी लगातार बढ़ रही है। प्रशासन से लोगों ने हाथियों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है।

### हाथी के हमले में मारे गए किसान के परिजनों को विधायक ने उपलब्ध कराई सहायता राशि और खाद्य सामग्री



**खूंटी।** विधायक सुदीप गुड़िया के निर्देश पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) कार्यकर्ताओं ने युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष राहुल केशरी के नेतृत्व में सोमवार को जरियागढ़ थाना क्षेत्र के डेहकेला गांव जाकर जंगली हाथी के हमले में मारे जेवियर होरो के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें सहायता राशि और खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई। इस दौरान परिजनों को ढांढस बंधाते झामुमो युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राहुल केशरी ने मृतक की पुत्री जिसने हाल ही में 10वीं कक्षा उत्तीर्ण की है, का नामांकन कस्तूरबा विद्यालय में कराने को कहा। सोमवार को ही छात्रा का नामांकन इंटर में करा दिया गया। राहुल केशरी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी से बातचीत कर पीड़ित परिवार को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से शीघ्र जोड़ने और हर संभव सहायता उपलब्ध कराने को कहा । मौके पर झामुमो प्रखंड सचिव विनोद उरांव, प्रखंड उपाध्यक्ष मार्शल आइंद, , प्रखंड उपाध्यक्ष सोसन होरो, पंचायत अध्यक्ष कार्तिक उरांव, पंचायत उपाध्यक्ष गंदुर उरांव, संजय गोप, भोला सिंह, दिलबर होरो, महेंद्र साहू, प्रदीप होरो, दीपक मुंडा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कांग्रेस के मिलन समारोह में कई लोगों ने थामा पार्टी का दामन

**एजेंसी। रांची**



झारखंड प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में सोमवार को मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और पूर्व वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने विभिन्न दलों और संगठनों के दर्जनों नेताओं को कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। मिलन समारोह में कोडरमा जिला के बरकट्ठा के पूर्व विधायक सुखदेव यादव के पुत्र हितेंद्र कुमार, शिवशंकर कुमार, केदार यादव चंद्रशेखर प्रसाद, दिव्यांशु कुमार, शिवकुमार, निखिल कुमार, दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति कोडरमा के मनोज कुमार दास, सुनील कुमार, खूंटी से राज्य के दिग्गज नेता रहे स्वर्गीय जयपाल सिंह मुंडा के पुत्र शिवराज जयपाल सिंह, रांची के आलोक कुजूर, गुरमीत सिंह को कांग्रेस की अंगपट्टीका पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। इस अवसर पर कमलेश ने कहा कि झारखंड में कांग्रेस की संगठनात्मक मजबूती में आज हमने एक और कदम बढ़ाया है। कांग्रेस की नीतियों सिद्धांतों में विश्वास रखने वाले देश की सामाजिक एकता के वाहक हैं। झारखंड में भी लोगों ने संविधान और सामाजिक ढांचे की बुनियाद को मजबूत रखने में कांग्रेस का भरपूर समर्थन किया है। झारखंडी जनता के आशाओं के अनुसार संगठन जमीनी स्तर पर जनता से जुड़ने का लगातार प्रयास कर रही है। वहीं पूर्व वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि कांग्रेस की विपरीत परिस्थितियों में भी जो लोग संगठन से जुड़ रहे हैं उसे यह स्पष्ट है कि कांग्रेस की नीतियों से उनका गहरा जुड़ाव है। मौके पर प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष सतीश पॉल मुंजनी, अभिलाष साहू, डॉ राजेश गुप्ता छोटू, राजीव रंजन प्रसाद, आलोक कुमार दुबे, लाल किशोरनाथ शाहदेव, राजन वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

## झारखंड में 10 मई तक बारिश और वज्रपात की संभावना को लेकर येलो अलर्ट



**एजेंसी। रांची**

राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में 10 मई तक बारिश के साथ वज्रपात की संभावना है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग की ओर से सोमवार और मंगलवार को राज्य के विभिन्न जिलों में गर्जन के साथ बारिश के साथ वज्रपात एवं ओलावृष्टि हो सकती है। इसे लेकर विभाग की ओर से ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान 38.5 डिग्री डाल्टनगंज में और सबसे कम न्यूनतम तापमान रांची के कांके में 16.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश बोकारो जिले के तेनुघाट में 22.4 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई। उल्लेखनीय है कि पिछले लगभग 10 दिनों से राज्य के विभिन्न जिलों में मौसम में उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। किसी जिले में भारी बारिश तो किसी जिले में गर्मी महसूस हो रही है। मौसम विभाग में पूरे मई महीने में इसी प्रकार के मौसम रहने की संभावना जताई है।

**टेम्परेचर अपडेट-** सोमवार को रांची में अधिकतम तापमान 33.6 डिग्री और न्यूनतम 19.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम 34.9 डिग्री और न्यूनतम 26.1 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 38.5 और न्यूनतम 23.6 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 31.5 डिग्री और न्यूनतम 21.2 डिग्री एवं चाईबासा में अधिकतम तापमान 35.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 22.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

## सड़क हादसे में पांच घायल, तीन की हालत नाज़ुक

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**




जिले के पोटका थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक मारुति 800 कार और 609 मालवाहक ट्रक के बीच आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। यह दुर्घटना टाटा-हाता मुख्य मार्ग पर तुड़ी दास धर्मकांटा के पास सुबह में हुई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन पलट गए और कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कुल पांच लोग घायल हुए हैं। इनमें कार सवार तीन युवकों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जबकि ट्रक चालक और खलासी को भी चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार परसुडीह थाना क्षेत्र के तुपुडांग निवासी विक्की भूमिज, सन्नी गागराई और कार्तिक सामाद कार से जमशेदपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रक से उनकी सीधी टक्कर हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पोटका थाना प्रभारी सन्नी टोप्पो पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को एम्बुलेंस से सदर अस्पताल, जमशेदपुर भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार कार सवार तीनों युवकों की स्थिति नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर सड़क से हटाया, जिससे यातायात सामान्य हो सका। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार या तकनीकी खराबी होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और घायलों के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

# भाजपा की जीत पर जश्न, मधु कोड़ा ने कार्यकर्ताओं के साथ मनाई खुशी

**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**



पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी की असम, बंगाल और पुडुचेरी विधानसभा चुनावों में मिली जीत पर कार्यकर्ताओं के साथ पश्चिमी सिंहभूम जिला स्थित नोवामुंडी में जश्न मनाया। इस दौरान मिठाइयां बांटी गईं और आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद थे। इस मौके पर मधु कोड़ा ने कहा कि चुनाव परिणाम यह दर्शाता है कि देश की जनता नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की नीतियों पर भरोसा जता रही है। उन्होंने कहा कि नारी सशक्तिकरण से जुड़े कानूनों और एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) जैसे फैसलों को जनता का व्यापक समर्थन मिला है, जो नतीजों में साफ दिखाई देता है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति जैसे गंभीर मुद्दों पर उठाए गए सवालों का जवाब जनता ने अपने मत से दे दिया है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग ऑपरेशन सिंदूर जैसे मामलों को लेकर सरकार को घेरने की कोशिश कर रहे थे और विदेश नीति को लेकर भ्रम फैलाया जा रहा था, लेकिन जनता ने मजबूत और निर्णायक नेतृत्व के पक्ष में अपना समर्थन दिया है। मधु कोड़ा ने यह भी कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति करने वालों और अवैध घुसपैठियों के प्रति सहानुभूति रखने वालों को भी जनता ने नकार दिया है। उन्होंने असम, बंगाल और पुडुचेरी की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके समर्थन से ही यह जीत संभव हो सकी है। अंत में उन्होंने भरोसा जताया कि देश की तरह झारखंड में भी जनता बदलाव का निर्णय लेगी और विकास एवं सुशासन की दिशा में आगे बढ़ेगी।

# जनगणना-2027 में सरना धर्म कोड का कॉलम शामिल करे केंद्र सरकार : कमलेश

**एजेंसी। रांची**



- **जनगणना-2027 में सरना धर्म कोड की मांग तेज, झारखंड कांग्रेस अध्यक्ष ने राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री को लिखा पत्र**

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और झारखंड के राज्यपाल को पत्र लिखकर जनगणना-2027 में आदिवासी/सरना धर्म को अलग पहचान के रूप में धर्म कोड में शामिल करने की मांग की है। अपने पत्र में उन्होंने कहा कि झारखंड की पहचान समृद्ध आदिवासी सभ्यता, संस्कृति और प्रकृति पूजक परंपरा से जुड़ी है। राज्य के आदिवासी समाज का धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन प्रकृति पूजा, जंगल और जमीन पर आधारित है, जिसे सरना धर्म के रूप में जाना जाता है। उन्होंने इसे केवल आस्था नहीं, बल्कि सदियों से चली आ रही जीवन पद्धति बताया। सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि आजादी के बाद अलग झारखंड राज्य के आंदोलन की नींव भी आदिवासी समाज की विशिष्ट पहचान और उनकी प्रकृति-आधारित आस्था पर टिकी रही है। ऐसे में जनगणना-2027 में सरना धर्म कोड को शामिल करना आवश्यक है, ताकि आदिवासी समाज की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान सुरक्षित रह सके और नीतिगत निर्णयों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके। कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी उल्लेख किया कि वर्ष 2011 की जनगणना में अलग धर्म कोड का कॉलम नहीं होने के बावजूद लगभग 50 लाख लोगों ने स्वयं को सरना धर्मावलंबी के रूप में दर्ज कराया था। इससे यह स्पष्ट होता है कि सरना धर्म को अलग पहचान देने की मांग लंबे समय से आदिवासी समाज की भावनाओं से जुड़ी हुई है। उन्होंने आगे बताया कि 11 नवंबर 2020 को झारखंड विधानसभा में सरना धर्म कोड के समर्थन में प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को अनुशंसा भेजी गई थी। हालांकि, पांच वर्षों से अधिक समय बीत जाने के बावजूद इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई है, जबकि अब देश में जनगणना की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। प्रदेश कांग्रेस ने केंद्र सरकार से मांग की है कि जनगणना-2027 में सरना धर्म कोड को शामिल करने के लिए जल्द आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि झारखंड सहित पूरे देश के आदिवासी समाज की भावनाओं का सम्मान हो सके और उनके समग्र विकास को सुनिश्चित किया जा सके।

# हाथी के हमले में वृद्धा की मौत, मुआवजे की मांग

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



जिले के चाकुलिया प्रखंड अंतर्गत बड़ामारा पंचायत के चौठिया गांव स्थित बांधडीह टोला में सोमवार जंगली हाथी के हमले में वृद्धा दुलारी मुर्मू (72) की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल है। जानकारी के अनुसार दुलारी मुर्मू रोज की तरह सुबह अपने घर से चौठिया की ओर जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में अचानक एक हाथी ने उन पर हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वन विभाग के अधिकारियों ने मृतका के परिजनों को तत्काल सहायता के रूप में 50 हजार रुपये दिया है, ताकि अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी की जा सके। साथ ही आश्वासन दिया गया है कि शेष मुआवजा राशि सरकारी प्रक्रिया पूरी होने के बाद जल्द उपलब्ध कराई जाएगी। इधर, घटना के बाद ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति भारी नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में हाथियों की मौजूदगी की कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई, जिसके कारण यह दुखद घटना घटी। उन्होंने बताया कि फिलहाल गांव के पास स्थित जंगल में दो हाथी डेरा डाले हुए हैं, जिससे लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि हाथियों को जल्द से जल्द गांव से दूर सुरक्षित स्थान पर खदेड़ा जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके और ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

## रांची सदर अस्पताल में 'अग्नि सुरक्षा सप्ताह' का शुभारंभ, सतर्कता और मॉक ड्रिल पर ज़ोर

**एजेंसी। रांची**

रांची के सदर अस्पताल में सोमवार को अग्नि सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 4 मई से 10 मई तक चलने वाले इस अभियान का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने किया। कार्यक्रम के दौरान राज्य स्तरीय पदाधिकारियों, चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों एवं कर्मचारियों को अग्नि सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। शपथ के माध्यम से अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम, आपातकालीन स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया तथा सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। इस वर्ष अग्नि सुरक्षा सप्ताह की थीम 'सुरक्षित स्कूल, सुरक्षित अस्पताल और अग्नि सुरक्षा जागरूक समाज – आग की रोकथाम के लिए मिलकर प्रयास' रखी गई है। इस अवसर पर स्वास्थ्य संस्थानों को हर स्थिति में सतर्क और तैयार रहने के निर्देश दिए गए। अभियान के तहत 5 मई से 7 मई तक प्रतिदिन अपराह्न 3 बजे वेबिनार श्रृंखला आयोजित की जाएगी। इसमें सभी संबंधित कर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने और जिन प्रतिभागियों ने अभी तक पंजीकरण नहीं कराया है, उनसे शीघ्र पंजीकरण कराने की अपील की गई। अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने सभी जिला अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों से इस सप्ताह को गंभीरता से मनाने और अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अस्पतालों में आग की घटनाओं की रोकथाम, आपातकालीन स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना तथा मरीजों, उनके परिजनों और स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देना है। जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी, निकासी मार्ग (एग्जिट प्लान) का निर्माण, आग से जुड़े संभावित खतरों की जानकारी, स्वास्थ्यकर्मियों का क्षमता निर्माण और मॉक ड्रिल जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस दौरान फायर सेफ्टी कर्मियों ने अग्निशमन तकनीकों की जानकारी भी दी। इसी क्रम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत नवनियुक्त स्वास्थ्यकर्मियों के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इसमें एएनएम और लैब टेक्नीशियनों को विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने भी अग्नि सुरक्षा की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में डॉ. प्रवीण कर्ण, अतिन्दर उपाध्याय, डॉ. बिमलेश सिंह सहित अन्य चिकित्सक, स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीण कुमार सिंह, हॉस्पिटल मैनेजर शाहनवाज़, जिला कार्यक्रम समन्वयक प्रीती, स्वास्थ्यकर्मी एवं एएनएम स्कूल की छात्राएं उपस्थित रहीं।

## गैस सिलेंडर लदे ट्रक की टक्कर से महिला की मौत

**पूर्वी सिंहभूम ।** मानगो थाना क्षेत्र में रविवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया, जिसमें इलाज के दौरान सोमवार को महिला की मौत हो गई। घटना जवाहरनगर रोड नंबर 13 के सामने हुई, जहां इंडेन गैस सिलेंडरों से लदा एक ट्रक स्कूटी सवार दंपति को टक्कर मार दिया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा**
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114
Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

**द्वितीय**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा अन्तर्गत आमंत्रित ई–प्रोक्योरमेन्ट **निविदा सूचना संख्या–DWSD/GAR/02/2026-27, दिनांक**–11.04.2026 द्वारा **Relocation of Defunct T/Well 125 x 115 mm dia and 70 and 90mtr (av.) deep Drilled Tube well** कार्य जो **PR No. 377500 Drinking Water and Sanitation (26-27):D** एवं **PR No. 377808 Water Resource (26-27)_D** द्वारा प्रकाशित है, जिसे अपरिहार्य कारणों से तिथि एवं समय मे निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :–

| क्र0 | विवरण | पूर्व में प्रकाशित तिथि एवं समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 20.04.2026 को 02:00 बजे अपराह्न तक। | 06.05.2026 को 02:00 बजे अपराह्न तक। |
| 2 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 25.04.2026 को 5:00 बजे अपराह्न तक। | 11.05.2026 को 5:00 बजे अपराह्न तक। |
| 3 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0 गवर्नेस,झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.23 के आलोक में विपत्र का मूल्य –एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 25.04.2026 समय 05:00 बजे अपराह्न तक। | 11.05.2026 समय 05:00 बजे अपराह्न तक। |
| 4 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | 27.04.2026 को 10:30 बजे पूर्वाह्न। | 12.05.2026 को 05:00 बजे अपराह्न में। |

नोट – (i) शेष सभी शर्तें यथावत रहेगा।
(ii) यह शुद्धि–पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा

PR 378970 Drinking Water and Sanitation(26-27)#D

## संक्षिप्त समाचार

### पुणे रेप मर्डर पर सीएम फडणवीस का बड़ा ऐलान, आरोपी को मिलेगी फांसी की सजा

**पुणे, एजेंसी।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को नासरापुर बलात्कार-हत्या मामले में पीड़िता के पिता को विरोध प्रदर्शन वापस लेने और अधिकारियों के साथ सहयोग करने के लिए धन्यवाद दिया, साथ ही त्रासदी का फायदा उठाने के प्रयासों के खिलाफ चेतावनी भी दी। पुणे जिले के भोर तालुका के नासरापुर में 1 मई को एक साढ़े तीन साल की बच्ची के साथ कथित तौर पर बलात्कार और हत्या करने के आरोप में 65 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, जिससे व्यापक आक्रोश फैल गया था। विरोध प्रदर्शनों और सड़क अवरोधों के बीच, मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि सरकार इस मामले में आरोपियों के लिए मृत्युदंड की मांग पूरी करेगी। फडणवीस ने कहा कि कुछ लोग स्थिति का फायदा उठाकर इसे दूसरी दिशा में मोड़ने की कोशिश कर रहे थे। हालांकि, मैं लड़की के पिता का आभारी हूं। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं द्वारा पीड़ित के घर जाकर संवेदना व्यक्त करने के बीच, मृतक नाबालिग लड़की के पिता ने राजनीतिक नेताओं से फिलहाल उनके घर न आने की अपील की है, क्योंकि उनका कहना है कि परिवार का पूरा ध्यान न्याय सुनिश्चित करने पर केंद्रित होना चाहिए। इस बीच, राष्ट्रीय महिला आयोग ने इस घटना का स्वत: संज्ञान लिया है। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहटकर ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे बेहद दुखद और मानवता पर कलंक बताया है। उन्होंने कहा कि इस क्रूर अपराध ने समाज को झकझोर दिया है।

### पांच मई को राष्ट्रपति से मिलेंगे सांसद राघव चड्डा, सीएम मान से पहले मिला मुलाकात का समय

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा पांच मई को राष्ट्रपति से मिलेंगे। इसी दिन सीएम भगवंत मान भी महामहिम राष्ट्रपति से मुलाकात करेंगे। राघव चड्ढा को सीएम मान से पहले का समय मिला है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान पांच मई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलेंगे। इस प्रस्तावित मुलाकात से पहले राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा तीन अन्य सांसदों के साथ राष्ट्रपति से मिलेंगे। ये सभी सांसद हाल ही में भाजपा में शामिल हुए हैं। राष्ट्रपति कार्यालय ने इन सांसदों को 5 मई को सुबह 10.40 बजे का समय दिया है। बताया जा रहा है कि यह सांसद पंजाब सरकार पर राज्य मशीनरी के कथित दुरुपयोग का मुद्दा उठाएंगे। उनका आरोप है कि राजनीतिक प्रतिशोध के तहत उन्हें निशाना बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री मान उसी दिन दोपहर 12 बजे राष्ट्रपति से मिलेंगे। उन्होंने आम आदमी पार्टी के छह सांसदों को रिकॉल करने के मुद्दे पर समय मांगा है। पार्टी की ओर से 80 विधायकों को दिल्ली भेजने की तैयारी है हालांकि राष्ट्रपति से मुलाकात केवल मुख्यमंत्री ही करेंगे।

### जालौन में भीषण सड़क हादसा, छह की मौत; चार गंभीर रूप से घायल

**जालौन, एजेंसी।** जालौन जनपद के कालपी कोतवाली क्षेत्र में सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा जोल्हुपुर मोड़ के पास हुआ, जहां अयोध्या से उरई लौट रही एक कार चालक को झपकी आने से अनियंत्रित होकर आगे चल रहे वाहन से जा भिड़ी। मिली जानकारी के अनुसार, ललितपुर जनपद के महरौनी निवासी शशिकांत तिवारी अपने परिजनों के साथ अयोध्या दर्शन करने गए थे। दर्शन के बाद सभी लोग कार से वापस लौट रहे थे। सोमवार सुबह करीब 6 बजे जैसे ही उनकी कार कालपी क्षेत्र के जोल्हुपुर मोड़ के पास पहुंची, चालक को अचानक झपकी आ गई, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सामने चल रहे वाहन से टकरा गया।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर बोले राजनाथ सिंह, दुनिया ने देखी भारत की सैन्य ताकत

**प्रयागराज, एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रयागराज में 'ऑपरेशन सिंदूर' को भारत की तकनीकी युद्ध क्षमता का एक उत्कृष्ट उदाहरण बताया, जिसमें ब्रह्मोस और आकाश जैसी उन्नत प्रणालियों के सफल एकीकरण पर प्रकाश डाला गया और सेनाओं को भविष्य की चुनौतियों के लिए सक्रिय रहने का आग्रह किया गया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर को तकनीकी युद्ध का प्रदर्शन बताते हुए सशस्त्र बलों द्वारा उन्नत प्रणालियों को अपनाने और युद्ध की बदलती परिस्थितियों के अनुकूल ढलने की उनकी क्षमता पर जोर दिया। उन्होंने 4 मई को प्रयागराज में नॉर्थ टेक सिम्पोजियम के उद्घाटन के अवसर पर ये बातें कहीं। सिंह ने ऑपरेशन के दौरान आकाश मिसाइल प्रणाली और ब्रह्मोस जैसे अत्याधुनिक प्लेटफार्मों के एकीकरण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर स्वयं तकनीकी युद्ध का एक उत्कृष्ट उदाहरण था। इस ऑपरेशन में आकाशतीर, आकाश मिसाइल प्रणाली और ब्रह्मोस जैसी उन्नत मिसाइल प्रणालियों के साथ-साथ कई नवीनतम उपकरणों का भी उपयोग किया गया। इससे यह सिद्ध हुआ कि हमारी सशस्त्र सेनाएं न केवल बदलावों को समझ रही हैं, बल्कि आत्मविश्वास के साथ उनका उपयोग भी कर रही हैं।



राजनाथ ने अनिश्चित सुरक्षा परिवेश में सतर्क रहने के महत्व पर बल देते हुए कहा कि मैंने हमेशा अपनी सशस्त्र सेनाओं और रक्षा विशेषज्ञों से एक ही बात कही है, और मैं आज इसे फिर से दोहराना चाहता हूं कि हमें न केवल सक्रिय रहना चाहिए, बल्कि पहले से ही तैयारी करनी चाहिए। हमें हर तरह की स्थिति के लिए तैयार रहना चाहिए। सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सशस्त्र बलों की तैयारी और अनुकूलन क्षमता का उदाहरण है। उन्होंने आगे कहा कि हमारी सेनाओं और उद्योगों ने बदलती परिस्थितियों का बहुत अच्छी तरह से विश्लेषण किया है। आपके लोगों की तैयारी हमेशा अद्यतन, सटीक और मानक के अनुरूप रहती है। और इसका सबसे बड़ा उदाहरण ऑपरेशन सिंदूर हमारे सामने है। एक साल बाद इस ऑपरेशन पर विचार करते हुए उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ सेना की कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि इस ऑपरेशन को एक साल बीत चुका है। जब भी ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र होता है, मुझे अपनी सेना के शौर्य की याद आ जाती है। आतंकवादियों और उनके संरक्षकों को हमारे सैनिकों ने इतनी करारी शिकस्त दी कि पूरा देश गर्व से सिर ऊंचा करके खड़ा है। फिर भी यह अच्छा हुआ कि संयम बरतते हुए हमने केवल आतंकवादियों को निष्क्रिय किया - अन्यथा, दुनिया पहले से ही जानती है कि हमारी सेनाएं क्या कर सकती हैं।

### नोएडा वालों के लिए खुशखबरी, दादरी रेलवे स्टेशन से प्रयागराज के लिए अब सीधी कनेक्टिविटी

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा के यात्रियों को राहत देने के लिए दादरी रेलवे स्टेशन से प्रयागराज के बीच स्पेशल ट्रेन का संचालन शुरू कर दिया गया है। रविवार को इस सेवा की शुरुआत हुई। पहली ट्रेन रात 10:15 बजे दादरी स्टेशन से प्रयागराज के लिए रवाना हुई। रेलवे ने इन स्पेशल ट्रेनों की टिकट बुकिंग ऑनलाइन भी शुरू कर दी है। प्रयागराज से आने वाली ट्रेन भी दादरी तक चलेगी। इससे यात्रियों को दिल्ली रेलवे मंडल पर निर्भरता कम करनी पड़ेगी। रेलवे ने इस रूट की समय-सारिणी जारी कर दी है और टिकट बुकिंग पोर्टल पर इसकी सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। जारी समय-सारिणी के अनुसार, दादरी से चलने वाली स्पेशल ट्रेन (संख्या 0248) रात 10:15 बजे रवाना होकर खुर्जा (10:50 बजे), अलीगढ़ (11:22 बजे), हाथरस (11:47 बजे), टूंडला (12:33 बजे), शिकोहाबाद (1:40 बजे), इटावा (2:27 बजे), फफूंद (3:07 बजे), गोविंदपुरी (5:05 बजे), फतेहपुर (6:02 बजे), सिराथू (7:07 बजे) होते हुए सुबह लगभग 7:15 बजे प्रयागराज पहुंचेगी। अब तक नोएडा, ग्रेटर नोएडा समेत जनपद के लोगों को अब प्रयागराज समेत अन्य स्थानों के लिए दिल्ली या गाजियाबाद जाना पड़ता था।

## 'पाकिस्तान समर्थक' नारेबाजी: 14 के खिलाफ एफआईआर, छह हिरासत में लिए गये, तनाव के बाद भारी पुलिस बल तैनात

**बरेली, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बरेली जनपद में रविवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक व्यस्त बाजार क्षेत्र में मोटरसाइकिल सवार युवकों द्वारा कथित तौर पर पाकिस्तान के पक्ष में नारेबाजी की गई। इस घटना के बाद सदर बाजार इलाके में दहशत फैल गई और सुरक्षा के लिहाज से दुकानदारों को अपनी दुकानें आंशिक रूप से बंद करनी पड़ीं। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 12 से अधिक लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह घटना रविवार दोपहर कैंटोनमेंट थाना क्षेत्र अंतर्गत सदर बाजार में हुई, जहां मोटरसाइकिल पर सवार युवकों ने कथित तौर पर नारे लगाए, जिससे डर और भ्रम के बीच दुकानदारों को आंशिक रूप से दुकानें बंद करनी पड़ीं। पुलिस के मुताबिक घटना का मुख्य आरोपी पूर्व पार्षद तहसीन का बेटा काशिफ, मौलाना तौकीर रजा की इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) से जुड़ा है। रजा पिछले साल 27 सितंबर से जेल में बंद हैं।

''आई लव मोहम्मद'' पोस्टर पर विवाद के बाद एक दिन पहले 26 सितंबर को बरेली में हिंसक झड़पें हुई थीं जिसके बाद से रजा जेल में हैं। पुलिस ने कहा कि घटना के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है और अब तक लगभग 14 आरोपियों की पहचान की जा चुकी है। शिकायत के आधार पर, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत दो नामित आरोपियों और कई अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। कैंटोनमेंट थाना के इंस्पेक्टर संजय धीर ने कहा कि कई स्थानों पर रात भर छापेमारी के बाद दो नाबालिगों सहित छह आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने कहा कि इसमें शामिल अन्य लोगों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। पुलिस ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज करने के बाद काशिफ के आवास पर छापेमारी की गई, लेकिन वह फरार पाया गया। काशिफ के समर्थकों के जमा होने के बाद हिंसा भड़क गई, इस दौरान भीड़ ने कथित तौर पर पुलिस पर हमला कर दिया। पुलिस ने कहा कि घटना में शामिल पाए गए सभी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय निवासी विकास द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, वह रविवार दोपहर करीब 12 बजकर 20 मिनट एक कंप्यूटर की दुकान के पास खड़ा था, तभी मोटरसाइकिलों पर क्रिकेट बैट लेकर युवाओं का एक समूह नारे लगाते हुए गली से गुजरा। विकास ने बताया कि जब उसने विरोध किया, तो उन्होंने कथित तौर पर उसके साथ दुर्व्यवहार किया, उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (शहर) मानुष पारीक ने कहा कि सोमवार सुबह से छावनी क्षेत्र में पुलिस को अलर्ट पर रखा गया है और कानून व्यवस्था की स्थिति सामान्य बनी हुई है।



## केरल के मंदिर उत्सव बने खौफनाक मंजर, बेकाबू हाथियों ने ढाया कहर

### पैरों से कुचलकर दो लोगों को उतारा मौत के घाट

**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।** केरल में धार्मिक आयोजनों के बीच उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब आस्था के प्रतीक माने जाने वाले हाथी अचानक बेकाबू होकर तबाही का कारण बन गए। कुछ ही घंटों के अंतराल में दो अलग-अलग मंदिर आयोजनों में हुई इन घटनाओं ने न सिर्फ उत्सव का माहौल मातम में बदल दिया, बल्कि मंदिरों में हाथियों की मौजूदगी को लेकर सुरक्षा इंतजामों पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए।

पहली घटना राज्य के एक मंदिर समारोह में सामने आई, जहां उत्सव के दौरान मौजूद एक हाथी अचानक आक्रामक हो उठा। देखते ही देखते शांत माहौल चीख-पुकार में बदल गया। मौके पर मौजूद श्रद्धालु जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। इस भगदड़ और हमले में हाथी को लेकर पहुंचे वाहन चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसे नियंत्रित करने की कोशिश कर रहे एक अन्य कर्मचारी को गंभीर चोटें आईं। बेकाबू होने के बाद आसपास खड़े कई वाहनों को नुकसान पहुंचाया। कुछ चारपहिया और दोपहिया वाहन उसकी चपेट में आकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया और



स्थानीय लोगों ने तुरंत प्रशासन को सूचना दी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग और प्रशिक्षित बचाव दल को मौके पर बुलाया गया। टीम ने काफी देर तक हाथी को शांत करने की कोशिश की, लेकिन वह लगातार उग्र बना रहा। आखिरकार विशेषज्ञों की मदद से उसे शांत करने के लिए विशेष दवा दी गई, जिसके बाद काफी मशक्कत के बाद उसे नियंत्रित किया जा सका। हैरानी की बात यह रही कि यह हाथी पहले कई बड़े धार्मिक आयोजनों में शामिल हो चुका था और उसका व्यवहार सामान्य माना जाता था। घटना के बाद विशेषज्ञ यह जानने में जुटे हैं कि आखिर अचानक उसके हिंसक होने की वजह क्या रही। इसी दिन राज्य के एक अन्य प्रसिद्ध मंदिर में भी ऐसा ही हादसा हुआ, जहां एक और हाथी ने अपने केयरटेकर्स पर हमला कर दिया। इस घटना में एक सहायक कर्मचारी की जान चली गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि हाथी को पहले से नियंत्रित हालत में रखा गया था, लेकिन अचानक उसने हमला बोल दिया। दो अलग-अलग घटनाओं में हुई मौतों ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है। प्रशासन ने दोनों मामलों की जांच शुरू कर दी है और यह भी देखा जा रहा है कि आयोजन समितियों की ओर से सुरक्षा मानकों में कहीं कोई चूक तो नहीं हुई।

## गलता धाम में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की तैयारी, आधुनिक सुविधाओं के साथ बदलेगा तीर्थ का स्वरूप

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान सरकार जयपुर के ऐतिहासिक गलता तीर्थ को धार्मिक पर्यटन के बड़े केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में काम शुरू करने जा रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को गलता धाम पहुंचकर अधिकारियों के साथ बैठक की और तीर्थ क्षेत्र के विकास, सौंदर्यीकरण और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर विस्तृत निर्देश दिए। सरकार की योजना गलता तीर्थ की पौराणिक पहचान को सुरक्षित रखते हुए यहां आधुनिक सुविधाएं विकसित करने की है, ताकि देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर अनुभव मिल सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गालव ऋषि की तपोस्थली गलता धाम प्रदेश की महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर है। ऐसे में तीर्थ क्षेत्र का विकास इस तरह किया जाए कि इसकी धार्मिक गरिमा और ऐतिहासिक स्वरूप प्रभावित न हो। उन्होंने अधिकारियों को जिला प्रशासन और संबंधित विभागों के बीच समन्वय बनाकर भविष्य की जरूरतों के अनुसार कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

गलता मार्गों का होगा सौंदर्यीकरण

सरकार की योजना के तहत गलता धाम तक पहुंचने वाले दोनों प्रमुख मार्गों का विकास किया जाएगा। इन मार्गों पर धार्मिक थीम आधारित चित्रकारी, भित्ति चित्र और सूचना बोर्ड लगाए जाएंगे, ताकि श्रद्धालुओं को प्रवेश से ही आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव हो। साथ ही तीर्थ परिसर के प्रवेश द्वार पर सभी प्रमुख मंदिरों और कुंडों की जानकारी प्रदर्शित करने की व्यवस्था की जाएगी। गलता तीर्थ में बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए समुचित वाहन पार्किंग विकसित करने पर जोर दिया गया है। इसके अलावा तीर्थ क्षेत्र में यातायात और आवागमन को सुगम बनाने के लिए विशेष योजना तैयार की जाएगी। मुख्यमंत्री ने वृद्धजनों और दिव्यांग श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए ट्रैवलेटर जैसी आधुनिक सुविधाएं विकसित करने के निर्देश भी दिए।



मुख्यमंत्री ने गलता परिसर में बने मंदिरों और पवित्र कुंडों की दीवारों के जीर्णोद्धार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सावन माह से पहले कुंडों की आधुनिक मशीनों के जरिए साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। सरकार का फोकस तीर्थ के संरक्षण के साथ स्वच्छता और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने पर रहेगा।

गलता धाम में बड़ी संख्या में मौजूद वानरों को देखते हुए मुख्यमंत्री ने उनके लिए अलग स्थान निर्धारित करने के निर्देश दिए हैं। इसका उद्देश्य श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करना है, ताकि तीर्थ भ्रमण के दौरान लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सपत्नीक सीताराम जी मंदिर में पूजा-अर्चना की और प्रदेश की खुशहाली की कामना की। उन्होंने गलता परिसर के विभिन्न मंदिरों का अवलोकन किया और पवित्र कुंड में अर्घ्य भी दिया। साथ ही पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## नागपुर में अवैध होर्डिंग्स पर सख्ती: मनपा का हाईकोर्ट में हलफनामा, 10 जोन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस

**नागपुर, एजेंसी।** नागपुर शहर की सुंदरता को बिगाड़ने वाले अवैध होर्डिंग्स, बैनर और पोस्टर्स के खिलाफ महानगरपालिका ने कड़ा रुख अपनाया है। हाई कोर्ट में चल रही अवमानना याचिका के संबंध में मनपा आयुक्त डॉ। विपिन इटनकर ने विस्तृत हलफनामा दायर कर शहर में की गई कार्रवाई का ब्योरा दिया।

अवैध विज्ञापनों पर नकेल कसने में लापरवाही बरतने पर मनपा ने अपने ही 10 जोन के सहायक आयुक्तों को 'कारण बताओ' नोटिस जारी कर दिया है। उल्लेखनीय है कि अवैध होर्डिंग्स को लेकर हाई कोर्ट के आदेशों का पालन नहीं किए जाने के कारण दिनेश नायडू की ओर से अवमानना याचिका दायर की गई। याचिकाकर्ता की अधि। तुषार मंडलेकर ने पैरवी की।

नाम, पता-ठिकाना ढूंढ रही मनपा

मनपा आयुक्त द्वारा अदालत को दी गई जानकारी के अनुसार, 12 दिसंबर 2025 के बाद शहर में अवैध बैनर और होर्डिंग लगाने वाले 131 लोगों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए है। हालांकि प्रशासन के सामने एक बड़ी समस्या यह है कि 807 अवैध होर्डिंग्स लगाने वालों का नाम और पता-ठिकाना मनपा के जोनल कार्यालयों को तमाम कोशिशों के बावजूद नहीं मिल पाया है जिसके कारण उन्हें नोटिस तामील नहीं किए जा सके,

**रात के अंधेरे में लगते हैं अवैध होर्डिंग, पुलिस से मदद की गुहार:** हलफनामे में इस बात पर जोर दिया गया है कि आमतौर पर शहर में अवैध बैनर और होर्डिंग्स रात के अंधेरे में लगाए जाते है, इसलिए मनपा ने पुलिस विभाग से अपील की है कि उनकी गश्ती इकाइया रात में




ऐसे कृत्य करने वालों पर सीधे नजर रखें और उन पर तुरंत एफआईआर दर्ज करें। नागपुर मनपा ने अदालत से यह भी कहा है कि जिन 807 लोगों के पते नहीं मिल पाए है। पुलिस उनकी पहचान करने और उन्हें ट्रेस करने में मदद करे, ताकि उन पर कानूनी कार्रवाई हो सकें।

**अधिकारियों पर गिरी गाज, 3 दिन का अल्टीमेटम:** कोर्ट के आदेशों की अवमानना और अपनी वैधानिक ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में मनपा के उपायुक्त मिलिद मेश्राम ने 12 मार्च 2026 को जोन-1 से लेकर जोन-10 तक के सभी वार्ड अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस थमा दिए है। इन नोटिसों में स्पष्ट रूप से अधिकारियों को फटकार लगाई गई है कि वे सार्वजनिक संपत्ति विदूपीकरण अधिनियम 1995 के तहत स्रद्धक्र दर्ज करने, होर्डिंग हटाने का खर्च और जुर्माना वसूलने में विफल रहे है।

साथ ही, दैनिक रूप से के माध्यम से मिलने वाली शिकायतों पर भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। सभी अधिकारियों को 3 दिन के भीतर जवाब पेश करने का आदेश दिया गया है, अन्यथा उन्हें हाई कोर्ट की अवमानना का जिम्मेदार मानकर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

**जुर्माना बढ़ाने की तैयारी व नई तकनीक का इस्तेमाल:** वर्तमान में 20 फरवरी 2018 के एक प्रस्ताव के अनुसार अवैध होर्डिंग लगाने वालों पर मात्र 500 रु। का जुर्माना है। मनपा आयुक्त ने हलफनामे में स्वीकार किया है कि यह राशि बहुत ही मामूली है।

## एआई से तस्वीर बनाकर की श्री हरमंदिर साहिब की बेअदबी, एसजीपीसी ने शुरू की जांच

**अमृतसर, एजेंसी।** तीन युवकों की ओर से एआई के जरिए तस्वीर बनाकर श्री हरमंदिर साहब की बेअदबी करने का मामला सामने आया है। यह तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इस तस्वीर में तीन व्यक्तियों को परिक्रमा क्षेत्र में चप्पल पहने हुए दिखाया गया है, जबकि उनके सिर भी ढके नहीं हैं। सिख मर्यादा के विपरीत इस तरह के दृश्य को लेकर लोगों ने आपत्ति जताई है।

जानकारी के अनुसार, यह तस्वीर एक इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट की गई थी। तस्वीर में एक व्यक्ति नई स्कूटी के साथ हाथ में स्कूटी की चाबी पकड़े खड़ा है। जबकि दो अन्य उसके बगल में खड़े दिखाई दे रहे हैं। पोस्ट सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही है।



सिख संगठनों की ओर से जब संबंधित व्यक्ति से संपर्क किया गया तो उसने तस्वीर हटाने और माफी मांगने की बात कही। पोस्ट डालने वाले ने इसे अनजाने में हुई गलती बताया ओर माफ करने की अपील की। यह पहला मामला नहीं है, जब इस तरह की सामग्री सामने आई हो। इससे पहले भी एआई तकनीक का इस्तेमाल कर एक वीडियो तैयार किया गया था, जिसमें एक कंकाल को पगड़ी पहनाकर परिक्रमा क्षेत्र में दिखाया गया था। उसी वीडियो में लंगर हॉल में जूते पहनकर भोजन करते हुए दृश्य भी जोड़े गए थे। इसके अलावा एक अन्य वीडियो में एक युवक को वाहन सहित परिक्रमा में दिखाया गया था, जिसे लेकर भी विवाद हुआ था। कुछ समय पहले एक युवक द्वारा पवित्र सरोवर में प्रवेश कर कुल्ला करता हुए रील बनाने का मामला भी सामने आया था, जिस पर धार्मिक संगठनों ने कड़ी प्रतिक्रिया दी थी। इस पूरे प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने जांच शुरू कर दी है। एसजीपीसी के कानूनी सलाहकार अमन बीर सिंह ने बताया कि संबंधित तस्वीर मंगवाई गई है और इसकी तकनीकी जांच एआई कमेटी के माध्यम से कराई जाएगी। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। धार्मिक संस्थाओं का कहना है कि इस तरह की डिजिटल सामग्री न केवल धार्मिक भावनाओं को प्रभावित करती है, बल्कि तकनीक के दुरुपयोग का भी उदाहरण है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

संपादकीय

*जब मिट्टी गीली होती है, तो सूक्ष्मजीव कार्बन का कम से कम उपयोग करते हैं, जो उनके विकास के लिए आवश्यक होता है। इससे वायुमंडल में कार्बन कम हो जाता है और उसकी अधिक मात्रा मिट्टी में ही संरक्षित रहती है। साथ ही, सूक्ष्मजीवों का पोषण भी बेहतर होता है। कार्बन का मिट्टी में सुरक्षित रहना सचमुच बेहद जरूरी है।*

## पश्चिम एशिया का तनाव बना वैश्विक संकट

फिलहाल वैश्विक आर्थिक परिदृश्य नाजुक स्थिति में है। अलग-अलग स्तर पर जारी भू-राजनीतिक संघर्ष का असर कितने स्तर पर पड़ेगा, अभी इसका स्पष्ट अनुमान नहीं लगाया जा सकता।अनिश्चितता भरे इस माहौल के बीच तेल आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान का प्रभाव दिखाई दे रहा है।पश्चिम एशिया में युद्ध और उससे उपजे तनाव के कारण न केवल इसमें शामिल पक्षों के रणनीतिक मोर्चे पर, बल्कि इसके असर की वजह से दुनिया भर में आर्थिक मोर्चे पर उथल-पुथल मची हुई है। तेल और गैस की कीमतों में उछाल से ज्यादातर देश अपनी ऊर्जा सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। ईंधन के लिए मध्यपूर्व के देशों पर निर्भरता के कारण आयात पर बढ़ रहे खर्च को संभालना इस समय कई देशों के लिए बड़ी चुनौती है। सबसे बड़ा संकट यह है कि ईरान और अमेरिका के बीच गतिरोध के कारण वैश्विक अस्थिरता और इससे उपजी समस्या जटिल होती जा रही है।नतीजा यह कि इसका असर कई देशों पर पड़ा है। अनिश्चितता की वजह से एक ओर शेयर बाजार में अक्सर भारी गिरावट देखी जा रही है और उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है, वहीं सोने-चांदी के दाम तेजी से बढ़ रहे हैं। इससे निवेशक आशंका में डूबे हैं और वे सुरक्षित निवेश के विकल्पों की ओर देख रहे हैं। जहां तक भारत का सवाल है, तो यहां की अर्थव्यवस्था पर फिलहाल कोई बड़ा असर तो नहीं दिख रहा है, लेकिन पिछले कुछ महीनों में देश में तेल और गैस की किल्लत के समांतर औद्योगिक उत्पादन में कमी चिंता का विषय है। विकास की रफ्तार पर इसका कितना असर पड़ेगा, इसका आकलन शायद बाद में आए, लेकिन आम आदमी के लिए मुश्किलें गहराने की ही आशंका है।अनिश्चितता भरे इस माहौल के बीच तेल आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान का प्रभाव दिखाई दे रहा है। फिलहाल वैश्विक आर्थिक परिदृश्य नाजुक स्थिति में है। अलग-अलग स्तर पर जारी भू-राजनीतिक संघर्ष का असर कितने स्तर पर पड़ेगा, अभी इसका स्पष्ट अनुमान नहीं लगाया जा सकता। हालांकि इतना तय है कि पहले ही महंगाई और क्रयशक्ति में कमी से परेशान आम लोगों पर दबाव बढ़ेगा।जिन देशों का वित्तीय ढांचा मजबूत है और ऊर्जा के विकल्प मौजूद हैं, वहां शायद स्थिति नियंत्रण में रहे, लेकिन जो देश इस मामले में बाहर से आपूर्ति पर निर्भर हैं, उनके लिए चुनौतियां गहरी होंगी। जरूरत इस बात की है कि वैश्विक पैमाने पर आर्थिक मोर्चे पर हो रहे व्यापक नुकसानों के मद्देनजर युद्ध और तनाव जैसे हालात को खत्म करने के लिए संयुक्त राष्ट्र सहित अन्य स्तर पर ठोस पहल हो।

## ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट राष्ट्रहित में है, इसका विरोध करना चीन का खुलकर समर्थन करने जैसा है

ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट पर छिड़ी बहस के बीच, इसे हिंद महासागर में चीन की 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' रणनीति का मुकाबला करने और भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण बताया जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि मलक्का जलडमरूमध्य पर भारत की यह सामरिक बढ़त देश के आर्थिक और रणनीतिक भविष्य के लिए एक निर्णायक कदम है। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के ग्रेट निकोबार द्वीप पर प्रस्तावित विकास परियोजना को लेकर देश में तीखी बहस छिड़ गई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस परियोजना को देश की प्राकृतिक और जनजातीय विरासत के खिलाफ सबसे बड़ा अपराध और घोटाला बताया है। उन्होंने अपने दौरे के बाद कहा कि यहां के घने जंगल, जो सदियों में विकसित हुए हैं, अब बड़े पैमाने पर काटे जाने के खतरे में हैं। उन्होंने कहा कि लगभग 160 वर्ग किलोमीटर वर्षावन क्षेत्र को समाप्त किया जाएगा और लाखों पेड़ों की कटाई होगी, जिससे स्थानीय आदिवासी समुदायों का अस्तित्व भी संकट में पड़ सकता है। राहुल गांधी ने इसे विकास के नाम पर विनाश बताया और कहा कि वह इस मुद्दे को संसद में उठाएंगे। उनका आरोप है कि स्थानीय समुदायों की सहमति के बिना उनकी जमीन और संसाधनों को छीना जा रहा है। हम आपको याद दिला दें कि कांग्रेस की ओर से पहले भी इस परियोजना को लेकर चिंता जताई गई थी, जिसमें इसे शोंपेन जनजाति और द्वीप के पारिस्थितिकी तंत्र के लिए खतरा बताया गया।

## मिट्टी का 'कार्बन बैंक' खाली होने लगा! जलवायु संकट की नई चेतावनी

**(चेतनादित्य आलोक)**

हमारी संस्कृति का एक महत्त्वपूर्ण सिद्धांत 'जियो और जीने दो' का तात्पर्य ही यही है कि हम एक-दूसरे के अस्तित्व को स्वीकार करते हुए आपसी तालमेल के साथ जीवनयापन करें।दुनिया भर के पर्यावरण वैज्ञानिकों के समक्ष इस समय एक बड़ी चुनौती है। यह चुनौती है धरती की कोख में कार्बन का भंडार कम होने की। यानी मिट्टी में कार्बन की मात्रा कम जमा हो रही है। सामान्यतः यह किसी को जानकर अटपटा लग सकता है, लेकिन सच यही है कि हमारी धरती वायुमंडल में कार्बन की मात्रा अत्यधिक होने के कारण जलवायु असंतुलन पैदा होने अथवा बढ़ने से बचाने के लिए अपनी कोख में जहरीले कार्बन जमा कर लेती है। ऐसा इसलिए कि जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों से मनुष्यों और जीव-जंतुओं का बचाव हो सके। गौरतलब है कि मिट्टी में जमा होने वाले कार्बन की मात्रा वायुमंडल द्वारा सोखे जाने वाले कार्बन की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक होती है। कार्बन सोखने के मामले में वायुमंडल की अपेक्षा धरती की क्षमता तीन गुना अधिक होती है। इस प्रकार देखा जाए, तो मिट्टी द्वारा कार्बन सोखे जाने की यह प्रक्रिया जलवायु संतुलन बनाए रखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। खास बात यह भी है कि कार्बन अधिक से अधिक संग्रहीत करने में मिट्टी अकेले ही भूमिका नहीं निभाती, बल्कि इसमें अनेक सूक्ष्म जीवों की भी बहुत बड़ी भूमिका होती है, जो मिट्टी में घुल-मिल कर रहते हैं। इसलिए हम सभी लोग धरती और सूक्ष्म जीवों के ऋणी हैं। हमें इनका आभार मानना चाहिए, क्योंकि ये रात-दिन परिश्रम कर वायुमंडल में कार्बन कम करने का कार्य करते हैं, ताकि हमारे फेफड़ों की सेहत अच्छी बनी रहे। भारतीय संस्कृति में तो सदा से ही सभी जीवों और तत्त्वों के प्रति कृतज्ञ बने रहने और उनके साथ सम्मान, सहयोग, सहभागिता और सहायता के माध्यम से आगे बढ़ने की बात कही जाती रही है। हमारी संस्कृति का एक महत्त्वपूर्ण सिद्धांत 'जियो और जीने दो' का तात्पर्य ही यही है कि हम एक-दूसरे के अस्तित्व को स्वीकार करते हुए आपसी तालमेल के साथ जीवनयापन करें। उदाहरण के लिए मिट्टी के बिना उसमें घुल-मिल कर रहने वाले सूक्ष्म जीवों का अस्तित्व संकट में पड़ जाएगा। वहीं, मिट्टी और सूक्ष्म जीवों के बिना मनुष्य आदि प्राणियों के अस्तित्व की कल्पना भी नहीं की जा सकती। तात्पर्य यह कि सृष्टि के सभी प्राणी एक-दूसरे पर आश्रित हैं। पृथ्वी पर प्रायः सभी प्राणियों के लिए सुखमय जीवन जीने की अभिलाषा का मुख्य आधार ही परस्पर सभी जीवों और तत्त्वों के अस्तित्व को स्वीकार करना तथा उनके साथ पारस्परिकता के साथ जीना है। यही हमारे संस्कार हैं। श्रीमद्भागवत के प्रथम स्कंध में उल्लेखित 'जीवो जीवस्य जीवनम्' इसी बात का प्रमाण है। इसे ही आधुनिक समाज में 'सहजीवन' एवं 'सह-अस्तित्व' के रूप में जाना जाता है। सामान्यतः पारस्परिक निर्भरता वाले जीवों को एक-दूसरे के साथ होने से लाभ मिलता है। शैवाल और कवक पारस्परिक 'सह-अस्तित्व' के अच्छे उदाहरण हैं। 'सहजीवन' अन्य संस्कृतियों एवं विकसित समाजों के लिए भले ही एक नया शब्द और सिद्धांत प्रतीत होता हो, लेकिन हमारी वैदिक संस्कृति का प्रधान तत्त्व ही यही है, जो अनेक अवसरों पर विविध रूपों में पल्लवित-पुष्पित होता रहा है। 'सहजीवन' का परिपोषक 'जियो और जीने दो' केवल एक सिद्धांत नहीं, बल्कि संपूर्ण जीवन दर्शन है। मनुष्य की जिजीविषा से जुड़ा भारतीय मनीषा का यह कल्याणकारी दर्शन अनेक प्राचीन धार्मिक ग्रंथों में समाहित है। जिन संस्कृतियों एवं समाजों की इस दर्शन में आस्था नहीं, वे अक्सर युद्धरत रहते हैं। अजरबैजान और आर्मेनिया का युद्ध, सूडान और म्यांमार में गृहयुद्ध, चीन-ताइवान का संघर्ष, हैती में गिरोहों का आतंक, फिलीस्तीन-इजराइल और हमास युद्ध, रूस-यूक्रेन युद्ध तथा अमेरिका-इजराइल का ईरान से युद्ध इसके उदाहरण हैं। अब तक इन युद्धों और संघर्षों में बड़ी संख्या में निर्दोष लोग मारे जा चुके हैं और घायल हुए। जो बचे भी हैं, उनका जीवन शायद अब पहले की तरह कभी नहीं हो पाएगा। इसी प्रकार, धरती की कोख में कार्बन का भंडार कम होने का प्रमुख कारण भी यही है कि मनुष्य ने 'जियो और जीने दो' वाले प्राचीन भारतीय जीवन दर्शन को नकार दिया। कल्पना की जा सकती है कि यदि हम मिट्टी और इसमें पाए जाने वाले सूक्ष्म जीवों के प्रति संवेदनशील होते और अन्न की पैदावार बढ़ाने के लिए उर्वरकों एवं कीटनाशकों का अंधाधुंध उपयोग न कर मिट्टी एवं सूक्ष्म जीवों की सुरक्षा के लिए समुचित कदम उठाए होते, तो आज यह स्थिति पैदा नहीं होती। इसी प्रकार, हम जल और जलीय जीव-जंतुओं के अस्तित्व की परवाह नहीं करते। नदियों-तालाबों में कूड़ा-कचरा और गंदगी डालकर उसे प्रदूषित करते रहते हैं। इसी संवेदनहीन व्यवहार का नतीजा है कि आज देश में कई जलाशय अपना अस्तित्व खो चुके हैं। आसमान में उड़ने वाले परिंदों के लिए भी हमारी संवेदना नहीं जागती। अब जबकि मिट्टी में कार्बन की घटती मात्रा के कारण दुनिया भर में जलवायु संतुलन बिगड़ने लगा है, तब वैज्ञानिकों का ध्यान इस ओर गया और उन्होंने इस पर गहन शोध किया। अब उनका मानना है कि जलवायु में मिट्टी तथा सूक्ष्मजीवों की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। दरअसल, हम जिस धरती पर चलते हैं, वह केवल धूल से बनी मिट्टी भर नहीं है, बल्कि यह ब्रह्मांड का एक बहुत बड़ा 'कार्बन बैंक' है। पर्यावरण वैज्ञानिकों ने शोध में पाया कि मिट्टी में हवा (वायुमंडल) की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक कार्बन का संरक्षण होता है। यह कार्बन यदि मिट्टी में ही सुरक्षित रहे, तो इससे हमारा जलवायु-तंत्र संतुलित रहता है। वहीं, यदि मिट्टी में संरक्षित कार्बन, कार्बन डाइऑक्साइड बनकर हवा में घुल-मिल जाए, तो पृथ्वी के तापमान में तेजी से वृद्धि होगी। विज्ञान पत्रिका में प्रकाशित शोध का प्रमुख निष्कर्ष यह है कि मिट्टी में कार्बन को संरक्षित रखने में पानी की बहुत बड़ी भूमिका होती है। इस अध्ययन के अनुसार, जब मिट्टी गर्म होकर सूख गई, तब उसमें संचित कुल कार्बन का लगभग 12.2 फीसद हिस्सा मिट्टी से गायब हो गया। अमेरिका में जमीन के 48 अलग-अलग टुकड़ों को वैज्ञानिकों ने अपनी प्रयोगशाला बनाकर 12 वर्षों तक शोध करने के बाद पाया कि जब मिट्टी गीली थी, तब उसमें मौजूद कार्बन की मात्रा में लगभग 6.7 फीसद की वृद्धि हुई। तात्पर्य यह कि मिट्टी में जल की मात्रा जितनी अधिक होती है, उसमें कार्बन को सोखकर अपने भीतर संरक्षित करने की क्षमता उतनी ही बढ़ जाती है। हालांकि, यह बदलाव पौधों के कारण नहीं, बल्कि मिट्टी में पाए जाने वाले सूक्ष्मजीवों के कारण आया। वैज्ञानिकों ने शोध के बाद माना कि गर्म और सूखे मौसम में सूक्ष्मजीव तनावग्रस्त रहते हैं। ऐसे में, जीवित रहने के लिए वे कार्बन का अधिक उपयोग करते हैं और फिर उसे कार्बन डाइऑक्साइड के रूप में हवा में छोड़ देते हैं।

## हर 'हां' के पीछे छिपा तनाव! सही समय पर 'ना' कहने की ताकत क्यों बदल देती है जिंदगी

**(महिमा सामंत)**

कभी-कभी एक छोटा-सा 'ना' ही हमें अनावश्यक बोझ से बचाकर उस रास्ते पर ले जाता है, जहां हम अधिक शांत, अधिक संतुलित और अधिक संतुष्ट जीवन जी सकते हैं।हमारे समाज में बचपन से ही हमें यह सिखाया जाता है कि दूसरों की बात मानना, सबको खुश रखना और किसी को मना न करना अच्छे संस्कार हैं। यह बात सही भी है, क्योंकि सहृदयता और सहयोग मनुष्य को बेहतर बनाते हैं। मगर कई बार यही आदत हमें ऐसी स्थिति में पहुंचा देती है, जहां हम अपनी इच्छाओं, अपने समय और अपनी मानसिक शांति को नजरअंदाज करने लगते हैं। ऐसे में जीवन हमें एक महत्त्वपूर्ण पाठ सिखाता है- कभी-कभी 'ना' कहना भी उतना ही जरूरी है जितना 'हां' कहना। 'ना' कहना असभ्यता नहीं है, बल्कि यह अपने जीवन की सीमाओं और प्राथमिकताओं को समझने का संकेत है। जब हम हर किसी की बात मानते रहते हैं, तो धीरे-धीरे हमारे ऊपर जिम्मेदारियों का बोझ बढ़ता जाता है। हम ऐसे काम भी करने लगते हैं, जो हमें थका देते हैं या जिनसे हमें कोई संतोष नहीं मिलता। मसलन, कई बार हमें किसी शादी या समारोह में जाने का मन नहीं होता, क्योंकि हम पहले से थके हुए होते हैं या हमारे पास कोई जरूरी काम होता है। फिर भी हम केवल इसलिए चले जाते हैं कि लोग क्या कहेंगे। परिणाम यह होता है कि हम न तो वहां पूरी खुशी से रह पाते हैं और न ही अपने जरूरी काम पूरे कर पाते हैं। इसी तरह कार्यस्थल पर भी अक्सर ऐसा होता है। मान लिया जाए कि किसी सहकर्मी को अपना काम जल्दी खत्म करना है, इसलिए वह अपना कुछ काम हमें दे देता है। हम मना नहीं कर पाते और 'ठीक है, मैं कर देता हूं' कह देते हैं। धीरे-धीरे यह आदत बन जाती है और लोग यह मान लेते हैं कि हम हर बार तैयार रहेंगे। अंत में इसका असर हमारे समय, प्रदर्शन और हमारी ऊर्जा पर पड़ता है। विद्यार्थियों के जीवन में भी यह स्थिति आम है। कई विद्यार्थी केवल दोस्तों के दबाव में आकर अनावश्यक गतिविधियों में समय बिता देते हैं- कभी घंटों मोबाइल पर बात करना, कभी बिना जरूरत बाहर घूमने जाना। वे मना नहीं कर पाते और बाद में पढ़ाई का दबाव बढ़ जाता है। इन छोटी-छोटी परिस्थितियों में अगर हम विनम्रता के साथ 'ना' कहना सीख लें, तो जीवन कहीं अधिक संतुलित हो सकता है। ऐसा करना स्वार्थ नहीं है। यह स्व-सम्मान और आत्म-जागरूकता का प्रतीक है। जब हम अपनी सीमाओं को पहचानते हैं और उन्हें स्पष्ट रूप से व्यक्त करते हैं, तो लोग भी धीरे-धीरे उसका सम्मान करना सीखते हैं। हमारे प्राचीन ग्रंथों में भी ऐसे प्रसंग मिलते हैं जो 'ना' कहने के महत्त्व को समझाते हैं। महाभारत में भीष्म पितामह का जीवन इसका एक मार्मिक उदाहरण है। उन्होंने अपने पिता की खुशी के लिए आजीवन ब्रह्मचर्य और सिंहासन के प्रति निष्ठा की प्रतिज्ञा ली। यह प्रतिज्ञा त्याग का अद्भुत प्रतीक थी।

### सुडोकू पहेली क्रमांक- 6082

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | 6 | | 7 | | | |
| | 4 | | 3 | | 9 | 8 | | |
| 3 | 7 | | | | | | | 1 |
| 4 | | | | | | | 3 | |
| 6 | 3 | | 1 | 2 | 5 | | 9 | 4 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 8 | | | | | | | 7 | 6 |
| | | 7 | 2 | | 6 | | 1 | |
| | | | 5 | | 3 | | | 9 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6081

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 9 | 4 | 7 | 5 | 1 | 3 | 6 |
| 5 | 7 | 6 | 1 | 8 | 3 | 4 | 2 | 9 |
| 3 | 1 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 5 | 7 |
| 7 | 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 5 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 7 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 6 | 4 | 7 | 2 | 1 | 5 |
| 6 | 9 | 7 | 8 | 2 | 1 | 5 | 4 | 3 |
| 8 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 1 | 4 | 5 | 3 | 6 | 9 | 7 | 8 | 2 |

### वर्ग पहेली 6082



**संकेत: बाएं से दाएं**

१. ये एक पत्रकार और राजनेता थे, और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से रायबरेली के पूर्व सांसद जिनका जन्मदिन 12 सितंबर 1912 है (5)
6. हुकुमत, शासनकाल, प्रभुत्व (2)
7. धैर्यशील, समदर्शी, सहिष्णु (5)
10. लखनऊ शहर इस नदी के किनारे बसा है, यह उत्तर भारत की एक प्रमुख नदी है (3)
11. प्रकृति, अदिति, निसर्ग (4)
13. पुरूषोत्तम मास, अधिकमास (4)
15. गुनाह, दोष, अपराध, त्रुटि (2)
17. धातु पटल, चांदी का पतला पत्तर (3)
19. परिवार का बुजुर्ग, पूर्वज, वयोवृद्ध (3)
21. किसी दूसरे के माथे या ललाट पर तिलक लगाना (3)
22. इस अभिनेत्री ने पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर मोहसिन खान से विवाह किया था (4)

**संकेत: ऊपर से नीचे**

१. उर्दू भाषा के प्रसिद्ध रचनाकार जिनका मूल नाम रघुपति सहाय था (8)
2. प्रतिदिन, नित्य, अहोरात्र (2)
3. निर्देशक रिचर्ड एटनबरो की ऐतिहासिक फिल्म जो भारत के महान व्यक्ति के जीवन पर बनी है (1982)(2)
4. फिल्म अभिनेता और टीवी के स्टॉर प्रोड्यूसर रहे (1985-1992)(6)
5. यह द्वीप इंडोनिशिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला द्वीप है (2)
8. किसी वस्तु के निर्माण का खर्च (3)
9. वह बाल जिसके पिता का निधन हो चुका हो (3)
12. संख्या में दस कोटिक (5)
14. प्रेम, प्यार, इश्क, मुहब्बत (अंग्रेजी)(2)
16. सद्गति प्राप्त करवाना (3)
18. आश्रय, शरण, छत्रछाया (3)
20. नमकीन, लवणीय, लावणिक, लोना (3)

### वर्ग पहेली 6081 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शि | का | गो | | मा | ल | दी | व |
| व | | पी | प | ल | | न | र |
| तां | ता | | र | वा | ना | | मा |
| ड | म | रू | | ह | | म | ला |
| व | | पा | ल | क | | क | |
| | | गां | व | | द्वा | र | का |
| पं | | गु | | दी | प | ध्व | ज |
| गु | ग | ली | | | र | ज | |

## आज का राशिफल

### मेष
व्यापार से सम्बन्धित परेशानियाँ दूर होंगी। आज आप कोई ऐसा कार्य कर सकते हैं, जिससे आपकी प्रशंसा हो सकती है। अपने व्यवहार में लचीलापन बनाये रखें। अपनी गलतियों से सीखने का प्रयास करें। मित्रों के साथ रिश्ते मजबूत होंगे। बजट से अधिक धन खर्च न करें। शाम के समय सिरदर्द की शिकायत हो सकती है।

### वृष
प्रबन्धन सम्बन्धी कार्यों में परेशानी हो सकती है। लम्बी दूरी की यात्रा आपको नहीं करनी चाहिये। गलत संगति की वजह से आपकी छवि खराब हो सकती है। शाम के समय सिरदर्द की शिकायत हो सकती है। जीवनसाथी से मतभेद होने के योग बन रहे हैं। प्रेम सम्बन्धों को लेकर थोड़े अपसेट हो सकते हैं। शाम के समय सिरदर्द की शिकायत हो सकती है।

### मिथुन
राजनीति से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त होगा। सामाजिक कार्यों में आप विशेष ध्यान देंगे। बड़े अधिकारियों से चर्चा हो सकती है। भावनाओं में बहकर धन खर्च न करें। घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है। शाम के समय सिरदर्द की शिकायत हो सकती है।

### तुला
तकनीकी क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के अवसर मिलेंगे। धार्मिक और आध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। युवा अपने करियर को लेकर अत्यधिक गम्भीर रहेंगे। कार्यक्षेत्र में अपना ध्यान केन्द्रित रखें। धन का उधार लेन-देन विवाद का कारण बन सकता है। माता के साथ वैचारिक मतभेद उभर सकते हैं।

### वृश्चिक
व्यापार को लेकर बड़े समझौते आज न करें। छात्रों को परीक्षा परिणाम में बड़ी सफलता मिलेगी। किसी नये विषय को लेकर चर्चा कर सकते हैं। बच्चे पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। माता के साथ वैचारिक मतभेद उभर सकते हैं। उधार धन लेने से आज आपको बचना चाहिये। भावनाओं में बहकर धन खर्च न करें। घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है।

### धनु
प्रेम सम्बन्धों में विश्वासघात होने की आशंका है। सन्तान के प्रति कुछ चिन्तायुक्त हो सकते हैं। आज कोई भी नया काम शुरू न करें। ब्लडप्रेशर और शुगर के रोगियों को तनाव लेने से बचना चाहिये। मौसम में आ रहे बदलावों के कारण भी स्वास्थ्य पर अवसर आ सकता है। नियमित योग और व्यायाम अवश्य करें।

### कर्क
व्यापार को लेकर आप अत्यधिक प्रयासरत रहेंगे। अधीनस्थ कर्मचारियों पर आप प्रसन्न रहेंगे। रुकी परियोजनाओं को पुनः प्रारम्भ कर सकते हैं। शाम के समय सिरदर्द की शिकायत हो सकती है। सोशल मीडिया में आप अत्यधिक सक्रिय हो सकते हैं। नयी नौकरी खोज रहे हैं, तो आपको सफलता मिल सकती है।

### सिंह
दिन की शुरुआत काफी अच्छी रहेगी। नौकरीपेशा लोगों को इच्छित पदोन्नति मिल सकती है। जीवनसाथी के प्रति प्रेम का भाव बढ़ेगा। किसी विशेष परिस्थिति के अचानक उत्पन्न होने से कोई परियोजना अटक सकती है। शाम के समय सिरदर्द की शिकायत हो सकती है। भावनाओं में बहकर धन खर्च न करें। घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है।

### कन्या
मित्रों और शुभचिन्तकों के चहेते बने रहेंगे। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम की रूपरेखा बना सकते हैं। मनोरञ्जन का भरपूर आनन्द लेंगे। शाम के समय सिरदर्द की शिकायत हो सकती है। नये कार्यों के प्रति समर्पण का भाव रहेगा। आज आपको कुछ गुप्त बातें पता लग सकती हैं।

### मकर
सरकारी कार्यों में समस्या हो सकती है। अपनी जीवनशैली सादगीपूर्ण रखें। अनावश्यक बहसबाजी से आपको बचना चाहिये। घर पर आप काफी बोरियत महसूस करेंगे। माता के साथ वैचारिक मतभेद उभर सकते हैं। उधार धन लेने से आज आपको बचना चाहिये। गर्मी के कारण सिर भारी हो सकता है। शिक्षा के क्षेत्र में आपको उत्तम सफलता मिल सकती है।

### कुंभ
आपकी वाणी में ओजस्विता रहेगी। जिससे लोग आपसे अत्यन्त आकर्षित रहेंगे। कारोबार में आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी। आज किसी से धन को लेकर वादा न करें। यात्राओं के दौरान परेशानी हो सकती है। माता के साथ वैचारिक मतभेद उभर सकते हैं। उधार धन लेने से आज आपको बचना चाहिये।

### मीन
उच्च अधिकारी आपसे अत्यधिक प्रसन्न रहेंगे। प्रेमीजन के साथ घूमने के लिये जा सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है। महिलायें घरेलू कारोबार को शुरू करने का विचार बनायेंगे। कार्यक्षेत्र में कुछ परिवर्तन करने का विचार बनायेंगे। आज आप अपने किसी प्रियजन को उपहार भी दे सकते हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# पीएसएल 2026 फाइनल : एरन हार्डी ने अकेले दम पर पलटा मैच; 9 साल बाद पेशावर बना चैंपियन

**लाहौर(एजेंसी)।** पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) 2026 के फाइनल में पेशावर जाल्मी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हैदराबाद किंग्समेन को 5 विकेट से हराकर 9 साल बाद खिताब अपने नाम कर लिया। कप्तान बाबर आजम इस बड़े मुकाबले में गोल्डन डक पर आउट हो गए, लेकिन टीम के हीरो बने ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर एरन हार्डी ।

हार्डी ने गेंद और बल्ले दोनों से कमाल करते हुए मैच का रुख पलट दिया। उन्होंने पहले 4 विकेट झटके और फिर नाबाद अर्धशतक जड़कर टीम को जीत दिलाई। उनके इस ऑलराउंड प्रदर्शन ने फाइनल को पूरी तरह एकतरफा बना दिया।

लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में हैदराबाद किंग्समेन ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी की और शुरुआत शानदार रही। पावरप्ले तक टीम का स्कोर 69/2 था और लग रहा था कि बड़ा स्कोर बनेगा। लेकिन इसके बाद टीम अचानक लड़खड़ा गई और लगातार विकेट गिरते चले गए। मिडिल ऑर्डर पूरी तरह फ्लॉप रहा और पूरी टीम 18 ओवर में सिर्फ 129 रन पर सिमट गई।

किंग्समेन के लिए शमी अयूब ने 54 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली, लेकिन दूसरे छोर से उन्हें कोई खास साथ नहीं मिला। विकेटों के गिरने का सिलसिला जारी रहा, जिससे रन गति



भी धीमी पड़ गई। हार्डी ने 4 ओवर में 27 रन देकर 4 विकेट लेकर विपक्षी टीम की कमर तोड़ दी। उनकी गेंदबाजी ने मैच को पूरी तरह पेशावर के पक्ष में कर दिया।

130 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पेशावर जाल्मी की शुरुआत भी बेहद खराब रही। पहले ही ओवर में टीम ने मोहम्मद हारिस और बाबर आजम के विकेट गंवा दिए, जिससे दबाव बढ़ गया। कुछ ही ओवर में स्कोर 40/4 हो गया और ऐसा लगने लगा कि मैच फंस सकता है। लेकिन यहीं से हार्डी ने मोर्चा संभाल लिया और पारी को संभालते हुए तेजी से रन बनाए।

हार्डी ने अब्दुल शमद के साथ मिलकर अहम साझेदारी की और टीम को जीत की ओर ले गए। हार्डी ने 39 गेंदों में नाबाद 56 रन बनाए, जबकि समद ने 48 रन का योगदान दिया।दोनों के बीच शानदार साझेदारी ने मैच का पासा पलट दिया और पेशावर ने 15.2 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। इस जीत के साथ पेशावर जाल्मी ने 2017 के बाद पहली बार पीएसएल का खिताब जीता। हार्डी के ऑलराउंड प्रदर्शन को लंबे समय तक याद रखा जाएगा, क्योंकि उन्होंने अकेले दम पर टीम को चैंपियन बना दिया।

# आईपीएल में 'गर्लफ्रेंड कल्चर' से बीसीसीआई नाखुश

## कड़े नियम लाने पर कर रहा विचार

**मुंबई (एजेंसी)।** अब इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के दौरान मैदान से लेकर होटल के गलियारों तक एक बड़ी चर्चा शुरू हो गई है. रिपोर्टों के अनुसार, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) अब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में 'गर्लफ्रेंड कल्चर' पर नकेल कसने के लिए तैयारी कर रहा है। बीसीसीआई का रुख साफ है कि टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों के परिवार के सदस्य और पत्नियां कोई समस्या नहीं हैं, लेकिन गर्लफ्रेंड बड़ी समस्या बन गई है।

## गर्लफ्रेंड से प्रॉब्लम क्यों?

दरअसल आईपीएल 2026 के दौरान, हार्दिक पांड्या, ईशान किशन, अर्शदीप सिंह और यशस्वी जायसवाल जैसे कई स्टार खिलाड़ियों को अपनी गर्लफ्रेंड के साथ देखा गया है. एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई ने इस बात पर नाराजगी जताई है कि टीम के रहने की जगह पर भी खिलाड़ी अपनी गर्लफ्रेंड को अपने साथ रखते हैं। सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात यह है कि टीम बस को अक्सर इन गर्लफ्रेंड का इंतजार करना पड़ता है. हद तो तब हो जाती है जब ये खिलाड़ियों के साथ उनके होटल के कमरों में भी रुक रही हैं।

**बीसीसीआई की चिंता–** बोर्ड की चिंता केवल अनुशासन को लेकर ही नहीं, बल्कि गंभीर सुरक्षा कारणों को लेकर भी है. क्योंकि कई खिलाड़ियों की गर्लफ्रेंड सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हैं. बोर्ड को डर है कि उनके जरिए टीम की गोपनीय जानकारी लीक हो सकती है। इसके अलावा कुछ रिपोर्टों में ये भी दावा किया गया है कि इन गर्लफ्रेंड में से कुछ पहले सट्टेबाजी ऐप्स का प्रचार भी किया है. जो क्रिकेटरों की प्रतिष्ठा के लिए एक बड़ा खतरा है. जिसके कारण बोर्ड और आईपीएल दोनों की छवि धूमिल हो सकती है।

**आईपीएल 2027 से लागू हो सकते हैं नए नियम–** बीसीसीआई इस मामले पर अपनी अगली बैठक में चर्चा करने वाला है और कड़े दिशा–निर्देश भी जारी करने की तैयारी में है. जिसमें गर्लफ्रेंड को टीम बस में सफर करने या खिलाड़ियों के साथ होटलों में रुकने की इजाजत नहीं होगी. यह नियम नए नियम आईपीएल 2027 से लागू किए जा सकते हैं. बीसीसीआई का मानना ??है कि अगर अभी सख्त नियम नहीं बनाए गए, तो भविष्य में कोई बड़ा विवाद खड़ा हो सकता है।




# सुनील नरेन की डबल सेंचुरी!

## आईपीएल इतिहास में ऐसा करने वाले बने पहले विदेशी खिलाड़ी

**मुंबई (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज के मिस्ट्री स्पिनर सुनील नरेन को आईपीएल के सबसे सफल गेंदबाजों में से एक माना जाता है. उन्होंने इस टूर्नामेंट में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है. वो आईपीएल में 200 विकेट पूरे करने वाले तीसरे जबकि पहले विदेशी खिलाड़ी बन गए हैं. इसके अलावा किसी एक फ्रेंचाइजी के लिए ये कारनामा करने वाले भी पहले खिलाड़ी बन गए हैं।

सुनील नरेन ने ये उपलब्धि आईपीएल 2026 के 45वें मैच सनराइजर्स हैदराबाद बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स में हासिल की. नरेन ने मैच में 4 ओवर गेंदबाजी की और 31 रन देकर 2 विकेट लिए।

अब नरेन के नाम 197 आईपीएल मैचों में 201 विकेट हैं. वह आईपीएल में 200 विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बन गए हैं. उनसे आगे युजवेंद्र चहल और भुवनेश्वर कुमार हैं. लेकिन एक विदेशी खिलाड़ी के तौर पर 200 विकेट लेने वाले वह पहले गेंदबाज हैं।

सबसे अहम बात यह है कि नरेन ने अपने सभी 201 विकेट कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए ही लिए हैं. वह 2012 से लगातार चयक्र का हिस्सा रहे हैं. आईपीएल के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि किसी खिलाड़ी ने एक ही टीम के लिए 200 विकेट पूरे किए हों। वह पिछले 14 सालों से केकेआर के लिए मैचों में अहम भूमिका निभाते आ रहे हैं और अब इस उपलब्धि ने उनके करियर को और भी यादगार बना दिया है. यह उपलब्धि न सिर्फ सुनील नरेन के लिए, बल्कि पूरी चयक्रफ्रेंचाइजी के लिए भी गर्व का पल है।

### आईपीएल में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज

| | |
|---|---|
| युजवेंद्र चहल | 228 विकेट |
| भुवनेश्वर कुमार | 215 विकेट |
| सुनील नरेन | 201 विकेट |
| पीयूष चावला | 192 विकेट |
| आर अश्विन | 187 विकेट |




### सुनील नरेन का आईपीएल करियर

सुनील नरेन ने 2012 में आईपीएल में डेब्यू किया था. आईपीएल के इस महान स्पिनर ने अब तक 197 मैचों में 25.53 की औसत से 201 विकेट लिए हैं. गेंदबाजी के साथ-साथ, नरेन ने अपनी बल्लेबाजी से भी चयक्रको कई मैच जिताए हैं. बाएं हाथ से आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए, नरेन ने 165.30 के स्ट्राइक रेट से 1820 रन बनाए हैं।

**केकेआर ने एसआरएच को हराया–** मैच की बात करें तो कोलकाता ने हैदराबाद को 7 विकेट से मात दे दी है. 166 रनों के लक्ष्य को केकेआर ने रहाणे के 47 और रघुवंशी के 59 रनों की बदौलत 3 विकेट खोकर 18.2 ओवर में हासिल कर लिया।

# ऑरेंज कैप फिर से अभिषेक के सिर, रबाडा पर्पल कैप की दौड़ में शामिल




**अहमदाबाद (एजेंसी)।** अभिषेक शर्मा कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मात्र 15 रन बनाकर एक बार फिर से ऑरेंज कैप तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए है। वहीं कगिसो रबाडा 16 विकेटों के साथ पर्पल कैप की दौड़ में शामिल हो गए है। ऑरेंज कैप तालिका में कम अंतर पर कब्जा देखने को मिल रहा हैं। जैसे चयक्रके खिलाफ अभिषेक शर्मा ने केवल 15 रन बनाए, लेकिन यह केएल राहुल (दिल्ली कैपिटल्स) से 7 रन आगे निकलने और शीर्ष स्थान वापस हासिल करने के लिए काफी था।

हाइनरिक क्लासन अवसर का फायदा नहीं उठा सके, इसलिए राहुल (433 रन) का दूसरा स्थान सुरक्षित है। क्लासन ने केकेआर के खिलाफ 11 रन बनाए और अब उनके 425 रन हैं। उनके बाद राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के वैभव सूर्यवंशी (404 रन) हैं और फिर शीर्ष पांच में नया नाम जुड़ा है। गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज बी साई सुदर्शन ने हालिया शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 41 गेंदों में 57 रन बनाए और 385 रन तक पहुंच गए हैं।

शुभमन गिल, प्रभसिमरन सिंह, जॉस बटलर और श्रेयस अय्यर रविवार को अधिक रन नहीं बना सके, लेकिन इशान किशन ने 42 रन बनाकर कुल 354 रनों के साथ नौवें स्थान पर जगह बनाई, जबकि ट्रैविस हेड ने भी अपनी हालिया फॉर्म जारी रखते हुए 28 गेंदों में 61 रन बनाए और 12वें स्थान तक पहुंच गए।

वहीं पर्पल कैप तालिका की बात की जाए तो कगिसो रबाडा ने पिछले छह मैचों में 12 विकेट ले लिए हैं और तेज़ी से ऊपर चढ़ते हुए 16 विकेट के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, जो कि रॉयल चैजेंजर्स बेंगलुरु के भुवनेश्वर कुमार और चेन्नई सुपर किंग्स के अंशुल कम्बोज से केवल एक विकेट पीछे हैं।

प्रसिद्ध कृष्णा को फिर बाहर बैठना पड़ा, इशान मलिंगा को कोई विकेट नहीं मिला, राशिद खान को केवल एक विकेट मिला, लेकिन मोहम्मद सिराज और कार्तिक त्यागी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो-दो विकेट लिए। इससे उनके सीजन के विकेट 11 तक पहुंच गए, जिससे वे शीर्ष 10 में बने हुए हैं।

# इंटर मिलान का जलवा बरकरार

## 3 मैच बाकी रहते ही खिताब किया अपने नाम



**इटली(एजेंसी)।** प्रतिष्ठित फुटबॉल टूर्नामेंट सीरी-ए में इंटर मिलान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। इंटर मिलान ने परमा को 2-0 से हराकर तीन मैच शेष रहते ही चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। इस जीत के साथ इंटर मिलान ने अंक तालिका में अपनी पकड़ इतनी मजबूत कर ली कि अब कोई भी टीम उन्हें पीछे नहीं छोड़ सकती। इंटर मिलान को खिताब जीतने के लिए सिर्फ एक ड्रॉ की जरूरत थी, लेकिन टीम ने जीत के साथ ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। इस जीत के बाद टीम ने दूसरे स्थान पर मौजूद नापोली 12 अंकों की अजेय बढ़त बना ली है। यह इंटर मिलान का कुल 21वां सीरी ए खिताब है, जिससे वह सबसे ज्यादा खिताब जीतने वाली टीमों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। मैच में इंटर मिलान की शुरुआत दमदार रही और पहले हाफ में ही बढ़त हासिल कर ली। टीम की ओर से मार्कस थूरम ने पहला गोल दागकर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद अनुभवी खिलाड़ी हेनरीक ने 80वें मिनट में दूसरा गोल कर जीत पक्की कर दी। पूरे सीजन में इंटर मिलान का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा है। टीम ने लगातार अच्छा खेल दिखाते हुए बाकी टीमों को पीछे छोड़ दिया।उनकी मजबूत डिफेंस और आक्रामक अटैक ने उन्हें इस सीजन का सबसे संतुलित टीम बना दिया।

## उत्तराखंड में आयोजित खेलो इंडिया अस्मिता लीग में ईस्ट जोन बना चैंपियन

# झारखंड की बेटियों का दमदार प्रदर्शन

**रांची(एजेंसी)।** भारतीय खेल प्राधिकरण और साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित खेलो इंडिया अस्मिता नेशनल ट्रैक साइकिलिंग लीग का सफल आयोजन उत्तराखंड के रुद्रपुर स्थित शिवालिक वेलोड्रम में संपन्न हुआ. दो दिनों तक चली इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न राज्यों और जोनों से कुल 249 महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया।

**ईस्ट जोन ने अर्जित किए सर्वाधिक अंक–** वहीं प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ईस्ट जोन ने सर्वाधिक अंक अर्जित कर ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया. इस जीत में झारखंड की खिलाड़ियों का अहम योगदान रहा, जिन्होंने सर्वाधिक पदक जीतकर ईस्ट जोन को शीर्ष स्थान तक पहुंचाने में निर्णायक भूमिका निभाई।

**सरिता कुमारी ने बेस्ट वुमन एथलीट का खिताब किया अपने नाम–** झारखंड की सरिता कुमारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बेस्ट वुमन एथलीट का खिताब अपने नाम किया. उनकी इस उपलब्धि को राज्य के लिए गर्व का क्षण माना जा रहा है.




प्रतियोगिता के दौरान झारखंड की अन्य खिलाड़ियों ने भी विभिन्न स्पर्धाओं में दमदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

**गणमान्य अतिथियों ने किया सम्मानित–** समापन समारोह में विजेता खिलाड़ियों को उधम सिंह नगर के एसपी उत्तम सिंह नेगी, नजारत उप समाहर्ता जुबैर सक्सेना, उत्तराखंड ओलंपिक संघ की महासचिव आकांक्षा निगम, डीके सिंह और जिला खेल पदाधिकारी जानकी कार्की ने संयुक्त रूप से पुरस्कृत किया।

- **शानदार प्रदर्शन पर बेटियों को बधाई–** झारखंड के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर राजमहल लोकसभा क्षेत्र से सांसद विजय हांसदा, झारखंड साइकिलिंग संघ के अध्यक्ष डॉ. मधुकांत पाठक, महासचिव शैलेंद्र पाठक और कोषाध्यक्ष रणवीर सिंह समेत अन्य पदाधिकारियों ने बधाई देते हुए कहा कि राज्य की बेटियां लगातार राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर झारखंड का नाम रोशन कर रही हैं।
- **आयोजन में तकनीकी टीम का बड़ा योगदान!–** प्रतियोगिता के सफल संचालन में साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से तमिलनाडु की एम. गायत्री ने तकनीकी अध्यक्ष और दिल्ली के विजय नारायण सिंह ने रेस डायरेक्टर के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. उनके साथ कई तकनीकी अधिकारियों ने भी आयोजन को सुचारु रूप से संपन्न कराने में योगदान दिया।

## वर्ल्ड एथेलेटिक्स रायल्स 2026

# क्वालिफाई नहीं कर पाई भारतीय टीम, फिर भी बना नेशनल रिकॉर्ड

**गाबोरोन (एजेंसी)।** बोत्सवाना के गाबोरोन में आयोजित वर्ल्ड एथलेटिक्स रायल्स 2026 में भारतीय टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। भारत की पांचों टीमें 2027 वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई करने में असफल रहीं। हालांकि, इस खराब प्रदर्शन के बीच एक सकारात्मक पहलू भी सामने आया, जिसने भारतीय एथलेटिक्स को उम्मीद दी।




**मिक्स्ड 4×100 मीटर टीम ने बनाया नेशनल रिकॉर्ड–** भारत की मिक्स्ड 4×100 मीटर रिले टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया? रागुल कुमार, नथ्या गांधे, अनिमेश कुर्जर, स्नेहा सत्यनारायण शानू अली की टीम ने 41.35 सेकंड का समय निकाला। हालांकि टीम अपने हीट में छठे स्थान पर रही, लेकिन उसने 42.30 सेकंड के पुराने राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### बरौली ठाकुरबाड़ी के समग्र विकास की पहल, सौंदर्यीकरण कार्य जल्द होगा शुरू

**बारूण (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** बारुण प्रखंड के पिपरा पंचायत अंतर्गत ग्राम बरौली स्थित ठाकुरबाड़ी के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ठाकुरबाड़ी परिसर का शीघ्र ही सौंदर्यीकरण कराया जाएगा, जिससे यह धार्मिक स्थल और अधिक आकर्षक तथा सुव्यवस्थित बन सके। इस योजना के तहत परिसर की व्यापक साफ-सफाई और शुद्धिकरण के साथ श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही आधुनिक शौचालय निर्माण, बैठने की समुचित व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक बुनियादी ढांचे का भी विकास किया जाएगा। स्थानीय ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे न केवल धार्मिक आस्था को मजबूती मिलेगी, बल्कि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को भी बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी। प्रशासन एवं संबंधित विभागों का लक्ष्य है कि बरौली ठाकुरबाड़ी को एक स्वच्छ, सुंदर और सुविधायुक्त धार्मिक स्थल के रूप में विकसित किया जाए, ताकि यह क्षेत्र भविष्य में आस्था और आकर्षण का प्रमुख केंद्र बन सके।

### राजकीय मध्य विद्यालय हाता में जगह की कमी

**दाउदनगर (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** वर्ष 1885 में स्थापित नगर पालिका दाउदनगर के तहत शिक्षा के विस्तार के उद्देश्य से कई विद्यालयों की स्थापना की गई थी। इन्हीं में से एक है वार्ड संख्या दो स्थित राजकीय मध्य विद्यालय हाता, जो आज बढ़ती छात्र संख्या के कारण स्थानाभाव की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। विद्यालय महज चार डिसमिल जमीन पर बना दो मंजिला भवन है, जिसमें कुल छह कमरे हैं। इनमें से एक कमरा कार्यालय के रूप में उपयोग होता है, जबकि शेष पांच कमरों में कक्षा एक से आठ तक की पढ़ाई कराई जाती है। सीमित संसाधनों के कारण विद्यालय प्रशासन को मजबूरी में दो-दो कक्षाओं के विद्यार्थियों को एक ही कमरे में बैठाकर पढ़ाना पड़ रहा है। वर्तमान स्थिति यह है कि कक्षा एक और दो के विद्यार्थियों को एक साथ एक कमरे में, जबकि कक्षा तीन और चार के छात्रों को दूसरे कमरे में बैठाकर पढ़ाया जाता है। इससे न केवल शिक्षकों के सामने पढ़ाने की चुनौती बढ़ जाती है, बल्कि विद्यार्थियों के लिए भी विषयों को समझना कठिन हो जाता है।

# आकाशीय बिजली का कहर चार की हुई मौत, तीन घायल


आकाशीय बिजली से झुलसा बच्चा

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिले में सोमवार को आंधी-बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसे अलग-अलग स्थानों पर हुए, जिससे पूरे इलाके में दहशत और शोक का माहौल है। पहली घटना घटराइन भुईयां बिगहा गांव की है, जहां दो किशोर—रामप्यारे भुइयां के 11 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार और गणेश भुइयां के 10 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार—की मौत हो गई। दोनों दोपहर में खेत में आम चुनने गए थे। इसी दौरान अचानक आंधी-बारिश शुरू हो गई, जिससे बचने के लिए वे पेड़ के नीचे खड़े हो गए। तभी आकाशीय बिजली गिरने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी घटना जम्होर पासी मोहल्ले की है, जहां 8 वर्षीय बजरंगी की बिजली गिरने से जान चली गई। वह अपने घर के बाहर खेल रहा था, तभी आकाशीय बिजली की चपेट में आ गया। गंभीर रूप से झुलसे बच्चे को परिजन तुरंत सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि बजरंगी छह बहनों का इकलौता भाई था, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। तीसरी घटना गोह थाना क्षेत्र के उदयपुरा गांव में हुई, जहां राजू सिंह के 22 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार की बिजली गिरने से मौत हो गई। प्रिंस अपने दोस्तों के साथ हिहुरी बाजार से लौट रहा था, तभी यह हादसा हुआ। इस घटना में तीन अन्य युवक—आकाश कुमार (17), अक्षय कुमार और धीरज कुमार (18)—भी घायल हुए हैं, जिनका इलाज जारी है।

घटराइन गांव में घायल दोनों किशोरों को स्थानीय लोगों ने तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने सीपीआर, ईसीजी और अन्य जीवन रक्षक उपायों से उन्हें बचाने की भरपूर कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है।

## सड़क हादसे में 65 वर्षीय बुज़ुर्ग की मौत, सड़क जाम



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिले में सोमवार को आंधी-बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसे अलग-अलग स्थानों पर हुए, जिससे पूरे इलाके में दहशत और शोक का माहौल है। पहली घटना घटराइन भुईयां बिगहा गांव की है, जहां दो किशोर—रामप्यारे भुइयां के 11 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार और गणेश भुइयां के 10 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार—की मौत हो गई। दोनों दोपहर में खेत में आम चुनने गए थे। इसी दौरान अचानक आंधी-बारिश शुरू हो गई, जिससे बचने के लिए वे पेड़ के नीचे खड़े हो गए। तभी आकाशीय बिजली गिरने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी घटना जम्होर पासी मोहल्ले की है, जहां 8 वर्षीय बजरंगी की बिजली गिरने से जान चली गई। वह अपने घर के बाहर खेल रहा था, तभी आकाशीय बिजली की चपेट में आ गया। गंभीर रूप से झुलसे बच्चे को परिजन तुरंत सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि बजरंगी छह बहनों का इकलौता भाई था, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। तीसरी घटना गोह थाना क्षेत्र के उदयपुरा गांव में हुई, जहां राजू सिंह के 22 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार की बिजली गिरने से मौत हो गई।

# 1100 घनफुट बालू जब्त, अवैध भंडारण पर 1.47 लाख का जुर्माना



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिले के हामिदनगर इलाके में खनन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 1100 घनफुट अवैध बालू जब्त किया है। इस मामले में उपहारा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है, जिससे बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, जिले में अवैध बालू भंडारण के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर खनन विभाग और उपहारा थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमारी की। जांच के दौरान मौके पर भारी मात्रा में अवैध रूप से डंप किया गया बालू बरामद हुआ, जिसे तत्काल जब्त कर लिया गया।

खनन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह छापेमारी देर रात की गई, ताकि अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों को रंगे हाथ पकड़ा जा सके। जांच में सामने आया कि बालू माफिया नियमों को दरकिनार कर पुनपुन नदी से अवैध खनन कर रहे थे, जिससे सरकार को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा था। इस मामले में भोला यादव नामक व्यक्ति पर 1 लाख 47 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। साथ ही उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है।

यह पूरी कार्रवाई खनिज विकास पदाधिकारी हरेश कुमार के नेतृत्व में की गई, जिसमें खान निरीक्षक कुमार प्रत्यूष और उपहारा थानाध्यक्ष आकाश कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। खान निरीक्षक कुमार प्रत्यूष ने पुष्टि करते हुए बताया कि हामिदनगर में अवैध रूप से भंडारित 1100 घनफुट बालू को जब्त किया गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जिले में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

इस तरह की गतिविधियों में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। पुनपुन नदी क्षेत्र में अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए प्रशासन द्वारा विशेष कार्य योजना भी तैयार की गई है। खनन विभाग ने आम जनता से अपील की है कि यदि कहीं अवैध खनन या खनिजों के अवैध परिवहन की जानकारी मिले, तो तुरंत संबंधित विभाग या स्थानीय प्रशासन को सूचित करें। अधिकारियों का मानना है कि आमजन के सहयोग से ही इस प्रकार की अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है।

## बेकाबू कार ने बाइक को मारी टक्कर, तीन युवक घायल

**औरंगाबाद(नि.सं.)।** जिले में तेज रफ्तार का कहर एक बार फिर देखने को मिला, जहां रिसीयप थाना क्षेत्र के ढुमोहान-घेउरा गांव के पास एक बेकाबू कार ने बाइक सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी। इस हादसे में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, कुटुंबा प्रखंड के पिपरा निवासी गोपाल कुमार, रणधीर कुमार और संडा निवासी पप्पू राजवंशी एक ही बाइक पर सवार होकर तिलक समारोह से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ओवरटेक करने के दौरान असंतुलित हो गई और सीधे उनकी बाइक से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों युवक सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें आनन-फानन में औरंगाबाद सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## औरंगाबाद में बदला मौसम का मिजाज, तेज हवा के साथ बारिश, सड़कों पर जलजमाव

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिले में सोमवार दोपहर अचानक मौसम ने करवट ली और देखते ही देखते आसमान में काले बादल छा गए। इसके कुछ ही देर बाद तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई, जो करीब 20 मिनट तक जारी रही। बारिश के कारण शहर की मुख्य सड़कों पर जलजमाव की स्थिति बन गई। सदर अस्पताल परिसर में भी पानी भर गया, जिससे मरीजों और उनके परिजनों के साथ-साथ राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।



हालांकि, इस बारिश से भीषण गर्मी से लोगों को कुछ राहत जरूर मिली, लेकिन दूसरी ओर सब्जी की खेती करने वाले किसानों को आंशिक नुकसान उठाना पड़ा है। पिछले कुछ दिनों से औरंगाबाद जिले का अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था, जिससे लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा था। गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन ने स्कूलों के खुलने और बंद होने के समय में भी बदलाव किया था।

मौसम विभाग ने पहले ही 25 अप्रैल से मौसम में बदलाव के संकेत दिए थे। मौसम वैज्ञानिक डॉ. अनूप चौबे ने 5 मई तक गर्मी से राहत मिलने का पूर्वानुमान जताया था, जो अब सही साबित होता दिख रहा है। मौसम विभाग की ओर से औरंगाबाद सहित बिहार के कई जिलों में आंधी, बारिश और वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। विशेषज्ञों के अनुसार, प्री-मानसून गतिविधियों के सक्रिय होने के कारण मौसम में यह बदलाव आया है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के ऊपर बने चक्रवातीय परिसंचरण, बिहार से गुजर रही ट्रफ लाइन तथा अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से आ रही नम हवाओं के प्रभाव से आंधी और बारिश की स्थिति बनी हुई है। फिलहाल 5 मई तक हीट वेव का कोई खतरा नहीं बताया गया है।

## उत्तर कोयल नहर जलाशय परियोजना की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

सोमवार को मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तर कोयल नहर जलाशय परियोजना के निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में औरंगाबाद की जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा सहित सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी शामिल हुए। यह महत्वाकांक्षी सिंचाई परियोजना झारखंड से प्रारंभ होकर औरंगाबाद जिले के नवीनगर, कुटुंबा, देव, औरंगाबाद एवं मदनपुर प्रखंडों से गुजरते हुए गया जिले तक पहुंचती है। कुल 77.69 किलोमीटर लंबी इस परियोजना का बड़ा हिस्सा औरंगाबाद में स्थित है, जो क्षेत्र के कृषि विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



बैठक में परियोजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए बताया गया कि अब तक कुल 58.25 प्रतिशत भौतिक प्रगति दर्ज की गई है, जबकि पिछले सात दिनों में 1.16 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। विभिन्न पैकेजों में पैकेज-04 में सर्वाधिक 87.60 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है, वहीं पैकेज-07 अभी प्रारंभिक अवस्था में है। भूमि अधिग्रहण की स्थिति पर जानकारी दी गई कि औरंगाबाद जिले में आवश्यक 41.251 हेक्टेयर भूमि में से 38.4132 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की जा चुकी है। शेष भूमि के अधिग्रहण एवं निबंधन की प्रक्रिया तेजी से जारी है, जिसे 25 मई 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक में यह भी बताया गया कि परियोजना की वितरण प्रणाली के लिए निविदा प्रक्रिया प्रगति पर है तथा भूमि अर्जन हेतु 30 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रस्तावित है। बिहार लैंड लीज पॉलिसी के तहत अधिकांश रैयतों का निबंधन पूरा हो चुका है। वर्षा और सामग्री आपूर्ति में आ रही बाधाओं के बावजूद निर्माण कार्य लगातार जारी है। मुख्य सचिव ने सभी संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिया कि निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित किया जाए। साथ ही संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए आपसी समन्वय के साथ परियोजना को शीघ्र पूरा करने पर बल दिया।

### अंकुश यादव ने बॉक्सिंग में जीता रजत पदक, क्षेत्र का नाम किया रोशन

**दाउदनगर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** अंछा पंचायत के ठाकुर बिगहा गांव निवासी एवं किड्स एडू के पूर्व विद्यार्थी अंकुश यादव ने राजस्थान में आयोजित बालक वर्ग बॉक्सिंग प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर क्षेत्र, विद्यालय और अपने परिवार का नाम रोशन किया है। अंकुश यादव, अनिल यादव के पुत्र हैं, जो वर्तमान में राजस्थान के जोधपुर में कार्यरत हैं। पिता के स्थानांतरण के कारण अंकुश को भी उनके साथ जाना पड़ा, लेकिन नई जगह पर भी उन्होंने अपनी मेहनत, अनुशासन और लगन के बल पर सफलता हासिल की। उल्लेखनीय है कि अंकुश ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा किड्स एडू विद्यालय में प्री-नर्सरी से लेकर कक्षा एक तक प्राप्त की। विद्यालय के साथ उनका जुड़ाव आज भी बना हुआ है, जो उनके अपने मूल स्थान और शिक्षण संस्थान के प्रति सम्मान और आत्मीयता को दर्शाता है। अंकुश की इस उपलब्धि से गांव में खुशी का माहौल है।



## खाते समय वृद्धा को सांप ने डंसा, गंभीर हालत में गया रेफर

निज संवाददाता | कुटुंबा (औरंगाबाद)

जिले के कुटुंबा थाना क्षेत्र अंतर्गत बदरपुर टोला, रचनापुर गांव में सोमवार की अहले सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां खाना खाते समय एक 75 वर्षीय वृद्धा को विषैले सांप ने डंस लिया। घटना के बाद उनकी हालत गंभीर हो गई, जिसके बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल, गया रेफर किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजेंद्र भूइंया की पत्नी बुधनी देवी अपने घर में सामान्य रूप से भोजन कर रही थीं। इसी दौरान अचानक एक विषैला सांप वहां पहुंच गया और उन्हें डंस लिया। सर्पदंश के बाद उन्हें तेज दर्द और बेचैनी महसूस होने लगी। बताया जाता है कि साहस दिखाते हुए उन्होंने सांप को पकड़कर मार भी डाला और फिर परिजनों को घटना की जानकारी दी। घटना के बाद परिजनों ने तत्काल उन्हें कुटुंबा रेफरल अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें सदर अस्पताल औरंगाबाद रेफर कर दिया। हालांकि, वहां भी हालत में अपेक्षित सुधार नहीं होने पर डॉक्टरों ने उन्हें मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल, गया भेज दिया। वर्तमान में बुधनी देवी का इलाज गया के मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार, सर्पदंश के कारण उनके शरीर में जहर फैल गया था, जिससे उनकी स्थिति नाजुक हो गई थी। हालांकि, परिजनों के अनुसार अब उनकी हालत में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। इस घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है और ग्रामीणों ने बरसात के मौसम में सांपों की बढ़ती सक्रियता को लेकर सतर्क रहने की अपील की है।



## स्वास्थ्य केंद्र में दिव्यांगजन सशक्तिकरण शिविर आयोजित 14 लोगों को प्रमाण पत्र व 11 को विशिष्ट कार्ड जारी



निज संवाददाता | बारूण (औरंगाबाद)

दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने तथा उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बारुण में विशेष जांच एवं पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन के निर्देश पर आयोजित इस शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में बच्चों की दिव्यांगता की जांच कर मौके पर ही प्रमाण पत्र एवं डिजिटल कार्ड जारी किए गए। शिविर में जिला स्तर से आए विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने बच्चों की सघन जांच की। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सोनम प्रभा ने दृष्टि बाधित बच्चों की आंखों की जांच कर दिव्यांगता का प्रतिशत निर्धारित किया। ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. सुमित ने श्रवण संबंधित समस्याओं वाले बच्चों की जांच की, जबकि हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुपम कुमार ने अस्थि दिव्यांग बच्चों का परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सीय परामर्श दिया।

समावेशी शिक्षा के बीआरपी लाल बहादुर के अनुसार शिविर में कुल 53 बच्चों का पंजीकरण किया गया। इनमें से 14 बच्चों को मौके पर ही दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किए गए, जिनमें 8 अस्थि दिव्यांग, 4 दृष्टि बाधित और 2 श्रवण निःशक्त बच्चे शामिल हैं। इसके अलावा 11 बच्चों का विशिष्ट दिव्यांग प्रमाण पत्र (यूनिक आईडी कार्ड) भी बनाया गया।

शिविर में सहायक उपकरणों के लिए भी लाभार्थियों का चयन किया गया तथा बच्चों की सुविधा के लिए आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु पंजीकरण किया गया। पंजीकरण कार्य में संसाधन शिक्षक श्याम बाबू एवं राजीव कुमार की अहम भूमिका रही, जबकि जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग से सुमित कुमार और जमील अंसारी ने विभागीय समन्वय किया। इस अवसर पर चिकित्सा प्रभारी डॉ. एस.के. सिन्हा, बुनियादी केंद्र बारुण के ऑपरेटर चितरंजन, प्रबंधक मनीष कुमार, सूर्य देव सिंह सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। यह शिविर दिव्यांग बच्चों के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ, जिससे उन्हें शिक्षा और सरकारी योजनाओं से जोड़ने में सहायता मिलेगी।

## पश्चिम बंगाल में जीत पर देव में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न, तीन राज्यों में सरकार बनने का दावा



निज संवाददाता | देव (औरंगाबाद)

पश्चिम बंगाल, असम एवं पांडिचेरी में भारतीय जनता पार्टी की जीत और सरकार बनने के दावे को लेकर सोमवार को देव प्रखंड में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ जश्न मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया और पटाखे फोड़े। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा के प्रदेश मंत्री मुकेश शर्मा, पूर्व जिला मंत्री, जिला प्रवक्ता, पूर्व जिला कोषाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बिनोद कुमार शर्मा, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुभाष कुमार, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला महामंत्री धीरेन्द्र कुमार रंजन तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष सह नगर अध्यक्ष पिंटू साहिल ने किया।

इस अवसर पर नेताओं ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और विकास कार्यों पर जनता की मुहर है। उन्होंने कहा कि "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" की नीति का ही यह परिणाम है कि तीनों राज्यों में भाजपा को व्यापक समर्थन मिला है। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की जनता पूर्व की सरकार की नीतियों से असंतुष्ट थी और अब भाजपा पर विश्वास जताते हुए परिवर्तन का समर्थन किया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन राज्यों में अब विकास, शांति और बेहतर शासन का नया दौर शुरू होगा। इस दौरान वार्ड पार्षद प्रतिनिधि मनोज कुमार, पंचायत अध्यक्ष विक्की कुमार चंद्रवंशी, दीपक कुमार सिंह, अनूप कुमार गुप्ता, मंडल महामंत्री मुकेश कुमार सिंह, मंडल मंत्री सचिन कुमार सिंह, बूथ अध्यक्ष सूजीत कुमार सिंह, डॉ. संतोष भारती, डॉ. मनोज कुमार मिश्रा, पूर्व युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नंदकिशोर मेहता, युवा मोर्चा अध्यक्ष हिमांशु कुमार, रूपेश कुमार, राजदेव सिंह, पिंटू कुमार चंद्रवंशी, नंद सिंह, गुड्डू कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मौजूद नेताओं ने इसे पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के विश्वास का परिणाम बताते हुए आने वाले समय में और बेहतर कार्य करने का संकल्प भी लिया।

## बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान को सुदृढ़ करने हेतु प्रशिक्षण आयोजित

निज संवाददाता | बारूण (औरंगाबाद)

बारुण प्रखंड स्थित केशव उच्च विद्यालय परिसर में प्रखंड संसाधन केंद्र के तत्वावधान में एकदिवसीय बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विकास कुमार ने किया, जिसमें प्रखंड के सभी संकुल समन्वयक एवं संकुल संरक्षकों ने भाग लिया।

इस प्रशिक्षण का उद्देश्य कक्षा 4, 5 एवं 6 के बच्चों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान को मजबूत करना था। राज्य स्तर पर संचालित अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को गति देने के लिए प्रथम स्वयंसेवी संस्था के सहयोग से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान संस्था की डायरेक्टर डॉली कुमारी एवं प्रशिक्षिका शोभा तिवारी ने बताया कि अक्सर कक्षा 4 से 6 तक के बच्चे भाषा ज्ञान और बुनियादी साक्षरता के स्तर पर अपेक्षित दक्षता हासिल नहीं कर पाते। यदि समय रहते उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन दिया जाए, तो वे शैक्षणिक रूप से बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।n उन्होंने जोर देकर कहा कि वर्तमान शैक्षणिक परिदृश्य में बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। इन दोनों पहलुओं पर समयबद्ध और प्रभावी कार्यान्वयन से बच्चों की सीखने की क्षमता में उल्लेखनीय सुधार संभव है।



## जनता दरबार की समीक्षा बैठक सम्पन्न, त्वरित समाधान पर जोर

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में सोमवार को जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में जनता दरबार से संबंधित आवेदनों एवं उनके निष्पादन की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों से जुड़े लंबित मामलों, निष्पादित परिवादों की गुणवत्ता, समयबद्धता तथा निस्तारण प्रक्रिया में आ रही चुनौतियों पर गहन चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि प्रत्येक शिकायत का विधिवत पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए और प्राथमिकता के आधार पर उसका शीघ्र निष्पादन किया जाए। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि आमजन की शिकायतों का समाधान पारदर्शी, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाना चाहिए, ताकि लोगों को अनावश्यक विलंब का सामना न करना पड़े। उन्होंने लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण पर विशेष जोर देते हुए सभी विभागों को सक्रिय और जवाबदेह रहने के निर्देश दिए।



उन्होंने यह भी बताया कि "सबका सम्मान – जीवन आसान" पहल के तहत प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को विभिन्न प्रशासनिक स्तरों पर जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है, जहां आम नागरिकों की समस्याओं का मौके पर समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। बैठक में जिला एवं प्रखंड स्तर के सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे और जनसमस्याओं के प्रभावी एवं समयबद्ध समाधान के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।